सच, सिर्फ सच **

# वॉयस ऑफ लखनऊ

रविवार, 01, दिसम्बर, 2024 लखनऊ, महानगर, वर्ष 19, अंक 325, पेज 16, 3.50 रुपये

www.facebook.com/volepaper voiceoflucknow@gmail.com www.voiceoflucknow.com

## अरुणाचल सरकार अर्थव्यवस्था को देगी बढ़ावा

अरुणाचल सरकार ने मिशन अरुण हिमवीर का शुभारंभ किया। प्रदेश में कृषि और बागवानी उत्पादों के लिए बाजार व्यवस्था को बढ़ावा देने के मकसद से यह योजना शुरू की गयी है। } 14

## राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें युवा : बिरला

लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे देश के सभ्य नागरिक के रूप में विकसित भारत बनाने का संकल्प लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। } 16



संक्षेप

### केजरीवाल से पदयात्रा के दौरान बदसलूकी

नयी दिल्ली। दक्षिणी दिल्ली के मालवीय नगर में शनिवार को एक व्यक्ति ने आम आदमी पार्टी (आप) प्रमुख अरविंद केजरीवाल की पदयात्रा के दौरान उन पर कोई तरल पदार्थ फेंका, जिसके बाद उसे हिरासत में लिया गया। पुलिस ने यह जानकारी दी। इस घटनाक्रम पर प्रतिक्रिया व्यक्त करते हुए आप ने कहा, यदि एक पूर्व मुख्यमंत्री राष्ट्रीय राजधानी में सुरक्षित नहीं है, तो आम आदमी कहां जाएगा? केजरीवाल एक घेरे के पीछे खड़े होकर लोगों का अभिवादन कर रहे थे, तभी एक व्यक्ति उनके पास आया और उन पर तरल पदार्थ फेंक दिया, जिसके बाद सुरक्षाकर्मियों ने तुरंत आरोपी को काबू में कर लिया। बाद में केजरीवाल और उनके साथ मौजूद सुरक्षाकर्मियों को अपना चेहरा पोंछते देखा गया। एक अधिकारी ने बताया कि आरोपी व्यक्ति उसी इलाके का रहने वाला है और उसे पुलिस थाने ले जाया गया है। आप ने इस घटना को लेकर भाजपा नीत केंद्र सरकार पर निशाना साधा। पार्टी ने कहा ...शेष पृष्ठ 14 पर

### पाकिस्तान : सेना ने 17 आतंकियों को किया ढेर

पेशावर। पाकिस्तानी सुरक्षा बलों ने शुक्रवार को खैबर पख्तूनख्वा प्रांत में दो अलग-अलग अभियानों में आतंकवादियों के ठिकानों पर हेलीकॉप्टर से हमला करके 17 आतंकियों को मार गिराया। सेना के सूत्रों के अनुसार गुप्त सूचना के आधार पर बन्नू और उत्तरी वजीरिस्तान जिलों में इन अभियानों को अंजाम दिया गया। बन्नू जिले के बाका खेल इलाके में सुरक्षा बलों ने हाफिज गुलबहादुर समूह से जुड़े आतंकवादियों के ठिकाने पर हेलीकॉप्टर से हमला करके 12 आतंकियों को मार गिराया। दूसरा अभियान उत्तरी वजीरिस्तान के मीर अली के हासो खेल इलाके में अंजाम दिया गया, जहां पांच आतंकवादी मारे गए।

### वाराणसी रेलवे स्टेशन पर आग में जले 150 वाहन

वाराणसी (उप्र)। वाराणसी के कैंट रेलवे स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक के पास पार्किंग में शुक्रवार देर रात आग लगने से 150 से अधिक दोपहिया वाहन जल कर खाक हो गए। एक अधिकारी ने यह जानकारी दी। अधिकारी ने बताया कि घटना की सूचना मिलते ही रेलवे सुरक्षा बल (आरपीएफ) और राजकीय रेलवे पुलिस (जीआरपी) के साथ-साथ दमकल विभाग की टीम मौके पर पहुंच गई और आग पर काबू पाया। उन्होंने बताया कि यह पार्किंग रेलवे कर्मचारियों के लिए है। अतिरिक्त मंडल रेल प्रबंधक (एडीआरएम) लालजी चौधरी ने बताया कि रेलवे के कर्मचारियों के लिए कैंट स्टेशन के प्लेटफॉर्म नंबर एक के पास दोपहिया वाहन स्टैंड बनाया गया है जिसमें देर रात आग लगने से

# यूपी में 1.39 लाख करोड़ से बनेंगे नये हाईवे

## मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने केन्द्रीय मंत्री नितिन गडकरी संग की समीक्षा बैठक

विशेष संवाददाता



लखनऊ। उत्तर प्रदेश में 1.39 लाख करोड़ रुपये की लागत से नए हाईवे बनेंगे। इसके लिए शीघ्र ही विस्तृत प्रोजेक्ट रिपोर्ट तैयार होगी। साथ ही महाकुंभ से संबंधित राष्ट्रीय राजमार्ग, बाईपास, इनर रिंग रोड और पुल निर्माण के काम भी 25 दिसंबर तक पूरे करने होंगे।

ये निर्देश सीएम योगी आदित्यनाथ और केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री नितिन गडकरी की उच्चस्तरीय समीक्षा बैठक में दिए गए। सीएम के सरकारी आवास पर शनिवार को हुई इस बैठक में प्रयागराज महाकुंभ-2025 से संबंधित राष्ट्रीय राजमार्गों के कार्यों और सड़क परियोजनाओं की स्थिति की समीक्षा की गई। समीक्षा बैठक में उत्तर प्रदेश में नई सड़क परियोजनाओं पर चर्चा हुई। बरेली में एनएच 530बी के सुदृढ़ीकरण, प्रतापगढ़ जिले में एक बाईपास, प्रयागराज-दोहरीघाट मार्ग को दो लेन से चारलेन करने, बाराबंकी-जरवल-बहराइच मार्ग (एनएच 927) के निर्माणए कबरई-कानपुर कॉरिडोर के निर्माण के संबंध में डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया समय से पूरी करने के निर्देश दिए गए। वहीं, अधिकारियों ने बताया कि शामली-गोरखपुर कॉरिडोर और अलीगढ़-मुरादाबाद-बिजनौर कॉरिडोर की बिड आ गई है, जबकि अयोध्या (उतरौला)-प्रयागराज के बीच बेहतरीन कनेक्टिविटी के लिए बिड आमंत्रित की गई है। प्रयागराज-वाराणसी-आरा-पटना कॉरीडोर के लिए भी बिड आमंत्रित की गई है। गोरखपुर-जमनिया-सैयदराजा कॉरीडोर और गोरखपुर-किशनगढ़-सिलीगुड़ी कॉरीडोर के लिए डीपीआर तैयार करने की प्रक्रिया चल रही है। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने महाकुंभ से संबंधित काम युद्धस्तर पर पूरे करने के निर्देश दिए। इन निर्माण कार्यों में 63.17 किमी रायबरेली से प्रयागराज राष्ट्रीय राजमार्ग के चौड़ीकरण का कार्य, चार स्थानों पर फोरलेन बाईपास के निर्माण, 7.6 किलोमीटर प्रयागराज इनर रिंग रोड (प्रथम चरण, पैकेज-थर्ड), 10.98 किमी दो लेन प्रतापगढ़ बाईपास, 5.10 किमी फोरलेन जसरा बाईपास और 24.2 किलोमीटर प्रयागराज फाफामऊ में गंगा पर बने सेतु के समानांतर नए 6-लेन सेतु और पहुंच मार्ग के निर्माण कार्य प्रमुख हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्ग-30 (रायबरेली से प्रयागराज खंड) में चार स्थानों जगतपुर, बाबूगंज, ऊंचाहार व आलापुर पर निमार्णाधीन बाईपास में से दो पूर्ण हो चुके हैं, शेष दो को भी समय से पूरा करा लिया जाए। राष्ट्रीय राजमार्गों में हर ...शेष पृष्ठ 14 पर

### गुंडाराज पर प्रहार से आ रहा खूब निवेश : योगी

जिला संवाददाता

गोरखपुर। मुख्यमंत्री योगी आदित्यनाथ ने कहा कि उत्तर प्रदेश में माफिया, गुंडाराज और भ्रष्टाचार पर किए गए प्रहार का ही परिणाम है कि आज यहां खूब निवेश तो आ ही रहा है, युवाओं के लिए रोजगार भी लगातार बढ़ रहा है। आज उत्तर प्रदेश सुरक्षा का बेहतरीन माहौल देकर निवेश प्राप्त करने वाला देश का अग्रणी राज्य है। यूपी में निवेशकों और उनकी पूंजी की सुरक्षा की गारंटी है। उत्तर प्रदेश निवेश का बेहतरीन डेस्टिनेशन बन चुका है। सीएम योगी शनिवार को गोरखपुर औद्योगिक विकास प्राधिकरण (गीडा) के 35वें स्थापना दिवस समारोह को संबोधित कर रहे थे। भव्य और विविधतापूर्ण समारोह में मुख्यमंत्री ने गीडा के विभिन्न सेक्टरों ...शेष पृष्ठ 14 पर

### महाराष्ट्र में पांच को बनेगी नयी सरकार

मुंबई। भारतीय जनता पार्टी (भाजपा) के एक वरिष्ठ नेता ने शनिवार को कहा कि महाराष्ट्र में महायुति गठबंधन की नयी सरकार पांच दिसंबर को बनेगी और देवेंद्र फडणवीस अगले मुख्यमंत्री बनने के उम्मीदवारों की दौड़ में सबसे आगे हैं।

महाराष्ट्र में 20 नवंबर को हुए विधानसभा चुनाव में भाजपा, एकनाथ शिंदे की शिवसेना और अजित पवार की राष्ट्रवादी कांग्रेस पार्टी (राकांपा) के गठबंधन महायुति ने 288 में से 230 सीट जीतकर सत्ता बरकरार रखी। भाजपा 132 सीट जीतकर सबसे बड़ी पार्टी बनकर उभरी, जबकि शिवसेना ने 57 और राकांपा ने 41 सीट जीतीं। हालांकि, 23 नवंबर को चुनाव नतीजों की घोषणा के बाद भी इस बात पर कोई फैसला नहीं हुआ है कि मुख्यमंत्री कौन होगा। शिंदे, फडणवीस और पवार ने महाराष्ट्र में अगली सरकार बनाने को लेकर समझौते पर बातचीत करने के लिए बृहस्पतिवार देर रात भाजपा अध्यक्ष जे. पी. नड्डा और केंद्रीय मंत्री अमित शाह से मुलाकात की थी। कार्यवाहक मुख्यमंत्री एकनाथ शिंदे के सतारा जिले में अपने पैतृक गांव ...शेष पृष्ठ 14 पर

## संभल : 10 तक बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक

### भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा लागू

जिला संवाददाता



संभल (उप्र)। जिले में 24 नवंबर को हुई हिंसा के बाद यहां शांति व्यवस्था बनाए रखने के लिए प्रशासन ने 10 दिसंबर तक बाहरी व्यक्तियों के प्रवेश पर रोक लगा दी है। जिला प्रशासन ने भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता की धारा 163 के तहत निषेधाज्ञा की अवधि भी एक दिसंबर से बढ़ाकर 31 दिसंबर कर दी है।

एक बयान में जिलाधिकारी राजेंद्र पेसीया ने कहा, कोई भी बाहरी व्यक्ति, अन्य सामाजिक संगठन या जनप्रतिनिधि जनपद की सीमा में बिना सक्षम अधिकारी की अनुमति के 10 दिसंबर तक प्रवेश नहीं करेगा। जिलाधिकारी ने यह भी कहा, कोई भी व्यक्ति यदि सोशल मीडिया पर किसी समूह में अफवाह फैलाने का प्रयास करता है तो ग्रुप एडमिन उक्त पोस्ट हटाकर तत्काल इसकी सूचना पुलिस को देगा। जिले में साइबर कैफे एक रजिस्टर रखेंगे जिसमें प्रत्येक ग्राहक के नाम लिखे जाएंगे। संभल में कोई भी सार्वजनिक स्थल पर पुतला नहीं फूंकेगा। यह कदम इस लिहाज से महत्वपूर्ण है क्योंकि समाजवादी पार्टी (सपा) का एक प्रतिनिधिमंडल हिंसा के बारे में जानकारी एकत्र करने के लिए शनिवार को संभल का दौरा करने वाला था। मुजफ्फरनगर से सपा सांसद हरेन्द्र मलिक को ...शेष पृष्ठ 14 पर

### श्रावस्ती : कार-ऑटो की टक्कर में पांच की मौत

श्रावस्ती (उप्र)। जिले के इकौना थाना क्षेत्र में बौद्ध परिपथ पर शनिवार दोपहर तेज रफ्तार कार ने सवारियों से भरे ऑटो रिक्शा को पीछे से टक्कर मार दी जिससे ऑटो चालक सहित पांच लोगों की मृत्यु हो गई, जबकि छह लोग घायल हो गये।

पुलिस अधीक्षक (एसपी) ने बताया कि शनिवार दोपहर बहराइच-श्रावस्ती मार्ग पर बौद्ध परिपथ पर बहराइच की ओर से इकौना की तरफ जा रहे ऑटो को तेज रफ्तार कार ने पीछे से टक्कर मार दी। उन्होंने बताया कि टक्कर इतनी जोरदार थी कि ऑटो उछलकर सड़क किनारे खाई में जा गिरा और कार भी संतुलन खोकर उसी खाई में जा गिरी। उनके मुताबिक, ऑटो में चालक सहित नौ लोग सवार थे, जबकि कार में दो लोग सवार थे और वे भी जख्मी हो गए। चौरसिया ने बताया कि ऑटो सवार ...शेष पृष्ठ 14 पर

## मरीजों का जीवन बचाने में ईमानदारी दिखायें डॉक्टर

### मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने 'उत्तराकॉन' को किया सम्बोधित

प्रमुख संवाददाता



हल्द्वानी (उत्तराखंड)। डाक्टर्स को भगवान का दूसरा रूप कहा जाता है। भगवान ने डाक्टर्स को सुनहरा अवसर दिया है कि वह किसी की जिंदगी बचा सकते हैं। परिणाम हमारे हाथों में नहीं होता है। प्रयास हमारे हाथों में होता है, अतः डाक्टर्स को पूरी ईमानदारी से प्रयास कर सम्बन्धित का स्वास्थ्य सुधार सकते हैं। ऐसे अवसरों का डाक्टर्स सही उपयोग करें तो उन्हें जीवन में निश्चित ही सफलता मिलेगी।

उक्त विचार मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने हल्द्वानी में इन्डियन मेडिकल ऐसोसिएशन द्वारा आयोजित उत्तराकान-2024 को सम्बोधित करते हुए व्यक्त किए। उत्तराकॉन- 2024 में चिकित्सा के क्षेत्र में विशेषज्ञ विभिन्न सत्रों में आधुनिक चुनौतियों का सामना करने के लिए मंथन करेंगे। वैसे तो डॉक्टर्स को मेडिकल की पढ़ाई के समय ही सर्जरी कर मजबूत बनाया जाता है लेकिन व्यक्ति का स्थितिप्रज्ञ होना जरूरी है। व्यक्ति में तपत्व होना जरूरी है तभी चुनौतियों का सामना आसानी से कर सकता है। इस सम्मेलन से चिकित्सा क्षेत्र में नए-नए अनुसंधान देवभूमि को प्राप्त होंगे। मुख्यमंत्री धामी ने कहा कि स्वामी विवेकानंद का उदाहरण देते हुए कहा कि किस तरह नरेंद्र से विवेकानंद बने। महज 39 वर्ष की आयु में उन्होंने देह त्याग दिया था लेकिन वह प्रेरणा दे गए कि इंसान अनंत तक जा सकता है। जिस दिशा में जितना जाना चाहता है जा सकता है, बस प्रयास की जरूरत है।

उन्होंने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के नेतृत्व में आयुष्मान योजना, प्रत्येक जिले में मेडिकल कॉलेज, एम्स के नए केंद्रों की स्थापना समेत कई अभूतपूर्व काम हो रहे हैं। कोविड-19 में स्वदेशी वैक्सीन बनाकर 100 देशों को आपूर्ति कर दुनिया का भारत के प्रति विश्वास मजबूत किया ...शेष पृष्ठ 14 पर

## जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने संघर्ष समाधान में मध्यस्थता की परिवर्तनकारी शक्ति पर दिया जोर

### बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं प्रेसिडेंट विराज सागर दास ने जजों को पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर किया सम्मानित







बीबीडी की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता राजस्थान हाईकोर्ट के जज अशोक कुमार जैन को पुष्प गुच्छ देकर सम्मानित करतीं व इलाहाबाद हाईकोर्ट के जज सुभाष विद्यार्थी को स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित करते बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास

फोटो : समीर भटनागर

विशेष संवाददाता

लखनऊ। बीबीडी यूनिवर्सिटी के स्कूल ऑफ लीगल स्टडीज के तत्वावधान में लुमिनरी कॉन्क्लेव-2024 द फ्यूचर ऑफ ओसीआर ऑनलाइन कॉन्फ्लिक्ट रिजॉल्यूशन एंड मीडिएशन का आयोजन शनिवार को डॉ. अखिलेश दास गुप्ता ऑडिटोरियम में हुआ। इस कार्यक्रम के बतौर मुख्य अतिथि जस्टिस सुभाष विद्यार्थी, जज इलाहाबाद हाईकोर्ट लखनऊ, गेस्ट ऑफ ऑनर जस्टिस अशोक कुमार जैन, जज, राजस्थान हाईकोर्ट राजस्थान ने दीप प्रज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया। इस अवसर पर बीबीडी एजुकेशनल ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, बीबीडी ग्रुप के प्रेसिडेंट विराज सागर दास एवं वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास, विशिष्ट अतिथि अरुणेश्वर गुप्ता, सीनियर एडवोकेट सुप्रीम कोर्ट, निर्मल सेठ, सीनियर एडवोकेट, हाईकोर्ट लखनऊ, संथान कृष्णन लाइफ प्रेसिडेंट, कॉमनवेल्थ लायर एसोसिएशन, प्रह्लाद शर्मा, प्रेसिडेंट राजस्थान हाईकोर्ट बार एसोसिएशन जयपुर अखिलेश ...शेष पृष्ठ 14 पर

विशेष खबर

सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप-2024, मिश्रित युगल में पांचवीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो फाइनल में

# पीवी सिंधु व लक्ष्य सेन फाइनल में, एकल में कायम रखी भारतीय चुनौती

विशेष संवाददाता

लखनऊ। पीवी सिंधु और लक्ष्य सेन ने सैयद मोदी इंडिया इंटरनेशनल एचएसबीसी वर्ल्ड टूर सुपर 300 बैडमिंटन चैंपियनशिप 2024 के एकल में भारतीय चुनौती कायम रखते हुए फाइनल में स्थान सुरक्षित किया।

भारतीय बैडमिंटन एसोसिएशन (बीएआई) के तत्वावधान में उत्तर प्रदेश बैडमिंटन एसोसिएशन द्वारा आयोजित 2,10,000 अमेरिकी डालर की इनामी राशि वाली चैंपियनशिप में मिश्रित युगल में पांचवीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो, पुरुष युगल में भारत के साई प्रतीक व पृथ्वी कृष्णामूर्ति, महिला युगल में दूसरी वरीय भारत की त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पुलेला भी फाइनल में पहुंच गए। महिला एकल सेमीफाइनल में पीवी सिंधु ने हमवतन उन्नति हुड्डा को 36 मिनट चले मैच में 21-12, 21-9 से हराया। पीवी सिंधु ने पहले गेम में लगातार बढ़त बनाए रखी और 20-11 के स्कोर पर गेम प्वाइंट बनाया। हालांकि इसके बाद अगली ही सर्विस पर आफिशियल रिव्यू के चलते उन्नति ने गेम प्वाइंट बचा लिया। फिर भी सिंधु ने आसानी से अंक जुटा लिया। दूसरे गेम में विश्व रैंकिंग में 18वीं वरीय पीवी सिंधु को विश्व में 70वीं वरीय उन्नति हुड्डा ने चुनौती देने की कोशिश की लेकिन पीवी सिंधु ने अपनी लंबाई व अनुभव का पूरा इस्तेमाल किया। उन्होंने 6-1 की बढ़त बना ली थी लेकिन उन्नति ने फिर दो अंक हासिल किए। हालांकि सिंधु ने दमदार स्मैश और कोर्ट कवरेज की बदौलत ये गेम अपने नाम कर लिया। विश्व चैंपियन व ओलंपिक रजत व कांस्य पदक विजेता पीवी सिंधु इससे पहले 2017 और 2022 में में मोदी बैडमिंटन में विजेता रही है और लखनऊ में अपने तीसरे खिताब से एक जीत दूर हैं। दूसरी ओर उन्नति 2022 में ओडिशा ओपन के साथ 2023 में अबु धाबी मास्टर्स फाइनल की विजेता इंडिया इंटरनेशनल चैलेंज की विजेता रही है। पीवी सिंधु की अब फाइनल में चीन की वू लुओ यू से टक्कर होगी जिसने थाईलैंड की ललिनरात चाइवान को 21-19, 21-12 से हराया। मैच के बाद सिंधु ने उन्नति के बारे में कहा कि वो काफी प्रतिभाशाली है और उससे आने वाले समय में और अच्छे प्रदर्शन की उम्मीद है। मैच दर मैच अपने गेम में सुधार के साथ मेरा आत्मविश्वास बढ़ा है। अब मेरा फोकस कल सर्वश्रेष्ठ प्रदर्शन ...शेष पृष्ठ 14 पर



शॉट लगातीं पीवी सिन्धु



मैच देखतीं बीबीडी ग्रुप की चेयरपर्सन श्रीमती अलका दास गुप्ता, उप्र बैडमिंटन एसोसिएशन के चेयरमैन विराज सागर दास व वाइस प्रेसिडेंट देवांशी दास



फोटो : अमित वर्मा

शॉट लगाते लक्ष्य सेन

# महाकुंभ-2025 के दौरान प्रयागराज में होगा हेरिटेज वॉक

## हेरिटेज वॉक पर्यटकों को प्रयागराज की गहरी सांस्कृतिक-आध्यात्मिक जड़ों से जोड़ने का काम करेगा : जयवीर सिंह

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम ने गंगा जमुनी फाउंडेशन के साथ कल एक समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया गया। यह फाउंडेशन ऐतिहासिक धरोहरों पर आधारित वॉक आयोजित करने के लिए प्रसिद्ध है। इस समझौते के

- **यूपीएसटीडीसी ने गंगा जमुनी फाउंडेशन के साथ समझौता ज्ञापन पर हस्ताक्षर किया**

तहतए प्रयागराज में आयोजित होने वाले महाकुंभ-2025 के दौरान हेरिटेज वॉक का आयोजन किया जाएगा। इस पहल का उद्देश्य करोड़ों आगंतुकों के सांस्कृतिक और आध्यात्मिक अनुभव को समृद्ध करना है। साथ ही, प्रयागराज की समृद्ध ऐतिहासिक और सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करना है। यह जानकारी उत्तर प्रदेश के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने दी।

उन्होंने बताया, कि एमओयू की शर्तों के तहत यूपीएसटीडीसी और गंगा जमुनी फाउंडेशन मिलकर शोध-आधारित और आकर्षक हेरिटेज वॉक डिजाइन करेंगे। यह वॉक प्रयागराज के प्रमुख ऐतिहासिक, आध्यात्मिक और सांस्कृतिक स्थलों, जैसे संगम, इलाहाबाद किला, अक्षयवट और आनंद भवन आदि के महत्व को बताएगा। इस वॉक के माध्यम से पर्यटकों को शहर की गहरी सांस्कृतिक और आध्यात्मिक जड़ों से जोड़ने का प्रयास किया जाएगा। उप्र के पर्यटन एवं संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने कहा, कि गंगा जमुनी फाउंडेशन हेरिटेज वॉक के लिए विस्तृत कार्यक्रम तैयार करेगा। तथ्यपरक और रोचक कहानियों के लिए गाइड्स को प्रशिक्षित किया जाएगा। अंतरराष्ट्रीय पर्यटकों के लिए बहुभाषी गाइड्स भी उपलब्ध कराए जाएंगे। फाउंडेशन बुकिंग, टिकटिंग और शेड्यूलिंग का प्रबंधन करेगा, ताकि प्रतिभागियों को एक सुखद अनुभव प्राप्त हो। आयोजन के दौरान सुरक्षा, सुविधा और यूपी पर्यटन द्वारा जारी पर्यावरणीय और भीड़ नियंत्रण दिशा-निर्देशो का पालन सुनिश्चित किया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि यूपीएसटीडीसी इन यात्राओं को अपने आधिकारिक संचार माध्यमोंए जैसे. सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म और यूपी पर्यटन की वेबसाइटों के माध्यम से प्रचारित-प्रसारित करेगा। बुकिंग की सुविधा गंगा जमुनी फाउंडेशन की वेबसाइट से जोड़ी जाएगी। यह सहयोग महाकुंभ मेला के दौरान यूपीएसटीडीसी और उत्तर प्रदेश पर्यटन के आधिकारिक भागीदार के रूप में गंगा जमुनी फाउंडेशन के लिए ब्रांडिंग के अवसर भी प्रदान करेगा। जयवीर सिंह ने बताया कि यूपीएसटीडीसी आवश्यक अनुमतियों और मंजूरी की सुविधा प्रदान करेगा। साथ ही, नामित मार्ग, सुरक्षा, भीड़ प्रबंधन और धरोहर स्थलों तक पहुंच जैसी सुविधाएं प्रदान करेगा। मेले के दौरान आगंतुकों को जानकारी और बुकिंग में सहायता देने के लिए एक स्टॉल, बूथ भी स्थापित किया जाएगा। पर्यटन मंत्री ने बताया कि उत्तर प्रदेश राज्य पर्यटन विकास निगम और गंगा जमुनी फाउंडेशन के बीच यह सहयोग उत्तर प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत को बढ़ावा देने और महाकुंभ-2025 के दौरान पर्यटकों के अनुभव को बेहतर बनाने की दिशा में साझा प्रतिबद्धता को दर्शाता है।

# बेहतर आपदा प्रबंधन के लिए रात्रि में होगा मॉक एक्सरसाइज

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** महाकुंभ मेले में इस वर्ष के मॉक एक्सरसाइज में नवीन बात यह है कि मॉक एक्सरसाइज का एक सत्र रात्रि के समय किया जायेगा, जिससे रात्रि में आपदा के समय सभी विभागों की प्रतिक्रिया को देखा जायेगा।

टेबलटॉप एक्सरसाइज और मॉक एक्सरसाइज माह दिसम्बर और जनवरी के प्रथम सप्ताह में आयोजित किया जायेगा। उत्तर प्रदेश राज्य आपदा प्रबंधन प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी, पीवीएसएम, एवीएसएम, वीएसएम, (से.नि.) की अध्यक्षता में शनिवार प्रयागराज में मेला प्राधिकरण के सभागार में महाकुम्भ-2025 के दौरान आपदा प्रबंधन की विभिन्न कार्यवाहियों की समीक्षा के लिए आयोजित होने वाले टेबलटॉप एक्सरसाइज एवं मॉक एक्सरसाइज की तैयारियों पर विभिन्न विभागों, एजेंसियों के साथ चर्चा के लिए बैठक की। बैठक में वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, महाकुम्भ राजेश द्विवेदी, आईपीएस, अपर जिलाधिकारी प्रयागराज के साथ जनपद के अपर जिलाधिकारी, उपजिलाधिकारी, अग्निशमन विभाग, पुलिस यातायात, संचार, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य तथा अन्य विभागों के अधिकारी तथा एनडीआरएफ, एसडीआरएफ के साथ भारतीय रेलवे एवं भारतीय सेना के अधिकारी भी मौजूद रहे। बैठक की कार्यवाही एवं समन्वय ब्रिगेडियर अजय गंगवार, वरिष्ठ सलाहकार ने किया।

बैठक को संबोधित करते हुए प्राधिकरण के उपाध्यक्ष लेफ्टिनेंट जनरल योगेंद्र डिमरी ने बताया कि महाकुम्भ-2025 के दौरान बेहतर आपदा प्रबंधन को सुनिश्चित करने के लिए इंटीग्रेटेड रिस्पांस की आवश्यकता है। सभी विभाग अपने क्षेत्र में बेहतरीन कार्य कर रहें हैं और इनकी आपदा प्रबंधन योजनाएं भी तैयार हैं। जरूरत इस बात की है कि सभी का आपस में समन्वय बेहतर हो ताकि किसी भी आपात स्थिति में रिस्पांस समयबद्ध रूप से किया जा सके। इसी उद्देश्य से यूपीएस डीएमए द्वारा इस वर्ष 1 टेबलटॉप एक्सरसाइज और 2 मॉक एक्सरसाइज आयोजित की जायेंगी। ब्रिगेडियर अजय गंगवार, वरिष्ठ सलाहकार ने बताया कि किसी भी आपदा की स्थिति में सभी विभागों की आवश्यकता होती है। उदाहरण के लिए लोक निर्माण विभाग द्वारा पान्टून पुल का निर्माण कराया जा रहा है। परन्तु इस पर हुई किसी दुर्घटना में पुलिस, चिकित्सा एवं स्वास्थ्य का भी सहयोग लेना पड़ता है। किसी अग्नि दुर्घटना में अग्निशमन विभाग के साथ पुलिस विभाग को भीड़ प्रबंधन के लिए कार्यवाही करनी पड़ती है। हम सब को आपसी सामंजस्य के साथ तैयारी करनी है।

# जोधपुर झाल आर्द्रभूमि बनेगी पक्षी अभयारण्य

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। मथुरा के फराह प्रखंड के कोह गांव में 64 हेक्टेयर में फैली जोधपुर झाल आर्द्रभूमि को एक पक्षी अभयारण्य के तौर पर विकसित किया जा रहा है। अधिकारियों ने शनिवार को यह जानकारी दी।

अधिकारियों ने बताया कि आगरा में सुर सरोवर पक्षी अभयारण्य से महज आठ किलोमीटर दूर और भरतपुर में केवलादेव राष्ट्रीय उद्यान से 35 किलोमीटर दूर इस आर्द्रभूमि के पक्षी प्रेमियों और पर्यटकों के बीच एक महत्वपूर्ण आकर्षण बनने की संभावना है। उत्तर प्रदेश बृज तीर्थ विकास परिषद के उपाध्यक्ष शैलजाकांत मिश्र ने आर्द्रभूमि के विकास की समीक्षा करने के लिए शुक्रवार शाम इस स्थल का दौरा किया। उन्होंने यहां किए जा रहे निर्माण कार्यों का निरीक्षण किया और पर्यावरण एवं पक्षी विशेषज्ञों से मिली प्रतिक्रिया के आधार पर सुधार के लिए सुझाव दिए। परिषद के मुख्य कार्यकारी अधिकारी श्याम बहादुर सिंह और पर्यावरण सलाहकार मुकेश शर्मा के मुताबिक, यह आर्द्रभूमि घरेलू और प्रवासी पक्षियों के लिए एक पसंदीदा स्थल बन गया है। उनके मुताबिक, जोधपुर झाल को एक पक्षी अभयारण्य के तौर पर विकसित करने के प्रयास किए जा रहे हैं जिससे मथुरा और आगरा आने वाले पर्यटकों को यहां आकर्षित किया जा सके। सिंह ने कहा, इस अभयारण्य को सिकंदरा और टर्मिनल राजवाह जैसे जल स्रोतों की सुरक्षा कर संरक्षित किया जा रहा है और प्रवासी पक्षियों के लिए उपयुक्त पारितंत्र का निर्माण करने के उपाय किए जा रहे हैं। उन्होंने कहा, कि प्राकृतिक आवास विकसित किए जा रहे हैं और पक्षियों के प्रजनन तथा उनकी सुरक्षा सुनिश्चित करने के लिए पौधे लगाकर घना जंगल तैयार किया जाएगा। निर्माण कार्य फरवरी तक पूरा होने की संभावना है जिसके बाद एक हरित गलियारा स्थापित किया जाएगा। अधिकारियों के मुताबिक, इस अभयारण्य में सात जलाशय, 13 द्वीप और 220 मीटर लंबा प्राकृतिक रास्ता होगा। उन्होंने कहा, कि यहां आगंतुकों के आराम के लिए 13 झोपड़ियां बनाई जाएंगी। निगरानी टावर जैसी सुविधाएं, एक जैव विविधता अध्ययन केंद्र, संगोष्ठी हॉल, पार्किंग, जलपान केंद्र और शौचालय भी विकसित किए जा रहे हैं। उन्होंने बताया कि स्थानीय युवकों को गाइड के तौर पर प्रशिक्षित किया जा रहा है। अधिकारियों ने बताया कि इस परियोजना पर 8.66 करोड़ रुपये खर्च किए जा रहे हैं।



# रालोद पदाधिकारी और कार्यकर्ता के लिए अनुशान जरूरी : त्रिलोक त्यागी

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ । राष्ट्रीय लोकदल की प्रदेश कार्यसमिति की बैठक शनिवार को लखनऊ स्थित प्रदेश कार्यालय पर सम्पन्न हुई।

राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी की विशेष उपस्थिति एवं प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय की अध्यक्षता में आयोजित प्रदेश कार्यसमिति की बैठक का प्रारंभ भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की प्रतिमा पर मार्ल्यापण एवं दीप प्रज्वलन के साथ किया। बैठक में चौधरी चरण सिंह को भारत रत्न दिये जाने पर केंद्र सरकार का धन्यवाद ज्ञापित

- **रालोद प्रदेश कार्यसमिति की बैठक संपन्न**

किया गया। इस अवसर पर प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री अनिल कुमार, नवनिर्वाचित विधायक मिथिलेश पाल, एससीएसटी आयोग के सदस्य नरेंद्र खजूरी तथा राष्ट्रीय प्रवक्ता अनिल दुबे, राष्ट्रीय सचिव डॉ. सुधाकर पाण्डेय एवं विजय श्रीवास्तव तथा डॉ. सुरेश यादव उपस्थित रहे। बैठक को सम्बोधित करते हुए राष्ट्रीय महासचिव संगठन त्रिलोक त्यागी ने कहा कि चौधरी चरण सिंह की विचारधारा विश्वव्यापी है। उत्तर प्रदेश में रालोद की मजबूती ही प्रत्येक कार्यकर्ता और पदाधिकारी का ध्येय होना चाहिए। अनुशासन की महत्ता पर प्रकाश डालते हुए उन्होंने कहा कि रालोद के प्रत्येक पदाधिकारी और कार्यकर्ता के लिए अनुशासित होना आवश्यक है।



बैठक की अध्यक्षता करते हुए प्रदेश अध्यक्ष रामाशीष राय ने कहा कि 2027 के विधानसभा चुनाव की तैयारी करने का आवाहन किया। उन्होंने कहा कि अब विधानसभा चुनाव में बहुत ही कम समय बचा है और भारत रत्न चौधरी चरण सिंह की नीतियों को जन-जन तक पहुंचाना है। उन्होंने कहा कि राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं केंद्रीय मंत्री चौधरी जयंत सिंह देश का भविष्य हैं जिनके हाथों को मजबूत करना हम सबकी जिम्मेदारी है। आगामी विधानसभा चुनाव और पार्टी संगठन को दृष्टिगत रखते हुए बैठक में कई प्रस्ताव भी सर्वसम्मति से पास किये गये। बैठक को प्रदेश उपाध्यक्ष वसीम हैदर, योगराज सिंह पूर्व मंत्री, रामलखन यादव, रामआसरे विश्वकर्मा, आदित्य विक्रम सिंह, बीएल प्रेमी, प्रदेश महासचिव रजनीकांत मिश्रा, अम्बुज पटेल, चंद्रकांत अवस्थी, आरपी सिंह चौहान, रमावती तिवारी, प्रीति श्रीवास्तव, प्रदेश प्रवक्ता अंकुर सक्सेना, युवा रालोद के प्रदेश अध्यक्ष रविन्द्र सिंह पटेल, व्यापार प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष रोहित अग्रवाल, महिला प्रकोष्ठ की अध्यक्ष परिणीता सिंह, अल्पसंख्यक प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष दिलनवाज खान पूर्व विधायक, श्रम प्रकोष्ठ के प्रदेश अध्यक्ष महेश पाल धनगर, सम्राट सिंह चौहान, आमिर साबिरी, क्षेत्रीय अध्यक्ष योगेन्द्र सिंह चेयरमैन, चौधरी राम सिंह पटेल, विवेक चौधरी, जिलाध्यक्ष रामसेवक रावत, महानगर अध्यक्ष सरताज मलिक सहित बड़ी संख्या में क्षेत्रीय अध्यक्ष, संगठन महासचिव, जिलाध्यक्ष, महानगर अध्यक्ष एवं प्रदेश पदाधिकारी मौजूद रहे।

# जनप्रतिनिधियों को हाउस अरेस्ट करना लोकतंत्र के लिए खतरनाक : अखिलेश

## संभल जा रहे सपाइयों को रोकने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने जतायी नाराजगी

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने शनिवार को बयान जारी कर कहा कि उत्तर प्रदेश में भाजपा सरकार लोकतंत्र की धज्जियां उड़ा रही है। भाजपा सरकार पूरी तरह से तानाशाही पर उतारू है। प्रदेश में अन्याय अत्याचार चरम पर है। भाजपा का लोकतंत्र में विश्वास नहीं है। उत्तर प्रदेश में आपातकाल जैसी स्थिति है।

उन्होंने कहा कि सत्ता के इशारे पर पुलिस द्वारा उत्तर प्रदेश विधानमंडल के दोनों नेता विरोधी दल और पार्टी के प्रदेश अध्यक्ष समेत सपा प्रमुख अखिलेश यादव के निर्देश पर संभल जा रहे पार्टी के सांसदों, विधायकों और जिलाध्यक्ष को उनके घरों में कैद कर देना बेहद निंदनीय है। भाजपा सरकार संभल में उसके द्वारा किए गए अन्याय और अत्याचार को छुपाना चाहती है। यह डरी हुई सरकार है। सच्चाई को सामने नहीं आने देना चाहती है। वह जन आक्रोश से भयभीत है।

अखिलेश यादव ने कहा कि पुलिस प्रशासन का प्रतिबंध जब सिर्फ संभल जिले में है तो भाजपा सरकार नेता विरोधी दल विधानसभा माता प्रसाद पांडेय, नेता प्रतिपक्ष विधान परिषद लाल बिहारी यादव और सपा प्रदेश अध्यक्ष श्याम लाल पाल एवं विधायक रविदास मेहरोत्रा को उनके घरों से क्यों नहीं निकलने दिया है। क्या भाजपा सरकार ने पूरे प्रदेश में आपातकाल लगा दिया है? नेता विरोधी दल और सपा प्रदेश अध्यक्ष अपने घर से पार्टी के दफ्तर भी नहीं जा सके। जनप्रतिनिधियों को इस तरह से हाउस अरेस्ट करना लोकतंत्र के लिए बेहद खतरनाक है, भाजपा जब से सत्ता में आई है लोकतंत्र और संविधान को कुचल रही है।



बता दें कि संभल के जिला मजिस्ट्रेट ने अपने आदेश (भा.ना.सु.सं. धारा-163) अंतर्गत किसी भी बाहरी व्यक्ति, अन्य सामाजिक संगठन एवं जनप्रतिनिधि के जनपद संभल की सीमा में बिना अनुमति के प्रवेश को 10.12.2024 तक प्रतिबंधित किया गया है। सपा प्रतिनिधिमंडल को रोके जाने पर सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने नाराजगी जतायी है। प्रतिबंध लगाना भाजपा सरकार के शासन, प्रशासन और सरकारी प्रबंधन की नाकामी है। ऐसा प्रतिबंध अगर सरकार उन पर पहले ही लगा देती, जिन्होंने दंगा-फसाद करवाने का सपना देखा और उन्मादी नारे लगवाए तो संभल में सौहार्द-शांति का वातावरण नहीं बिगड़ता। भाजपा जैसे पूरी की पूरी कैबिनेट एक साथ बदल देते हैं, वैसे ही संभल में ऊपर से लेकर नीचे तक का पूरा प्रशासनिक मंडल निलंबित करके उन पर साजिशन लापरवाही का आरोप लगाते हुए, सच्ची कार्रवाई करके बर्खास्त भी करना चाहिए और किसी की जान लेने का मुकदमा भी चलना चाहिए। उन्होंने कहा कि भाजपा हार चुकी है। सपा ने संभल की घटना में मारे गए निर्दोष लोगों के परिजनों को पांच-पांच लाख रुपये आर्थिक मदद देन की घोषणा की है। पार्टी की मांग है कि भाजपा सरकार संभल हिंसा में मृतक आश्रितों को 25-25 लाख रूपये का मुआवजा दे। राष्ट्रपति और सर्वोच्च न्यायालय के अतिरिक्त अन्य किसी से इंसाफ की उम्मीद नहीं है। देश की एकता और शांति के दुश्मनों को उनकी सही जगह पहुंचाया जाए।

# बिजली बकाएदारों को राहत, ओटीएस का ऐलान, सरचार्ज में 100 प्रतिशत छूट

## योजना तीन चरणों में 15 दिसम्बर से 31 जनवरी तक रहेगी लागू

विशेष संवाददाता (vol)

लखनऊ। यूपी की योगी सरकार ने बिजली बकाएदारों को शनिवार को बड़ी राहत दी है। एक बार फिर यूपी में ओटीएस यानी एक मुश्त समाधान योजना लागू होने जा रही है। उर्जा मंत्री एके शर्मा ने इसका ऐलान कर दिया है।

यह योजना तीन चरणों में 15 दिसंबर से 31 जनवरी 2025 तक कुल 47 दिन लागू रहेगी। योजना का लाभ लेने के लिए बिजली के बकाएदार ग्राहकों को पंजीकरण कराना अनिवार्य होगा। पंजीकरण के समय 30 सितंबर तक के बिजली बिलों के मूल बकाए की 30 प्रतिशत धनराशि जमा करना अनिवार्य होगा। उर्जा मंत्री के अनुसार 30 सितंबर तक के बकाया बिजली बिलों के सरचार्ज में छूट दी जाएगी। बकाएदारों को एकमुश्त भुगतान के साथ किस्तों में भी भुगतान का विकल्प मिलेगा। बिजली उपभोक्ताओं को 31 दिसंबर तक योजना के पहले चरण में बकाए के एकमुश्त भुगतान पर सरचार्ज में सबसे अधिक छूट मिलेगी। एक किलोवाट भार तक के घरेलू उपभोक्ताओं को योजना के पहले चरण में बकाए के एकमुश्त भुगतान पर बिलों के सरचार्ज में शतप्रतिशत छूट का लाभ मिलेगा। छूट की दर चरणों के अनुसार घटती जाएगी। पहले चरण में 100 प्रतिशत छूट, द्वितीय चरण में 80 प्रतिशत और तृतीय चरण में 70 प्रतिशत छूट दी जाएगी। वहीं, किश्तों में भुगतान पर प्रथम चरण में छूट क्रमशः 75 प्रतिशत, 65 प्रतिशत और 55 प्रतिशत होगी। वाणिज्यिक, औद्योगिक, और निजी संस्थानों के लिए यह छूट क्रमशः 60 प्रतिशत, 50 प्रतिशत, और 40 प्रतिशत होगी। उर्जा मंत्री एके शर्मा ने शनिवार को मऊ में प्रवास के दौरान तमसा नदी के पावन तट पर घाट निर्माण एवं सौंदरीकरण व प्रकाश व्यवस्था कार्यों का उद्घाटन कार्यक्रम के बाद योजना का ऐलान किया और बताया कि सभी श्रेणी के बिजली उपभोक्ताओं को अपने बकाए भुगतान पर छूट मिलेगा। बताया कि योजना का प्रथम चरण 15 दिसंबर से 31 दिसंबर तक कुल 16 दिन, दूसरा चरण 1 जनवरी से 15 जनवरी तक कुल 15 दिन, तीसरा चरण 16 जनवरी से 31 जनवरी 16 दिन चलेगा। किसानों को उनके निजी नलकूप में 31 मार्च 2023 तक के बकाए बिजली बिलों के बकाए भुगतान अधिभार में छूट का लाभ लेने के लिए 7 मार्च 2024 से पंजीकरण कराए जा रहे हैं, जिन्हें अभी इस छूट का लाभ मिलता रहेगा। सभी प्रकार के उपभोक्ता अपने नजदीकी विभागीय खंड, उपखंड कार्यालय, कैश काउंटर, जनसेवा केंद्र के माध्यम से या विभागीय वेबसाइट पर लॉगिन कर योजना के लिए पंजीकरण कर सकते हैं।

# भगवान बुद्ध के शांति का मार्ग आज भी दुनिया को प्रेरणा दे रहा : केशव

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ** उत्तर प्रदेश के उप मुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य ने कहा कि भगवान बुद्ध के उपदेश शांति का मार्ग अपनाने पर जोर देते हैं, उनके उपदेश आज की तनावभरी जिंदगी तथा विश्व शांति के लिए और अधिक प्रसांगिक है। मौर्य ने कहा कि हमारे प्रधानमंत्री न केवल शांति का संदेश दे रहे हैं बल्कि उस पर अमल भी कर रहे हैं। उन्होंने यह भी कहा कि दुनिया ने युद्ध दिया और भारत ने बुद्ध दिया।



उन्होंने यह भी कहा कि जहां तथागत के शिष्य होंगे वहां शांति होगी, विपश्यना होगी। उन्होंने कहा, प्रत्येक परिवार में भगवान बुद्ध का एक अनुयायी होना चाहिए। अगर शांति, विकास, रोजगार चाहिए तो बुद्धं शरणं से उत्तम कोई दूसरा मार्ग नहीं है। केशव प्रसाद मौर्य शनिवार को लखनऊ की ग्राम पंचायत मवई पड़ियाना स्थित शाक्यमुनि बुद्ध विहार एवं भिक्षु प्रशिक्षण केंद्र में आयोजित श्रामेरण प्रशिक्षण शिविर एवं धम्म देशना (मेडिटेशन) के समापन समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। मौर्य ने कहा कि भगवान बुद्ध, त्याग, तपस्या, सेवा और समर्पण का पर्याय हैं। आज पूरा विश्व महात्मा बुद्ध के विचारों पर चलने की अपील कर रहा है। पूरा संसार भारत को शांतिप्रिय एवं सद्भावना का दूत मानता है। तथागत भगवान बुद्ध के जीवन और दिखाए गए सत्य, अहिंसा, प्रेम व करुणा के मार्ग से 'विश्व-शांति एवं राष्ट्र-निर्माण' की प्रेरणा दुनिया को हमेशा मिलती रहेगी। मौर्य ने कहा कि केन्द्र सरकार तथा राज्य सरकार प्रदेश में भगवान बुद्ध से जुड़े स्थलों जैसे सारनाथ, कुशीनगर, श्रावस्ती, कपिलवस्तु, कौशाम्बी और संकिसा का निरन्तर विकास कर रही है। कौशाम्बी में विपश्यना केन्द्र निर्माण की तैयारी प्रगति के अंतिम चरण में है। इसके अलावा मठ और स्तूपों के विकास के साथ-साथ पर्यटक सुविधाओं का विस्तार किया जा रहा है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध ने तीन बातों पर जोर दिया था, जिसमें इच्छाओं का त्याग, क्रोध पर नियंत्रण तथा ज्ञान का विस्तार शामिल है। उनके उपदेशों पर अमल करते हुए जीवन में उतारने की आवश्यकता है। उप्र सरकार आम लोगों की अपेक्षाओं के अनुरूप हर कदम पर साथ खड़ी है। उन्होंने कहा कि भगवान बुद्ध के रास्ते पर चलकर दुनिया में शांति स्थापित की जा सकती है।

# छल से छीना गया मछुआ समाज का अधिकार : संजय निषाद

## निषाद पार्टी की संवैधानिक अधिकार यात्रा शुरू, प्रदेश के 200 विधानसभा क्षेत्रों से होकर निकलेगी यात्रा

विशेष संवाददाता (vol)

सहारनपुर/लखनऊ। निर्बल इंडियन शोषित हमारा आम दल (निषाद पार्टी) के तत्वावधान में शनिवार को मां शाकुंभरी देवी शक्तिपीठ, सहारनपुर से संवैधानिक अधिकार यात्रा की शुरूआत की गयी। निषाद पार्टी राष्ट्रीय अध्यक्ष एवं प्रदेश सरकार में कैबिनेट मंत्री डॉ संजय कुमार निषाद के नेतृत्व में यात्रा का शुभारंभ किया गया। यात्रा शुरू करने से पूर्व निषाद ने भूरादेव जी महाराज और मां शाकुम्भरी देवी शक्तिपीठ के दर्शन कर देश व प्रदेश की प्रगति व कुशलक्षेम की प्रार्थना और व मंदिर में पूजा अर्चना कर आशीर्वाद लिया।



संजय निषाद ने यात्रा का शुभारंभ करते हुए कहा की निषाद पार्टी की स्थापना देश व प्रदेश के मछुआ समाज को विकास की मुख्यधारा से जोड़ने के लिए की गई थी। पार्टी प्रदेश सरकार में सहयोगी पार्टी और जबसे वह मंत्री बने हैं, प्रदेश के मछुआ समाज के हित में लगातार कार्य किए जा रहे हैं, मत्स्य विभाग की सभी जनकल्याणकारी योजनाओं का लाभ मछुआ समाज को प्रथमकिता से दिया जा रहा है। उन्होंने कहा कि संवैधानिक अधिकार यात्रा प्रदेश के सभी 18 मण्डल, 200 विधानसभा में जाएगी, तीन चरणों में यात्रा अपने अंतिम पड़ाव नई दिल्ली के इंदिरा गांधी इंदौर स्टेडियम में समापन किया जाएगा। उन्होंने रथ यात्रा निकालने की संकल्पना को लेकर बताया कि प्रदेश के निषाद, कश्यप समेत अन्य 17 पिछड़ी जातियों के उत्थान के लिया बनाई थी, क्योंकि पूर्ववर्ती सरकारों द्वारा प्रदेश की निषाद, केवट, मल्लाह, बिंद, कश्यप समेत अन्य जातियों के साथ भेदभाव किया गया था, प्रदेश में निषाद समाज की दिशा-दशा अनुसूचित जातियों से भी बदतर थी और पूर्ववर्ती सरकारों ने अपने समाज की जातियों को खुश करने के लिए निषाद समाज को फुटबॉल समझकर मछुआ समय को अनुसूचित जाति में होने का बाद भी कभी अनुसूचित जाति को मिलने वाले से वंचित रखा गया है और ऐसे में निषाद पार्टी के गठन से बाद से उत्तर प्रदेश की बहुसंख्यक आबादी को निषाद पार्टी के बैनर तले लामबंद करके, केंद्र व प्रदेश सरकार द्वारा चलाई जा रही योजना का लाभ मछुआ समय को दिलवाने के लिए किया रहा है। इस रथ यात्रा के माध्यम से कश्यप-निषाद-मछुआ बाहुल्य ग्राम समाज को जोड़ने का काम किया जायेगा। साथ ही मत्स्य विभाग द्वारा चलाई जा रही विभिन्न जनकल्याणकारी योजनाओं के माध्यम से लाभ भी दिया जाएगा।

# महाकुंभ में किसानों के पुआल की डिमांड, मिल रहे अच्छे दाम

## जो किसान पुआल को जला देते थे वह किसान अब प्रयागराज में होने वाले कुंभ मेले में अच्छा दाम पाने की आशा रख रहे हैं

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** महाकुंभ मेले में 'पुआल' की भारी मांग है। नदी के किनारे ठंडी रेत पर पुआल पर बैठने का आनंद ही कुछ और है ऐसे में किसानों के पुआल की मांग तेजी से बढ़ी है। जो किसान पुआल को जला देते थे अथवा उसका चारे में इस्तेमाल करते थे वह किसान अब प्रयागराज में होने वाले कुंभ मेले में अच्छा दाम पाने की आशा रख रहे हैं।

प्रयागराज में लगने वाले महाकुम्भ को देखते हुए धान की खेती करने वाले किसानों को उनके पुआल का अच्छा दाम मिलने के आसार दिख रहे हैं। इसके अलावा भी किसानों के बांस और सूखी लकड़ियों की भी मेले को जरूरत पडेगी। ऐसी समाग्रियों की खरीदारी को लेकर माहभर पूर्व आढ़ती भी सक्रिय हो गए हैं। जो किसानों की पुआल की खरीददारी कर मेले के लोगों को जरूरत के हिसाब से बेचते हैं। इस बार मेले को देखते हुए किसान भी अपने पुआलों का गट्ठर बनाकर संचित कर रहें हैं। कई किसान चारे के लिए कुछ पुआल की मड़ाई भी करा चुके हैं। ऐसे में बड़े पैमाने पर धान की खेती करने वाले किसानों के पास जो पुआल औने पौने दाम पर बिक जाता था या खराब हो जाता था। इस बार अभी से आढ़ती वहां पहुंचकर उसका दाम लगाकर इकट्ठा करने में जुट गये हैं। करछना के खांई, धरवारा, पडोखरा, घटवा, तरौल, सोनाई, महोरी आदि कई गांव में कुछ किसानों ने मशीन से धान की कटाई कराई है। जिनके पास पुआल नहीं रह गया है। इसके अलावा कई किसानों ने अपने पशुओं के चारे की व्यवस्था के बाद बेचने के लिए पुआल का गट्ठर बनाकर रख लिया है। ऐसे किसानों को उम्मीद है कि मेले के मद्देनजर उनके पुआल का अच्छा दाम मिल सकता है। उधर कल्पवासियों के लिए सरपत और कांस की जरूरत को लेकर कई लोगों ने इसकी भी कटाई कराकर गट्ठर बंधवाया है। कटका बैरियर के रहने वाले विजयराज पटेल ने भी कांस कटवाकर मेले में बेचने के लिए अभी से एकत्र कर रखा है।

### रोचक है कुंभ मेले की उत्पत्ति, दिखता है आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम

लखनऊ। भारत अपने धार्मिक अनुष्ठानों और संस्कृति के लिए विश्व प्रसिद्ध है। यहां कई ऐसे धार्मिक समागम देखने को मिलते हैं जिनमें शामिल होने के लिए विदेशों से भी लोग आते हैं। ऐसा ही एक धार्मिक संगम है 'कुंभ मेला'। 12 साल के बाद आयोजित होने वाले इस 'कुंभ मेले' का बड़ा महत्व है। तीन पवित्र नदियों के संगम तट पर आयोजित कुंभ मेले में भारतीय संस्कृति और आध्यात्मिकता का अद्भुत संगम देखने को मिलता है। इसलिए 'कुंभ मेला' भारत में सनातन धर्म के सबसे बड़े संगम के तौर पर मनाया जाता है। हर 12 साल में कुंभ का आयोजन भारत के चार विशेष स्थान उज्जैन, प्रयागराज (इलाहाबाद), नासिक और हरिद्वार में किया जाता है। इस बार कुंभ का आयोजन उत्तर प्रदेश के प्रयागराज (इलाहाबाद) में किया जा रहा है। कुंभ मेले की शुरूआत साल 2025 की पौष पूर्णिमा यानी 13 जनवरी से शुरू होकर महाशिवरात्रि 26 फरवरी तक चलेगा। कुंभ मेले को लेकर जोरों-शोरों से तैयारियां चल रही हैं। लेकिन क्या जानते हैं कि, 12 साल बाद ही कुंभ का आयोजन क्यों किया जाता है। कुंभ मेले का आयोजन हर 12 साल में किया जाता है। इसके पीछे कई धार्मिक मान्यताएं हैं। कहा जाता है कि, कुंभ मेले की उत्पत्ति देवता-असुर के समुद्र मंथन से जुड़ी हुई है। भगवान विष्णु के कहने पर जब देवताओं और असुर द्वारा समुद्र का मंथन किया गया तब कई बहुमूल्य चीजों के साथ अमृत कलश भी उत्पन्न हुआ था। लेकिन इस अमृत के लिए देवताओं और असुर में 12 दिनों तक युद्ध हुआ था। लेकिन ये 12 दिन पृथ्वी पर 12 साल के बराबर थे। इसके अलावा यह भी कहा जाता है कि, देवता-असुर के युद्ध में अमृत कलश से अमृत की 12 बूंदें 12 स्थानों पर गिरे थे। इन 12 स्थानों में से 4 स्थान पृथ्वी पर है। इन 4 चार स्थान प्रयागराज, इलाहाबाद, नासिक और हरिद्वार में ही कुंभ का आयोजन होता है। जैसा कि, हर 12 साल में भारत के चार प्रमुख स्थानों पर कुंभ मेले का आयोजन किया जाता है। ऐसे में आप सोच रहे होंगे कि, कुंभ की तारीख और स्थान कैसे चुने जाते हैं। बता दें किए कुंभ का आयोजन भी ग्रह गोचर देख के ही किया जाता है। कहा जाता है कि, जब बृहस्पति देव यानी गुरु ग्रह वृषभ राशि में विराजमान हो और मकर राशि में सूर्य ग्रह तब कुंभ मेले का आरंभ होता है। ऐसे में साल 2025 के 13 जनवरी को सूर्य ग्रह मकर राशि में विराजमान होने वाले हैं। जबकि वृषभ राशि में बृहस्पति ग्रह पहले से ही मौजूद हैं, जो कुंभ का योग बना रहे हैं। इसलिए प्रयागराज में 13 जनवरी से कुंभ मेला आरंभ हो रहा है।

## अंडरपास बनाने के पहले पटरी दुकानदारों को हटाने की मुनादी

लखनऊ। नगर निगम क्षेत्र के जोन 05 अंतर्गत अवध चौराहा से विक्रम नगर ब्रिज की ओर सेतु निगम की ओर से अंडर पास बनाया जाना है। जिसको लेकर उक्त क्षेत्र में रोड के किनारे मौजूद पटरी दुकानदारों को अपनी दुकानों को अन्यत्र ले जाने के लिए मुनादी कराई गई।

## सतीश महाना ने अब दान दी त्वचा




लखनऊ। उत्तर प्रदेश विधानसभा अध्यक्ष सतीश महाना ने शनिवार युग दाधिचि देहदान संस्थान कानपुर के तत्वावधान में आयोजित एक ऐतिहासिक अवसर पर उत्तर प्रदेश के प्रथम 'स्किन बैंक' की स्थापना के लिए अपनी त्वचा का दान कर देहदान के इस महायज्ञ में अपनी आहुति दी। गौरतलब है कि इससे पहले, पिछले वर्ष महाना ने अपने नेत्रों का दान कर इस पुण्य कार्य में अपनी भागीदारी सुनिश्चित की थी। उनका यह कदम समाज में जागरूकता फैलाने और देहदान जैसे महान कार्य को प्रोत्साहन देने की दिशा में एक प्रेरणादायक उदाहरण है।

## भाषा विवि में डॉ. आमना करेंगी पहला पीडीएफ शोध

लखनऊ। ख़्वाजा मुईनुद्दीन चिश्ती भाषा विश्वविद्यालय की डॉ. आमना रिजवी का चयन पीडीएफ में हुआ है। भाषा विश्वविद्यालय की प्रवक्ता डॉ. रुचिता चौधरी ने बताया कि विश्वविद्यालय की प्रथम विद्यार्थी के रूप में डॉ. आमना रिजवी का चयन आइसीएसएसआर द्वारा प्रायोजित पीडीएफ में हुआ है। इस अवसर पर विश्वविद्यालय के कुलपति प्रो. नरेन्द्र बहादुर सिंह सहित सभी शिक्षक और अधिकारियों द्वारा शुभकामनाएं दीं। उनके शोध पर्यवेक्षक के रूप में प्रो. सैयद हैदर अली उनका मार्गदर्शन करेंगें। उनका शोध हरित वित्त प्रौद्योगिकी पर रहेगा।

# सीएम ग्रिड योजना से सड़क निर्माण का काम शुरू

## 186 करोड़ रुपये से सात प्रमुख सड़कों का होगा कायाकल्प, महानगर में खुदाई शुरू, पंद्रह महीने में पूरा करना है काम

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** सीएम ग्रिड (मुख्यमंत्री ग्रीन रोड इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट स्कीम) योजना के पहले फेज के तहत शहर की सात प्रमुख सड़कों का कायाकल्प होगा। नगर विकास मंत्री एके शर्मा ने नवरात्रि में महानगर में इस कार्य का उद्घाटन किया था। तब से काम शुरू नहीं हो सका था। करीब दो महीने बाद ठेकेदार ने खुदाई शुरू कर दी है। साल के अंत इनका काम पूरा कर लिया जाना है।



16 किमी की सात सड़कों को बनाने में करीब 186 करोड़ रुपए खर्च होंगे। इसके लिए दूसरी बार जारी किए गए टेंडर खुलने के बाद चयनित फर्मों को कार्यादेश जारी किया जा चुका है। सात सड़कों को बनाने के लिए दो फर्मों का चयन किया गया है। पहली बार सीएम ग्रिड में सड़क बनाएगा नगर निगम नगर निगम शहर में पहली बार सीएम ग्रिड योजना के तहत दस मीटर से अधिक चौड़ी सड़कें बनाने जा रहा है। इसके पहले फेज में सात सड़कों को चुना गया। इन सड़कों को पूरी तरह सुविधाओं से युक्त स्मार्ट बनाया जाएगा। इनका फुटपाथ भी सही किया जाएगा। नाली व डिवाइडर नहीं हैं तो ये भी बनाए जाएंगे। स्ट्रीट लाइटें लगाई जाएंगी। हरियाली करने के साथ फुटपाथ पर बैठने के लिए बेंच भी लगाई जाएंगी। बिजली के तार भूमिगत किए जाएंगे। इसके लिए सड़क किनारे डक्ट बनाई जाएगी। पानी, सीवर और गैस की पाइप लाइन को सड़क और फुटपाथ से हटाकर इनमें शिफ्ट किया जाएगा। नगर निगम पहली बार यह सड़क बनाने जा रहा है। वेंडिंग जोन भी बनेगा इसमें वेंडिंग जोन बनाए जाएंगे। कालिदास चौराहे से सिविल अस्पताल चौराहे होते हुए हजरतगंज तक व डीएसओ चौराहे से सिविल अस्पताल चौराहा पार्क रोड तक, विश्वविद्यालय मार्ग से आरबीएल रोड चौराहा होते हुए हनुमान सेतु रोड बंधे तक, गोल मार्केट से कपूरथला चौराहा (मन्दिर मार्ग) व क्लासिक रेस्टोरेंट से मोंट फोर्ट स्कूल तक एव आस्था हॉस्पिटल से हनुमान मन्दिर तक मार्ग, भारतेंदु हरिश्चंद्र वार्ड में ताड़ीखाना डिवाइडर रोड से पप्पू जनरल स्टोर तक और वहां से विंध्याचल मंदिर से सेक्टर क्यू तथा वहां से बाटी चोखा रेस्टोरेंट के सामने तक, पुरनिया अलीगंज रोड से सावित्री अपार्टमेंट के सामने से होते हुए गोयल चौराहे से मामा तिराहा रोड व जनगणना निदेशालय होते हुए कुर्सी रोड पर पेट्रोल पंप तक, रायबरेली रोड तेलीबाग में इग्नू मोड़ से एलेन हाउस स्कूल तक और रजनीखंड पावर हाउस से सैनिक ढाबा रायबरेली रोड तक की सड़क बनाई जाएगी। इनमें से करीब दस किमी की चार सड़कों का काम मेसर्स अजय बिल्डर्स इंजीनियर्स एंड कन्सट्रक्शन ओपीसी प्रा. लि. तथा छह किमी की तीन सड़कों का काम मेसर्स आर एंड सी इंजीनियर्स प्रा. लि. को दिया गया है। फर्म को पांच साल तक इन सड़कों का रखरखाव भी करना होगा।

### इस्माइलगंज वार्ड में नई सड़क, इंटरलॉकिंग शुरू



लखनऊ। पूर्वी विधानसभा के इस्माइलगंज प्रथम और द्वितीय वार्ड में विधायक ओपी श्रीवास्तव ने तीन स्थलों पर नई सड़क और इंटरलाकिंग कार्य का शुभारम्भ किया। इस वार्ड में तीन स्थलों पर उन्होंने मौके पर पहुंचकर सड़क, इंटरलॉकिंग और नाली निर्माण कार्य का नारियल फोड़ कर पूरे विधि विधान के साथ विकास कार्य का शुभारम्भ किया। इस दौरान इस्माइलगंज वार्ड के पार्षद पति हरीश अवस्थी, पार्षद प्रत्याशी कृष्णवीर सिंह बंटू, इंदिरा प्रियदार्शनी वार्ड के पार्षद रामकुमार वर्मा समेत बड़ी संख्या में स्थानीय लोग मौजूद रहे। विधायक ने इस्माइलगंज प्रथम वार्ड में रत्न विहार में एस.एस. पाण्डेय के आवास से वैभव स्कूल तक सड़क एवं नाली निर्माण, इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत रजत कालेज मोड़ से ट्रांस्फार्मर तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण एवं इस्माइलगंज द्वितीय वार्ड के अन्तर्गत शिवम अवस्थी जी के मकान से गोविन्द विहार मोड़ तक इण्टरलाकिंग एवं नाली निर्माण कार्य कार्य का शुभारम्भ किया।

## प्रेरणा छात्रों ने लोगों को किया जागरूक

लखनऊ। स्टडी हॉल एजुकेशनल फाउंडेशन (सेफ) ने अपने वार्षिक बालिका अधिकार अभियान इंडियाज डॉटर कैंपेन के तहत एक जागरूकता रैली का आयोजन शनिवार को किया। यह रैली महिलाओं और लड़कियों की सुरक्षा के समर्थन में आयोजित की गई थी। इस आयोजन का नेतृत्व प्रेरणा गर्ल्स स्कूल और प्रेरणा बॉयज स्कूल के छात्र-नेतृत्व वाले वीरांगना ग्रुप ने किया। रैली में 700 से अधिक छात्रों ने भाग लिया और गोमती नगर, लखनऊ के डिगडिगा, ग्वारी और उजरीयाव गांवों में 3,000 से अधिक समुदाय के सदस्यों तक अपनी बात पहुंचायी।

# 63 लंबित प्रकरणों का निस्तारण

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण में शनिवार कोह्यसिंगल टेबल क्लीयरेंस डेह्न का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत समस्त अनुभागों के अधिकारी व कर्मचारी फाइलों के साथ पारिजात सभागार में उपस्थित हुए। कार्यवाही के दौरान विभिन्न प्रकरणों से सम्बंधित कुल 63 फाइलों का निस्तारण किया गया।



एलडीए सचिव विवेक श्रीवास्तव ने बताया कि उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निदेशार्नुसार प्राधिकरण में लंबित फाइलों के निस्तारण के लिए शनिवार को सिंगल टेबल क्लीयरेंस डे का आयोजन किया गया। इसके अंतर्गत समस्त विशेष कार्याधिकारी, सहायक लेखाधिकारी, अनुभाग अधिकारी, लिपिक व अभियंता गण अपने अनुभाग की लंबित फाइलों के साथ सुबह 10:30 बजे मीटिंग हॉल में उपस्थित हुए। इस दौरान उन्होंने लंबित प्रकरणों की समीक्षा की तथा फाइलों पर तुरंत निर्णय लेते हुए कार्यवाही सम्पादित करायी गयी। 63 फाइलों का निस्तारण किया गया। इसके अंतर्गत रिफंड के 08, रजिस्ट्री के 14, फ्री-होल्ड के 17 व नामांतरण की 24 पत्रावलियों का निस्तारण किया गया।

# सफाई में लापरवाही पर तीन संस्थाओं पर 25-25 हजार रुपये का जुर्माना

वरिष्ठ संवाददाता

लखनऊ। शुक्रवार को प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना के निरीक्षण के बाद शनिवार को जोनल अधिकारी ने क्षेत्र में सफाई न होने तीन एजेंसियों के खिलाफ कारवाई की। चौक वार्ड में स्थित चरक चौराहे से लेकर कंचन मार्केट के आसपास, कल्बे आबिद वार्ड व आचार्य नरेन्द्र देव वार्ड में गंदगी मिली। इसके लिए जिम्मेदार कार्यदाई संस्थाओं लॉयन सिक्योरिटी, एफबी ट्रेडर्स और बालाजी सिक्योरिटी पर 25-25 हजार रुपए का जुमार्ना लगाया गया है।




निरीक्षण के दौरान मनोज यादव जोनल अधिकारी को सफाई संबंधित कमियां मिली। इस पर उन्होंने जुमार्ने की कार्रवाई की। उन्होंने बताया निरीक्षण में रोड के किनारे अधिक मात्रा में कूड़ा बिखरा हुआ मिला। नालियों में पॉलिथीन भरी हुई मिली। नाली नहीं साफ करने कारण पानी का बहाव रोड पर से होकर दूसरी नाली में मिल रहा था। यहां सफाई के लिए लायन सिक्योरिटी, एफबी ट्रेडर्स और बालाजी सिक्योरिटी गार्ड ने लापरवाही बरती। तीनों एजेंसियों पर 25000- 25000 रुपए जुमार्ना लगाया है। तीनों फर्मो पर सफाई व्यवस्था में सुधार के निर्देश दिए गए हैं। बता दें कि शुक्रवार को प्रभारी मंत्री सुरेश खन्ना ने इलाके में सफाई व्यवस्था का निरीक्षण किया था। इस दौरान उन्हें कूड़े के ढेर दिख थे। नालियों में सिल्ट जमा थी। इस पर उन्होंने जोनल अधिकारी मनोज यादव को जमकर फटकार लगाई थी। जोनल अधिकारी और सफाई निरीक्षक का एक दिन का वेतन काटने के निर्देश नगर आयुक्त को दिए थे। इस कारवाई के बाद जोनल अधिकारी मनोज यादव ने शनिवार को सफाई व्यवस्था का खुद जायजा लिया।

# अवैध कब्जे को एलडीए ने हटाया



लखनऊ। लखनऊ विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष प्रथमेश कुमार के निर्देश पर अर्जन व अभियंत्रण अनुभाग की संयुक्त टीम ने शनिवार को मोतीझील के पास अभियान चलाकर नजूल भूमि से अवैध कब्जा हटाया। इस दौरान नजूल भूमि पर अनाधिकृत रूप से संचालित कबाड़ बाजार को हटाकर लगभग 02 बीघा जमीन खाली करायी गयी। अपर सचिव ज्ञानेन्द्र वर्मा ने बताया कि ऐशबाग योजना के भदेवां में मोतीझील से सटी हुयी नजूल भूमि खसरा संख्या-209 पर मोहम्मद यूसुफ समेत अन्य लोगों की ओर से अवैध रूप से कब्जा करके कबाड़ का व्यवसाय किया जा रहा था। उपाध्यक्ष महोदय द्वारा मोतीझील के निरीक्षण के दौरान उक्त नजूल भूमि से अवैध कब्जा हटाने के निर्देश दिये गये थे। जिसके अनुपालन में शनिवार को अर्जन व अभियंत्रण अनुभाग की संयुक्त टीम ने स्थल पर अभियान चलाकर अतिक्रमण हटाने की कार्यवाही की। इस दौरान नजूल अधिकारी संजय सिंह के नेतृत्व में तहसीलदार हेमचन्द्र तिवारी व उनकी टीम द्वारा 02 जेसीबी के माध्यम से अवैध अतिक्रमण ध्वस्त करके कब्जेदारों को हटाया गया। उन्होंने बताया कि अभियान में लगभग 02 बीघा जमीन खाली करवायी गयी है। आसपास कुछ अवैध झुग्गी-झोपड़ी भी बनी हैं, उन्हें भी जल्द ही अभियान चलाकर हटवाया जाएगा।

# संभल की हिंसा में सपा के संरक्षित लोग शामिल : पाठक

विशेष संवाददाता (vol)



लखनऊ। यूपी के डिप्टी सीएम ब्रजेश पाठक ने संभल हिंसा को लेकर सपा पर हमला बोला है। उन्होंने कहा कि संभल की घटना में सब समाजवादी पार्टी के संरक्षित लोग हैं। उनको माफी मांगनी चाहिए। संभल के अपराधी सब समाजवादी पार्टी के लोग हैं। सपा का चाल, चरित्र, चेहरा उजागर हो गया।

जो संभल के अपराधी हैं वही समाजवादी हैं। अखिलेश यादव पहले अपनी पार्टी संभालें फिर जाएं। सबको न्याय मिलेगा हमारी जिम्मेदारी है। हार से मुंह छिपाने के लिए अखिलेश बयानबाजी कर रहे हैं। दरअसल, सपा प्रमुख अखिलेश यादव ने नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे के नेतृत्व में एक सपा प्रतिनिधिमंडल को संभल जाने से रोके जाने पर कड़ी नाराजगी जताई है। प्रतिनिधिमंडल को संभल जाने से रोकने के लिए शनिवार सुबह लखनऊ में माता प्रसाद पांडे के घर के बाहर पुलिस बल तैनात कर दिया गया। सपा प्रमुख ने भारतीय जनता पार्टी सरकार पर निशाना साधते हुए सोशल नेटवर्किंग साइट 'एक्स' पर एक पोस्ट में लिखा कि प्रतिबंध लगाना भाजपा सरकार के शासन, प्रशासन और सरकारी प्रबंधन की नाकामी है। ऐसा प्रतिबंध अगर सरकार उन पर पहले ही लगा देती, जिन्होंने दंगा-फसाद करवाने का सपना देखा और उन्मादी नारे लगवाए तो संभल में सौहार्द-शांति का वातावरण नहीं बिगड़ता। ज्ञात हो कि हिंदू पक्ष ने 19 नवंबर को सिविल मुकदमा किया था। मुकदमे में दावा किया गया था कि संभल की शाही मस्जिद 1529 में मुगल सम्राट बाबर के शासन के दौरान हरिहर मंदिर के खंडहरों पर बनाई गई थी। उन्होंने मस्जिद के सर्वेक्षण की मांग की थी। अदालत ने दावे की पुष्टि के लिए सर्वेक्षण के लिए एक वकील को कोर्ट कमिश्नर नियुक्त किया था। कोर्ट कमिश्नर के नेतृत्व में एक टीम ने उसी दिन (19 नवंबर) संभल के जिलाधिकारी राजेंद्र पेंसिया, पुलिस अधीक्षक केके बिश्नोई और राज्य और केंद्र सरकार के प्रतिनिधियों की उपस्थिति में मस्जिद का सर्वेक्षण किया। टीम ने 24 नवंबर को सर्वेक्षण का दूसरा दौर किया। इस दौरान आसपास के क्षेत्र में हिंसा हुई और चार लोग मारे गए।

## अभिव्यक्ति में विद्यार्थियों ने दिखाया हुनर का जलवा



लखनऊ। लखनऊ पब्लिक स्कूल (सी.पी. सिंह फाउन्डेशन) की सेक्टर-डी स्थित शाखा के तत्वावधान में शनिवार को वार्षिकोत्स अभिव्यक्ति-2024 मनाया गया। वार्षिकोत्सव का आयोजन विद्यालय के सीपी सिंह स्मृति सभागार में किया गया। विद्यालय के प्रबंधक लोकेश सिंह एवं निदेशिका रश्मि पाठक द्वारा विद्यालय के संस्थापक सीपी सिंह की प्रतिमा पर पुष्पांजलि अर्पित कर एवं दीप प्रज्ज्वलित कर कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम का आरंभ छात्र-छात्राओं द्वारा गणेश-वंदना प्रस्तुत कर किया गया। इसके बाद प्राइमरी बच्चों द्वारा नृत्य प्रस्तुति को भी उपस्थितजनों द्वारा काफी सराहा गया। देश की सांस्कृतिक विरासत को प्रदर्शित करते हुए एक नाटिका धरोहर का प्रस्तुतिकरण किया गया। शिव तांडव पर आधारित नृत्य प्रस्तुति ने कार्यक्रम को भक्तिमय बनाया। जूनियर वर्ग के छात्रों द्वारा जुम्बा एरोबिक्स प्रस्तुत कर उपस्थितजनों के मध्य ऊर्जा का संचार किया गया।



महत्वपूर्ण नंबर
वूमेन पावर लाइन 1090
पुलिस 100
2629999
पुलिस स्टेशन गंज 2622556

फायर स्टेशन
हजरतगंज- कंट्रोल रूम
9454418642
गोमती नगर-9454418657

एम्बुलेंस
मेडिकल सेवा- 102, 108

मेट्रो

# छह सौ रुपये न देने पर मैनेजर के मंगेतर को चाकू घोंपा



विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गोमतीनगर स्थित होटल विरासत इन के पूर्व वेटर ने छह सौ रुपये के विवाद में मैनेजर के मंगेतर पर चाकू से हमला कर दिया। भाई के साथ तकादा करने पहुंचे वेटर का मैनेजर से विवाद हुआ था। मंगेतर बीच बचाव कर रहा था। जिससे नाराज सगे भाइयों ने किचन में रखे चाकू से युवक पर कई वार किए। खून से लथपथ युवक को इलाज के लिए निजी अस्पताल में भर्ती कराते हुए मैनेजर ने मुकदमा दर्ज कराया था। जिसके आधार पर आरोपियों को पकड़ा गया है।

**चाकू से पेट में किए थे वार :** खरगापुर लोधीबाजार निवासी पल्लवी सिंह होटल विरासत इन में मैनेजर है। शुक्रवार को पल्लवी से मिलने मंगेतर अपूर्व सिंह होटल आया था। रात करीब 10.45 पर वेटर आकाश वर्मा भाई रितेश के साथ होटल पहुंचा। जो एक माह पूर्व नौकरी छोड़ चुका है। आकश ने मैनेजर से बचे हुए छह सौ रुपये देने के लिए कहा। होटल संचालक से बात किए बिना रुपये देने से पल्लवी ने मना कर दिया। इस पर आरोपी आकाश और रितेश गाली गलौज करने लगे। पल्लवी से अभद्रता होते देख अपूर्व सिंह ने आकाश को मना किया। यह बात आरोपियों को पसंद नहीं आई। बात करने के बहाने से वह लोग अपूर्व को किचन में लेकर चले गए। जहां रितेश ने अपूर्व को पकड़ा। वहीं, आकाश ने सब्जी काटने वाले चाकू से अपूर्व के पेट में चाकू घोंप दिया।

**मैनेजर को धक्का देकर भागे:** मंगेतर की चीख सुन कर पल्लवी दौड़ कर किचन में पहुंची। अपूर्व खून से लथपथ पड़ा था। वहीं, आकाश के हाथ में चाकू था। मैनेजर को शोर मचाते देख आकाश और रितेश भागने लगे। पल्लवी के मुताबिक उसने आकाश को पकड़ने का प्रयास किया था। पर, वह धक्का देकर भाग गया। साथियों की मदद से अपूर्व को निजी अस्पताल में भर्ती कराया गया। इंस्पेक्टर गोमतीनगर सुधीर अवस्थी ने बताया कि शनिवार को आकाश और उसके भाई रितेश को चाकू के साथ पकड़ा गया।

## हाईवे पर रौंदे गये शव की पांच दिन बाद पहचान

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** गोसाईंगंज। सुलतानपुर हाईवे पर पांच दिन पूर्व ड्यूटी कर घर लौट रहा मजदूर साइकिल में टक्कर लगने से सड़क पर गिरा था। जिसे रात भर दर्जनों वाहन रौंदते रहे। पुलिस गठरी में भर कर शव को पोस्टमार्टम के लिए ले गई थी। पांच दिन बाद शव की पहचान साइकिल और कपड़ों के आधार पर हो सकी। शव केपरा मदारपुर निवासी मो. अजीज का था।

**मजदूर के वापस नहीं आने पर तलाश रहा था भाई :** इंस्पेक्टर बृजेश कुमार त्रिपाठी ने बताया कि 25 नवंबर को सुलतानपुर हाईवे शेखनापुर गांव के पास एक शव मिला था। जिसे कई वाहनों ने रौंदा था। पुलिस शव की पहचान कराने का प्रयास कर रही थी। एसआई गोसाईंगंज कस्बा राजकुमार ने आस-पास के गांवों में सम्पर्क किया गया। इस दौरान केपरा मदारपुर निवासी मो. मजीद से मुलाकात हुई। मजीद ने बताया कि उसका भाई मो. अजीज (45) मजदूरी के लिए गया था। इसके बाद वापस नहीं आया है। इस जानकारी पर मजीद को घटनास्थल से मिली साइकिल दिखाई गई। शनिवार को मजीद पोस्टमार्टम हाउस पहुंचा। वहां कपड़ों के आधार पर शव की पहचान छोटे भाई अजीज के रूप में की। इंस्पेक्टर ने बताया कि अज्ञात शवों का पोस्टमार्टम 72 घंटे बाद कराया जाता है। पर, पुलिस ने शेखनापुर गांव के पास मिले शव की पहचान कराने के लिए 48 घंटे अतिरिक्त इंतजार किया। इस कारण से पहचान सम्भव हो सकी।

## गैंगस्टर एक्ट में फरार चल रहा पचास हजार का इनामी गिरफ्तार

- यूपी एसटीएफ की टीम को मिली कामयाबी, अपराध के बाद भाग या था नेपाल

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** यूपी एसटीएफ जनपद मऊ के कोपागंज, से गैगेस्टर एक्ट में फरार चल रहे पचास हजार के पुरस्कार घोषित अभियुक्त रतन सोनकर को गिरफ्तार किया है।

जानकारी के अनुसार एसटीएफ, उत्तर प्रदेश को विगत काफी समय से फरार / पुरस्कार घोषित अपराधियों के सक्रिय होकर अपराध करने एवं अन्य अपराधों में लिप्त होने की सूचनायें प्राप्त हो रहीं थी। इस सम्बन्ध में एसटीएफ की विभिन्न इकाईयो/टीमों को अभिसूचना संकलन एवं कार्यवाही हेतु निर्देशित किया गया था। इस दौरान ज्ञात हुआ कि थाना कोपागंज, जनपद मऊ में पंजीकृत गैगेस्टर एक्ट के अभियोग में 50 हजार का पुरस्कार घोषित अभियुक्त रतन सोनकर कटिहार बिहार में कही छिपकर रह रहा है। इस सूचना पर एसटीएफ टीम द्वारा लरकनिया टोला कटिहार, थाना कटिहार व जनपद कटिहार, विहार से अभियुक्त रतन सोनकर को आवश्यक बल प्रयोग करते हुए गिरफ्तार कर लिया गया। पूछताछ पर गिरफ्तार अभियुक्त ने बताया कि वह मठिया टोला, थाना क्षेत्र कोपागंज मऊ मे किराये के मकान में रहता था और स्टेज सजाने आदि का काम करता था। इसके पड़ोस में रहने वाले करन सोनकर भी इसके साथ काम करता था। पैसे की लेनदेन को लेकर करन से विवाद हो गया। जिस पर यह अपने साथी शिवकुमार साहनी के साथ मिलकर दिनांक 05-04-2018 को फोन करने करन सोनकर को सुनसान जगह पर बुलाया और चाकू से गला काटकर हत्या कर दिया। जिसके उपरान्त जेल चला गया। जेल से बाहर आने के बाद भी अपराध करने लगा। इसके विरूद्ध गैगेस्टर की कार्यवाही होने पर यह नेपाल भाग गया था और वहीं पर छिपकर रहने लगा था।

## सपा नेताओं के घर पहुंची पुलिस, नेता विरोधी दल के घर पुलिस फोर्स तैनात



**लखनऊ।** समाजवादी पार्टी के 15 सदस्यीय प्रतिनिधिमंडल के संभल दौरे से पहले लखनऊ में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। शनिवार सुबह इस प्रतिनिधिमंडल को संभल रवाना होना है, जिसके लिए नेता प्रतिपक्ष और सपा विधायक माता प्रसाद पांडे के आवास के बाहर पुलिस बल तैनात किया गया है। समाजवादी पार्टी का यह प्रतिनिधिमंडल संभल में हुई हिंसा की घटनाओं का निरीक्षण करने के लिए जा रहा है। अखिलेश यादव के निर्देश पर प्रतिनिधिमंडल 30 नवंबर को संभल के उपद्रव प्रभावित क्षेत्रों का दौरा करेगा और वहां की स्थिति का जायजा लेकर रिपोर्ट राष्ट्रीय अध्यक्ष को सौंपेगा। नेता प्रतिपक्ष की अध्यक्षता में प्रतिनिधिमंडल इस दौरे का नेतृत्व नेता प्रतिपक्ष माता प्रसाद पांडे करेंगे। साथ में नेता विधान परिषद लाल बिहारी यादव, सांसद श्याम लाल पाल, हरेन्द्र मलिक, रूचि वीरा, इकरा हसन समेत कई वरिष्ठ नेता भी शामिल होंगे।

**आधी रात पुलिस फोर्स हुई तैनात:** माता प्रसाद पांडे के घर के बाहर पुलिस की तैनाती से यह संकेत मिलते हैं, कि प्रशासन ने इस दौरे को लेकर पूरी तरह से सुरक्षा व्यवस्था को मजबूत किया है। हालांकि, सपा ने इसे प्रशासन की ओर से दबाव बनाने की कोशिश बताया है। पार्टी ने साफ किया है कि वे किसी भी दबाव में आए बिना अपने दौरे को पूरी मजबूती के साथ अंजाम देंगे। समाजवादी पार्टी का कहना है कि उनका उद्देश्य केवल संभल में हुई हिंसा की सच्चाई को सामने लाना है और प्रशासन की विफलताओं का पदार्फाश करना है।

# बाइक में कार टकराने पर ड्राइवर को पीटा, दो किमी दौड़ा कर तोड़ा हाथ

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** गोसाईंगंज स्थित अनूपगंज रेल ओवर ब्रिज पर बाइक में कार टकराने पर दबंगों ने ड्राइवर की पिटाई कर दी। किसी तरह वह जान बचाकर कार लेकर भागा। इस पर बाइक सवार ने उसको दौड़ा लिया। दो किसी उसका पीछा कर पूर्वांचल एक्सप्रेस वे पर साथियों की मदद से रोक लिया। कार से घसीटकर लाठी डंडे से उसकी पिटाई कर हाथ तोड़ दिया। कार ड्राइवर की पत्नी और बच्चे रोते हुए मिन्नते करते रहे पर वह पीटते रहे। खून से लथपथ सड़क पर गिरने पर आरोपित धमकाते हुए भाग निकले। दो दिन बाद अस्पताल से छुट्टी मिलने पर पीड़ित ने अज्ञात बाइक सवारों के खिलाफ गोसाईंगंज थाने में मुकदमा दर्ज कराया है। बाराबंकी के लोनी कटरा भिलवल निवासी शलाहुद्दीन बुकिंग पर अपनी कार चलाते हैं। शलाहुद्दीन के मुताबिक गुरुवार को पत्नी और बच्चों के साथ वह मोहनलालगंज में शादी समारोह में शामिल होने जा रहे थे। शाम करीब सात बजे वह मोहनलालगंज-गोसाईंगंज स्थित अनूपगंज रेल ओवरब्रिज पर पहुंचे थे। ओवरब्रिज पर निर्माण कार्य चल रहा था। बैरिकेडिंग के पास उन्होंने कार रोकी थी, तभी पीछे से आ रही बाइक कार में भिड़ गई। इस पर दोनों बाइक सवार उन्हें गालियां देने लगे। कार से उतरते ही दोनों उनको पीटने लगे। किसी तरह वह भागकर कार में आए और जान बचाकर वहां से भाग लिया। बाइक सवार भी उनके पीछे आने लगे। वह दो किमी दूर बेली गांव स्थित पूर्वांचल एक्सप्रेस पर पहुंचे तभी लाठी- डंडे से लैश बदमाशों ने उनके कार के सामने बाइक लगाकर उन्हें रोक लिया। इतने में पीछे से भी बाइक सवार आ गए। आरोपितों ने उन्हें कार से खींचकर बाहर निकाल लिया। इसके बाद लाठी डंडे से उनकी पिटाई कर दी। हालत बिगड़ने पर उन्हें जान से मारने की धमकी देते हुए भाग निकले। पत्नी ने आसपास के लोगों की मदद से उन्हें निजी अस्पताल में भर्ती कराया। पिटाई से उनका हाथ टूट गया। सिर व शरीर के अन्य हिस्से में चोटें आई। दो दिन बाद अस्पताल से उन्हें छुट्टी मिली। इंस्पेक्टर गोसाईंगंज ब्रजेश कुमार त्रिपाठी के मुताबिक शनिवार को मिली तहरीर पर अज्ञात के खिलाफ मुकदमा दर्ज कर आसपास के सीसीटीवी फुटेज खंगाले जा रहे हैं।

शलाहुदुदीन के मुताबिक बाइक सवार बदमाशों ने लाठी-डंडे से उनकी पिटाई कर दी। पिटाई देख उनकी पत्नी और बच्चे बिलख पड़े। रोते हुए वह उनसे छोड़ने की मिन्नते करते रहे। पर वह मानने का तैयार नहीं थे। आरोपितों ने उन्हें खूब पीटा। हालत बिगड़ने लगी तब उन्हें वह छोड़कर भाग निकले।

## विकास कुमार जायसवाल को बनाया गया एसीपी हजरतगंज

लखनऊ। कमिश्नरेट में शनिवार की शाम दो सहायक एसीपी के कार्य क्षेत्र में फेर बदल किया गया है वहीं एक अन्य जिले से लखनऊ में नियुक्त हुई महिला एसीपी को एक सर्किल की जिम्मेदारी सौंपी गयी है। लखनऊ कमिश्नर अमरेन्द्र कुमार सेंगर ने शनिवार की शाम एसीपी के कार्यक्षेत्र में बदलाव करते हुए एसीपी गोमतीनगर विकास कुमार जायसवाल को एसीपी हजरतगंज, एसीपी कृष्णानगर विनय कुमार द्विवेदी को एसीपी गोमतीनगर व अभी हाल ही में लखनऊ नियुक्त हुई सौम्या पांडेय को एसीपी कृष्णानगर की जिम्मेदारी सौंपी है।

## सरकारी जमीन पर कब्जेदारी को लेकर दो पक्षों के बीच चले लाठी-डंडे

**लखनऊ।** राजधानी के बख्शी का तालाब क्षेत्र के महिगवां थाना इलाके में सरकारी जमीन पर कब्जे को लेकर दो पक्षों में लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले। शनिवार सुबह हुई इस घटना में आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हुए हैं। वहीं, गंभीर रूप घायल तीन लोगों को ट्रॉमा सेंटर रेफर किया गया है। जानकारी के मुताबिक महिगवां थाना क्षेत्र के सोनवा गांव में ग्राम प्रधान अशोक कुमार गिरि और गंगा शरण गिरि उर्फ मुन्ना के बीच में सरकारी जमीन पर कब्जा करने को लेकर लाठी-डंडे और धारदार हथियार चले हैं। शनिवार सुबह हुई इस घटना में लगभग आधा दर्जन से अधिक लोग घायल हो गए हैं। वहीं, ग्रामीणों ने इसकी सूचना महिगवां थाना पुलिस को दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गंभीर रूप से घायल ग्राम प्रधान अशोक गिरि, भाई संजय गिरि और विपक्ष के गंगा शरण गिरि उर्फ मुन्ना को इलाज के लिए बीकेटी क्षेत्र के रामसागर मिश्र शौ शैय्या संयुक्त चिकित्सालय पहुंचाया। जहां तीनों घायलों की हालत गंभीर देखते हुए डॉक्टरों ने उन्हें ट्रॉमा सेंटर रेफर किया है। वहीं, मामूली रूप से घायल ग्राम प्रधान अशोक का भाई वरुण गिरि, विपक्ष के रंजीत गिरि पुत्र गंगा शरण गिरि तथा तथा अन्य तीन महिलाएं भी चोटिल हुई हैं।

# तुलसियानी समूह के निदेशकों के करीबियों की सम्पत्ति भी होगी कुर्क

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) ने तुलसियानी कंस्ट्रक्शन एंड डेवलपर्स कम्पनी के दो निदेशकों के करीबियों की सम्पत्तियां भी चिन्हित करना शुरू कर दिया है। दावा किया जा रहा है कि ये सम्पत्तियां निदेशकों ने ही खरीदी है। इस बारे में कई साक्ष्य मिल चुके हैं। ईडी ने इन्हें भी कुर्क करने की कवायद शुरू कर दी है। इनमें अधिकतर सम्पत्तियां प्रयागराज में चिन्हित की गई हैं। रियल एस्टेट कारोबारी तुलसियानी समूह के डायरेक्टर अनिल कुमार व महेश कुमार के खिलाफ हजरतगंज कोतवाली में दर्जनों निवेशकों ने एफआईआर दर्ज कराई थी। इसकी जांच में करोड़ों रुपए की सम्पत्तियां लखनऊ, प्रयागराज समेत कई जिलों में खरीदी गई। इस पर ही ईडी ने मनी लांड्रिंग का केस दर्ज कर जांच शुरू की थी। ईडी को बैंक से चार करोड़ 63 लाख रुपए का ऋण लेकर हड़प लिया। ईडी ने दो दिन पहले ही निदेशक अनिल कुमार तुलसियानी का लखनऊ के श्रीराम अपार्टमेंट में स्थित डेढ़ करोड़ रुपए का फ्लैट कुर्क किया है। ईडी को जांच में यह भी पता चला है कि अनिल कुमार और महेश कुमार ने कई सम्पत्तियां अपने करीबियों के नाम पर भी खरीदी है। इनमें कई सम्पत्तियां प्रयागराज में भी है। ईडी ने इन सम्पत्तियों का ब्योरा तैयार कना शुरू कर दिया है। कुछ सम्पत्ति चिन्हित भी कर ली गई है। ईडी सूत्रों का दावा है कि कुछ साक्ष्यों के मिलते ही इन सम्पत्तियों को भी कुर्क किया जाएगा।

**चालक को पिलाई नशीली चाय ई रिक्शा व मोबाइल लेकर हुए फरार:** तेलीबाग से निलमथा ने लिए दो लोगो ने पहले ई रिक्शा बुक किया। रास्ते मे उसे नशीली चाय पिलाकर रिक्शा व मोबाइल लूट कर फरार हो गए। पीड़ित मुकदमा दर्ज कराने के लिए थाने के चक्कर लगा रहा है लेकिन उसका मुकदमा दर्ज नही किया गया। तेलीबाग निवासी विनय वर्मा ने बताया कि व ई रिक्शा चलाकर परिवार का भरण पोषण करता है। बीते 29 नवम्बर को दो लोगो ने तेलीबाग से निलमथा जाने के लिए ई रिक्शा बुक किया। पीड़ित का आरोप है कि रिक्शे पर बैठे लोगों ने उसे रास्ते में चाय पीने के लिए रिक्शा रुकवाया। उसी दौरान चाय में कुछ नशीला पदार्थ मिला दिया। जिसके बाद मुझे वह निलमथा रेलवे क्रासिंग की ओर ले गए। जहां उतार कर व मेरा मोबाइल व ई रिक्शा लेकर चले गए। पीड़ित बीते दो दिनों से सुशान्त गोल्फ सिटी थाने के अज्ञात लोगों द्वारा मोबाइल व ई रिक्शा ले जाने वालों के खिलाफ मुकदमा दर्ज कराने के लिए चक्कर लगा रहा है। लेकिन पुलिस ने मुकदमा दर्ज नही किया। इंसपेक्टर अंजनी कुमार मिश्रा ने बताया कि पीड़ित की तहरीर के आधार पर जांच की जा रही है। क्षेत्र में रुट पर लगे सीसीटीवी कैमरों की फुटेज चेक किया जा रहा है।

## रियल एस्टेट फर्म संचालक से हड़पे तीस लाख

विशेष संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** गुड़ंबा कोतवाली में रियल एस्टेट संचालक ने पिता-पुत्रों के खिलाफ धोखाधड़ी का मुकदमा दर्ज कराया है। आरोपियों ने विवादित जमीन का सौदा करते हुए 30 लाख रुपये लिए थे। फरीदीनगर निवासी एएम अंसारी इशल कंस्ट्रक्शन फर्म चलाते हैं। कुछ वक्त पूर्व गुड़ंबा मोहम्मदपुरखत्री निवासी रुपचंद्र यादव से मुलाकात हुई। जिसने कुर्सी रोड पर 840 वर्गफीट का प्लॉट दिखाया। सौदा करीब 48 लाख में तय हुआ था। जिस पर एएम अंसारी ने 30 लाख रुपये नगद दिए। रुपचंद्र के साथ उसके बेटे संजय और राजेश यादव भी थे। पेशगी देने के बाद एएम अंसारी ने अधिवक्ता से जमीन के कागज चेक करने के लिए कहा। पता चला कि रुपचंद्र के बताए प्लॉट पर पहले ही कई मुकदमे हैं। सच्चाई सामने आने पर पीड़ित ने रुपये वापस करने के लिए कहा था। जिस पर आरोपियों ने गाली गलौज की। इंस्पेक्टर प्रभतेश कुमार ने बताया कि मुकदमा दर्ज कर जांच की जा रही है।

**आई फोन के डिब्बे में साबुन रखकर किया फ्रॉडः लखनऊ।** डिलीवरी ब्वॉयज ने आईफोन के बॉक्स में साबुन और टाइल्स रखकर 12 लाख रुपए से ज्यादा की ठगी की है। डिलीवरी करने वाली कंपनी को भनक लगी तो दो डिलीवरी ब्वॉयज के खिलाफ केस दर्ज कराया गया है। पुलिस मामले की जांच कर रही है। जानकारी के मुताबिक लखनऊ में इस्ट्राकार्ट कंपनी के दो कर्मचारियों ने्र आई फोन गायब करके 12 लाख 70 हजार की ठगी की है। वो कैंसिल ऑर्डर या फिर वापस किए जाने वाले प्रोडक्ट की डिलीवरी लेकर उसमें खेल करते थे। आईफोन की जगह टाइल्स और साबुन रखकर कंपनी को वापस कर देते थे। सरोजनी नगर के रहने वाले कंपनी के टीम लीडर शोभित दीक्षित ने केस दर्ज कराया है। वो ग्रीनटेक लॉजिस्टिक एंड मोबिलिटी प्राइवेट लिमिलेड में ऑपरेशन एग्जीक्यूटिव के पद पर तैनात हैं। कंपनी का काम इस्ट्राकार्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में मैन पावर सप्लाई करना है। शोभित दीक्षित ने बताया कि चिनहट स्थित इस्ट्राकार्ट सर्विस प्राइवेट लिमिटेड में गांधी नगर तेलीबाग निवासी एरार पुत्र मोहम्मद इरसाद और सदर कैंट झोपड़ पट्टी कांजी हाउस निवासी मोमिन पुत्र शहाबुद्दीन डिलीवरी ब्वॉय का काम करते हैं।

## पंखा और दरवाजे चोरी

लखनऊ। एक सरकारी स्कूल से चोर पंखा और बाथरूम में लगे पल्ले चोरी कर ले गए। प्रिंसिपल ने सरोजनी नगर थाने में चोरी का मुकदमा दर्ज कराया है। बेखौफ चोरों ने एक प्राथमिक विद्यालय का ताला तोड़कर एक पंखा और चार पल्ले चोरी कर लिए।

**कार्यालय ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद कला, वि.ख. दोस्तपुर, जनपद-सुलतानपुर**

पत्रांक-मेमो/ग्रा.पं./निविदा/कोटेशन सूचना/2024-25 दिनांक-29.11.2024

**निविदा/कोटेशन**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद कला, वि.ख. दोस्तपुर, सुलतानपुर में मनरेगा योजनान्तर्गत वर्ष 2024-25 में प्राप्त धनराशि से होने वाले निर्माण कार्य हेतु सामग्री आपूर्तिकताओं/ठेकेदारों से निविदा/कोटेशन दरें आमंत्रित की जाती है। इच्छुक फर्म निविदा प्रकाशन तिथि दिनांक 30.11.2024 से दिनांक 07.12.2024 तक कार्यालय ग्राम पंचायत मुस्तफाबाद कला पर ग्राम प्रधान/सचिव को दोपहर 02:00 बजे तक उपलब्ध करा सकते है। निविदा दिनांक- 07.12.2024 को निविदादाताओं की उपस्थिति में शाम 03:00 बजे खोली जाएगी। दरें पी.डब्ल्यू.डी. द्वारा जारी दरों से अधिक नहीं होनी चाहिए। विवरण निम्न प्रकार है-

| क्रम सं. | कार्य का नाम | अनुमानित लागत (रुपये में) | सामग्री विवरण |
|---|---|---|---|
| 1. | रशीद के घर से मदरसा तक इण्टरलॉकिंग कार्य। | 6.32 लाख। | इण्टरलॉकिंग ईंट व अन्य सामग्री। |

नोट- समस्त नियम व शर्तें लागू होंगी। कार्यालय के किसी भी कार्यदिवस में देखी जा सकती है।

ग्राम प्रधान/सचिव
ग्रां.पं.- मुस्तफाबाद कला, वि.ख.- दोस्तपुर
जनपद-सुलतानपुर

**कार्यालय ग्राम पंचायत शाहपुर, विकास खण्ड धौरहरा जिला खीरी**

पत्रांक /मेमो/स्वच्छ भारत मिशन (एस.एल.डब्लू.एम.)/निविदा सूचना प्रकाशन वर्ष 2024-25/
दिनांक- 30.11.2024

**अति अल्पकालीन निविदा सूचना**

सर्वसाधारण को सूचित किया जाता है कि ग्राम पंचायत शाहपुर में वर्ष 2024-25 में स्वच्छ भारत मिशन (एस.एल.डब्लू.एम.) योजना के अन्तर्गत निर्माण कार्य कराए जाने हेतु स्थानीय एवं प्रतिष्ठित फर्मों के स्थायी फर्म जिनका आयकर वाणिज्य कर विभाग से पंजीकृत हो से मोहर बंद निविदा दिनांक 01.12.204 से 07.012.2024 को अपराह्न 02 बजे तक आमंत्रित की जाती है। प्राप्त निविदा ग्राम पंचायत के कार्यालय में दिनांक 07.12.2024 को समय 04 बजे खोली जाएगी।

| क्र. सं. | कार्य का नाम | सीमेन्ट | ईंटा एम. 150 | बालू | मौरंग | गिट्टी | रोड़ा 40 एम.एम. | टीन सेड |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | ग्राम पंचायत में एकीकृत ठोस अपशिष्ट प्रबन्धन केन्द्र का निर्माण कार्य। | 62 बैग | 4685 नग | 3.29 घन मी. | 4.767 घन मी. | 4.1 घन मी. | 4.210 घन मी. | 47.06 स्क्वायर मी. |
| | | स्टेक्चर स्टील | प्राइमर | डिस्टम्पर | पेन्ट | पी.वी.सी. पाइप | सरिया | |
| | | 3.870 कु. | 8 ली. | 19 ली. | 13 ली. | 2 मी. | 2.170 कु. | |

नियम शर्तः-

1. निविदा फर्म उससे सम्बन्धित निर्देश ग्राम पंचायत शाहपुर के कार्यालय में 01.12.2024 से 07.12.2024 तक रुपए मुल्य 200.00 नगद जमा करके अपरान्ह 02 बजे तक प्राप्त किये जा सकते है।
2. निविदा प्राप्त कर ग्राम पंचायत शाहपुर के कार्यालय में मोहर बन्द लिफाफे की निविदा प्रपत्र 01.12.2024 से दिनांक 07.12.2024 को समय 02 बजे तक ग्राम पंचायत के कार्यालय में टेण्डर बाक्स में सील बन्द टेण्डर डाले जायेंगे तथा डाक द्वारा भी प्रेषित किये जा सकते है। निर्धारित तिथि व समय के बाद निविदा स्वीकार नहीं की जायेगी ।
3. प्राप्त टेण्डर को ग्राम पंचायत शाहपुर के द्वारा गठित समिति के समक्ष दिनांक 07.12.2024 को समय 4:00 बजे दिन में सार्वजनिक रूप से खोले जायेंगे।
4. निविदा स्वीकृत होने के उपरान्त निर्धारित दरों में वित्तीय वर्ष 2024-25 के अन्दर कोई अन्य परिवर्तन मान्य नहीं होगा।
5. ग्राम पंचायत द्वारा आवश्यकतानुसार सामग्री की मांग करने पर तत्काल सामग्री कार्य स्थल पर उपलब्ध कराना अनिवार्य होगा।
6. निविदा मानक के अनुरूप सामग्री उपलब्ध कराना तथा मार्का ब्राण्ड भी उल्लखित कराना होगा सामग्री मानक के अनुसार आपूर्ति न करने अथवा कमी पाये जाने पर बिना नोटिस के निविदा निरस्त कर दी जायेगी ।
7. किसी एक निविदा को स्वीकार करने अथवा सभी निविदाओं को निरस्त करने का अधिकार ग्राम प्रधान/ग्राम पंचायत विकास अधिकारी में निहित होगा।
8. किसी भी वाद विवाद की दशा में जनपद न्यायलय खीरी ही मान्य होगा।

प्रदीप कुमार
ग्राम प्रधान
ग्राम पंचायत शाहपुर
विकास खण्ड धौरहरा

भास्कर राम
सचिव
ग्राम पंचायत शाहपुर
विकास खण्ड धौरहरा

# जो शाश्वत है, वही सनातनः आचार्य प्रमोद कृष्णम

- सनातन संगम न्यास की ओर से द्वितीय धम्मायोजन का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** व्यक्ति बड़ा नहीं होता बल्कि विचार बड़ा होता है, भाव बड़ा होता है। दुनिया में जितने भी धर्म हैं, सही मायने में वो धर्म नहीं हैं, पूरी दुनिया में धर्म एक है। जब परमात्मा एक है तो धर्म अलगकृअलग कैसे हो सकते हैं। दुनियाभर में जितने भी धर्म हैं वह सब मानव निर्मित हैं, वह मत हैं, पंथ हैं, संप्रदाय हैं, उन्हें धर्म नहीं कह सकते। जो सत्य है वही शाश्वत है, जो शाश्वत है वही सनातन है क्योंकि सनातन परमात्मा द्वारा प्रदत्त है।

उपरोक्त विचार शनिवार को गांधी समाभार में सनातन संगम न्यास के द्वितीय सनातनी धम्मायोजन में बोलते कल्की पीठाधीश्वर आचार्य प्रमोद कृष्णम ने व्यक्त किये। आचार्य प्रमोद कृष्णम ने आगे कहा कि परमात्मा आदि, अनंत है। हमारी तो सीमाएं हैं, हमारा अंत भी है लेकिन परमात्मा अनंत है। हम परमात्मा के हिस्से हैं, इसलिए उनसे मिलने के ? लिए तड़पते रहते हैं। धरती, आकाश, पहाड़, नदिया, झरने आदि प्रकृति का स्वरूप परमात्मा प्रदत्त है। सनातन भी परमात्मा प्रदत्त है। सनातन लेने का नहीं बल्कि देने का नाम है। जो देता है वह दाता है, जो दाता है वही सनातन है। आचार्य ने कहा कि हर व्यक्ति के जीवन में वह पल आता है जब वह पिता बनता है, दाता बनता है। एक बार कीर्तन करके देखो कि हे परमात्मा, हमें कुछ नहीं चाहिए, आपने हमें जो कुछ भी दिया है उसका बहुत धन्यवाद। लेने की ख्वाहिश छोड़ दो, देना सीखो, जिंदगी बदल जाएगी। जब आस्था कमजोर होती है तो परमात्मा पत्थर नजर आता है, जब आस्था मजबूत होती है तो पत्थर में परमात्मा नजर आता है। इसीलिए कहा गया है कि कणकृकण में भगवाान हैं। सनातन धर्म पर गोष्ठी आयोजित करने के लिए डॉ. अतुल कृष्ण को साधुवाद। इसके पूर्व कार्यक्रम का आरम्भ सनातनी पद्धति के अनुसार वैदिक मंत्रोच्चार के बीच हवन पूजन के साथ हुआ। इसके बाद विभिन्न पंथों के धमार्चार्यों द्वारा बौध मत के थेरावादी व महायानी मंत्रोच्चारण का पवित्र पाठ हुआ। अ ?भिषेक जैन ने टीम के साथ नमोवर मंत्र पाठ कर माहौल को भक्तिमय बना दिया। सनातन संगम न्यास के संस्थापक डॉ अतुल कृष्ण ने बताया कि सनातन का अर्थहै, वह जो चिरकाल से है, जो शाश्वत है जो अपरिवर्तनीय है। जब इस शब्द का प्रयोग किसी दर्शन के संबंध में किया जाता है तो इसका अर्थ उन सिद्धांतों से होता है जो किसी व्यक्ति के द्वारा नहीं बनाए गए एवं स्वयं प्रकृति ने उन्हें मानव को उसके धर्म स्वरूप दिए हैं।

उत्तर प्रदेश पावर ट्रांसमिशन कारपोरेशन लिमिटेड ई-निविदा सूचना : निम्नलिखित ई-निविदा जिनका संक्षिप्त विवरण नीचे दिया गया है ई-निविदा की वेबसाईट **www.etender.up.nic.in** पर अपलोड कर दी गई हैः 1. अल्पकालीन खुली ई-निविदा संख्या टी.-09/2024-25, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा के अन्तर्गत 220के.वी. विद्युत उपकेन्द्र, सैफई पर स्थापित 160एम.वी.ए. 220/132के.वी. परिवर्तकों-प्रथम एवं द्वितीय के ऑयल लीकेज को सही कराने इत्यादि का कार्य। उपरोक्त विषय में विस्तृत विवरण साईट पर उपलब्ध है सभी सक्षम आपूर्ति/कार्यदायी संस्थाएं तद्नुसार निविदा में भाग ले सकती है। **अधिशासी अभियन्ता, विद्युत पारेषण खण्ड, इटावा। "राष्ट्रहित में बिजली बचायें" (पत्रांक : 2271, दिनांक : 29.11.2024)।**

**पूर्वोत्तर रेलवे**

**ई-आक्शन नोटिस सं. LJN-PRKG-13-24**
मण्डल रेल प्रबन्धक (वा.), पूर्वोत्तर रेलवे, लखनऊ द्वारा भारत के राष्ट्रपति की ओर से निम्नलिखित कार्य हेतु आईआरईपीएस के ई-ऑक्शनिंग के माध्यम से ई-ऑक्शन आमंत्रित की जाती है- क्र.सं. : 1, लॉट सं. : PARKING-LJN-BST-TW-116-24-1 (Parking-Two Wheeler), कार्य का विवरण : बस्ती स्टेशन के मेनगेट साईड दो पहिया पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, स्कूटर) का ठेका 03 वर्ष हेतु। क्र.सं. : 2, लॉट सं. : PARKING-LJN-GKP-TW-7-22-1 (Parking-Two Wheeler), कार्य का विवरण: गोरखपुर स्टेशन के आरक्षण कार्यालय स्थित दो पहिया पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, स्कूटर) का ठेका 03 वर्ष हेतु। क्र.सं. : 3, लॉट सं. : PARKING-LJN-MSW-MX-115-24-1 (Parking-Mixed), कार्य का विवरण : मसकनवा स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया (स्टेशन के दोनों तरफ) स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु। क्र.सं. : 4, लॉट सं. : PARKING-LJN-PJ-MX-66-24-1 (Parking-Mixed), कार्य का विवरण : पीपीगंज स्टेशन के सर्कुलेटिंग एरिया स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया, बस, ट्रक, ट्रैक्टर ट्रॉली) का ठेका 03 वर्ष हेतु। क्र.सं. : 5, लॉट सं. : PARKING-LJN-GKP-MX-78-22-4 (Parking-Mixed), कार्य का विवरण : गोरखपुर स्टेशन के प्लेटफॉर्म-9 स्थित संयुक्त पार्किंग (साईकिल, मोटर साईकिल, तीन पहिया, चार पहिया वाहन) का ठेका 03 वर्ष हेतु।
• निविदाकार प्रकाशित सूचना के अनुसार ई-ऑक्शन में भाग ले सकते हैं। ireps पोर्टल पर दिए गए तिथि/समय के अनुसार सभी लॉट की ई-ऑक्शन प्रारंभ एवं बन्द होंगी। • सभी लॉट के लिए ई-ऑक्शन दि.- 16.12.2024, 13:00 बजे प्रारंभ होकर 16.12.2024, 14:10 बजे बंद होगी। • इस ऑक्शन के लिये मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर स्वीकार नहीं किया जायेगा। यदि मैनुअल माध्यम से कोई ऑफर प्राप्त होता है तो उस पर विचार नहीं किया जायेगा। • अर्नेस्ट मनी की राशि (5%) का भुगतान केवल IREPS पोर्टल पर ठेकेदार द्वारा लिंक किये गये बैंक खाते से किया जायेगा। मैनुअल विधि जैसे-डिमाण्ड ड्राफ्ट, बैंकर्स चैक, एफडीआर, जमा रसीद आदि के माध्यम से भुगतान की अनुमति नहीं होगी। • विज्ञप्ति सूचना एवं निविदा प्रपत्र प्रारूप तथा नियम व शर्तों की सम्पूर्ण जानकारी वेबसाइट www.ireps.gov.in (E-Auction module) पर उपलब्ध है।
मण्डल रेल प्रबन्धक (वाणिज्य), लखनऊ
मुजाधि/वाणिज्य-188
गाड़ियों की छतों व पायदान पर कदापि यात्रा न करें

# अवध महोत्सव : गीत-संगीत संग मंच पर दिखा नृत्य का जलवा






वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** अवध महोत्सव 2024 के वीकेंड पर पूरे महोत्सव में सुबह से ही भारी भीड़ और उत्साह देखने को मिला। फूड जोन से लेकर झूलों तथा अन्य स्टॉल पर भारी भीड़ रही।

सांस्कृतिक संध्या में अवध महोत्सव के मंच से कलाकारों द्वारा एक से बढ़कर एक प्रस्तुतियां दर्शकों को देखने को मिलीं। द म्यूजिक प्लेनेट नृत्यांगन डांस इंस्टीट्यूट द्वारा मनभावन प्रस्तुतियां देखने को मिली। इशिका चौहान द्वारा एक प्यार का नगमा है, वारी और वाणी द्वारा नगरी हो अयोध्या की अश्वि गुप्ता हैप्पी बर्थडे, अधत पांडे हर घड़ी बदल रही, राग भूपाली हितेश और हिमांशु तिवारी, तबले पर रुद्राक्ष और अमित एकांत सिंह का गिटार, छवि लोधी मेरे महबूब, अवनीका सिंह सरगम और अलंकार, राधा तथा देवों स्मित मेहंदी वे मेहंदी चिट्टियां कलाइयां श्रेया, कृष्णा, अर्जुन, इशिका, आकषा, आरव सिंह अनिका यादव, गणेश वंदना दवा इशिका महाभारत, अर्शी वामिका, ये चमक ये दमक सर्वेश कुमारी, धड़क टाइटल शिवम, उनसे मिली नजर दीवा, सबसे बड़ा तेरा नाम अमित कुमार आरती जागृति, कौन दिशा में लेके राम कुशल द्वारा बेहद अनोखे अंदाज में प्रस्तुतियों दी गई। अवध महोत्सव के वीकेंड में नृत्यांगना डांस इंस्टीट्यूट के डायरेक्टर अनुपम श्रीवास्तव के नेतृत्व में गणेश वंदना पंचरत्नम, पुंवपाजली भरतनाट्यम, बंगाली ढाक बाजा, नमो नमो शंकरा, आज राधा को श्याम, ताल से ताल आदि पर आर्या, नविषा, तारा, शास्तिक, अलका, रितु, आरोही, समृद्धि और अन्य कलाकरों ने शानदार प्रस्तुतियां दीं और खूब तालियां बटोरीं। जयपुरिया स्कूल की कथक टीचर रिचा तिवारी के नेतृत्व में बच्चों ने कमाल का गायन और नृत्य का बहुत ही रोमांचक प्रस्तुति दी गरिमा दिव्या गुनगुन अशी गरिमा अनिका निधि मलिक खूब धमाल बचाया। सांस्कृतिक संध्या का शुभारंभ अध्यक्ष विनोद कुमार सिंह एवं उपाध्यक्ष एन बी सिंह ने दीप प्रज्वलित करके किया तथा महोत्सव में आए सभी का धन्यवाद और आभार व्यक्त किया।

## कंचन मीना का म्यूजिक सॉन्ग 'अस्सी जान दे' रिलीज

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** युवा पीढ़ी को सौम्य संदेश के साथ मधुर गीत-संगीत पर थिरकाने के उद्देश्य से आज हुडाबा क्लासिक, मिलेनियम प्लाजा, गोल्फ सिटी लखनऊ में प्रसिद्ध पार्श्व गायिका कंचन मीना का गाया म्यूजिक सॉन्ग ' अस्सी जान दे' रिलीज हुआ।

इस अवसर पर बी.आर.मीना ए.डी.जी उत्तर प्रदेश पुलिस की पत्नी, पार्श्व गायिका कंचन मीना ने बताया कि म्यूजिक सॉन्ग ' अस्सी जान दे ' का निर्माण कंचन म्यूजिक के बैनर तले किया गया है। इस सॉन्ग के लेखक हैं कुशाग्र तिवारी और इसको गाया है मैंने और शिवांग माथुर (संगीतकार) ने। कंचन मीना ने आगे बताया कि म्यूजिक सॉन्ग ' अस्सी जान दे ' अभिनेता आयुष श्रीवास्तव और अभिनेत्री साक्क्षी रॉय पर फिल्माया गया है, इसकी शूटिंग साउथ गोवा बिच पर की गई है। उम्मीद है कि यह म्यूजिक सॉन्ग युवाओं को जरूर लुभायेगा।

# हस्तशिल्प महोत्सव में चला नृत्य व मैजिक शो का जादू







- सेंट्रल बार एसोसिएशन और लखनऊ बार एसोसिएशन के 101 अधिवक्ताओं का सम्मान
- हार्ट एंड सोल कल्चरल एंड वेलफेयर सोसाइटी के बच्चों ने दी मनमोहक प्रस्तुति

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** कानपुर रोड आशियाना स्थित स्मृति उपवन बंग्ला बाजार में आयोजित माँ गायत्री जन सेवा संस्थान एवं नीशू वेलफेयर फाउंडेशन के तत्वाधान में हिंदुस्तान हस्तशिल्प महोत्सव में शनिवार शाम आज के बतौर मुख्य अतिथि वरिष्ठ नेता भारतीय जनता पार्टी उत्तर प्रदेश माननीय नीरज सिंह एवम विशिष्ट अतिथि पूर्व अध्यक्ष बार काउंसिल आफ उत्तर प्रदेश अखिलेश अवस्थी एडवोकेट व लखनऊ महामंत्री बार एसोसिएशन बृजभान सिंह भानु एडवोकेट , पूर्व महामंत्री लखनऊ बार एसोसिएशन कुलदीप नारायण मिश्रा अधिवक्ता, पूर्व महामंत्री सेंट्रल बार अखिलेश जायसवाल अधिवक्ता, पार्षद भारतीय जनता पार्टी एवम अधिवक्ता आशीष हितैसी एवम अध्यक्ष अरुण प्रताप सिंह व गुंजन वर्मा,रणवीर सिंह ,विनय दुबे द्वारा सांस्कृतिक संध्या का शुभारम्भ दीप प्रज्ज्वलित कर किया गया। आज के कार्यक्रम संयोजन में अधिवक्ता सूरज जैसवानी, योगेंद्र पाल सिंह भल्ला एवं अभिनव सिंह थे।

सांस्कृतिक संध्या के मंच से आज 101 अधिवक्ताओं का सम्मान हुआ इसके संयोजक गोविंद कनौजिया एडवोकेट रहे अधिवक्ताओं ने सम्मान पाकर हर्ष महसूस किया। तत्पश्चात मंच से शशांक द्वारा मैजिक शो करके दर्शकों को अचंभित किया। एक से बढ़कर एक मैजिक शो दिखाकर दर्शकों का मनोरंजन किया। वहीं हार्ट एंड सोल कल्चरल एंड वेलफेयर सोसाइटी के बच्चों द्वारा प्रस्तुति दी गई संयोजक मंदाकिनी बहुगुणा थी। कार्यक्रम के अगले सोपान में संयोजक शिखा द्वारा बच्चों ने अलग-अलग प्रस्तुति दी। डाली महक वैष्णवी दिव्या ने सूफी सॉन्ग सुन कर दर्शकों का मन मोह लिया। प्रकाश द्वारा हि पाप की प्रस्तुति दी गई, एक राधा एक मीरा....गीत महक , दिव्या की जुगलबंदी से पूरा पंडाल राधा-मीरा में हो गया। महक, डॉली, दिव्या ,प्रेम, वैष्णवी एवम प्रकाश ने गरबा नृत्य की प्रस्तुती से दर्शको का मन मोहा। इस अवसर पर महोत्सव समिति के मनोज सिंह चौहान, रोली सिंह, मोनालिसा, विवेक सिंह, दुर्गेश, हेमू चौरसिया आदि उपस्थित रहे। मंच का संचालन प्रदीप शुक्ला एवम मनीष पंडित ने किया।

# प्रचलित देशज परंपराएं और लोक संस्कृति का चित्रण है 'संदूक'

- एसएनए के वाल्मीकि रंगशाला में नाटक संदूक और खंडहरों का साम्राज्य का हुआ मंचन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** अमुक आर्टिस्ट ग्रुप की ओर से नाटक संदूक और खंडहरों का साम्राज्य का प्रभावी मंचन हुआ। मंचन उत्तर प्रदेश संगीत नाटक अकादमी की वाल्मीकि सभागार में शनिवार को हुआ। नाटक का लेखन, परिकल्पना एवं निर्देशन वरिष्ठ रंगकर्मी अनिल मिश्र गुरू जी का था। मुख्य अतिथि मेजर संजय कृष्ण और सुशील कुमार सिंह ने रंगकर्मी ज्योति पांडेय को सम्मानित किया गया।

नाटक की शुरूआत लेखक प्रमथनाथ विषी की लोक कथा संदूक से होती है। संदूक कहानी के बहाने प्रचलित देशज परंपराएं और लोक संस्कृति को कलाकारों ने बखूबी चित्रित किया। संदूक खजाना, संस्कार, समान, मदद का साधन हो सकता है। लेकिन यहां कहानी में जिस व्यक्ति के पास संदूक होता है, उसे गांव के लोग बहुत धनी मानते हैं। ये संदूक कहां से आया, किससे और कब मिला, इस रहस्य को लेकर गांव वालों के अलग-अलग कयास होते हैं। ऐसे में जब भी कोई व्यक्ति कभी बाढ़, आकाल, डकैती पड़ने या अन्य किसी मुसीबत पर मदद मांगते हैं। तो रामबाबू मदद देने के लिए कल-परसों आने के लिए कह कर टाल देते हैं। लेकिन उनका कल-परसों कभी आता ही नहीं है। ऐसे में गांव के जरूरतमंद लोगों की मदद अक्सर कहीं न कहीं से हो जाती है। बात आई गई हो जाती है। एक समय ऐसा आता है, जब रामबाबू की मौत हो जाती है। बेटे आनन-फानन में संदूक खोलते हैं, तो देखते हैं कि वह खाली होता है। उस बड़े संदूक में सिर्फ एक चिटठी रखी होती है। जिस पर लिखा होता है। बेटा मैंने संदूक की बदौलत आजीवन सम्मान बनाए रखा। तुम्हें भी इसी तरह विश्वास और सम्मान बनाए रखना है।

**खंडहरों का साम्राज्य :** विभिन्न देशों में सम्राज्यवादी नीतियों को लेकर विध्वंस जारी है। ऐसे में खंडहरों का साम्राज्य कहानी में एक रानी अशांति का साम्राज्य खंडहरों का साम्राज्य होता है। वह अपने खंडहर में कीढ़े, मानव कंकाल, लाशों का ढेर के बीच, भूख से मरते लोगों के बीच राज करती है। युद्ध करती है। अशांति देवी कहती है कि जब मैं रोटी दूंगी, तो तुम तुरंत मर जाओगे। इसलिए कुछ ज्यादा जिओ जिंदगी का आनंद लो। वो मानव विभीषिकाओं से खेलती है। उसके राजवैद्य-हिंसक जी, मां महामातिक, राक्षसी-दानवी आदि सत्ता के मंत्रिमंडल में पदासीन होते हैं।

अंशाति देवी की सबसे बड़ी कमजोरी शांति की छाया पड़ते ही वह मरने लगती है। एक बार उसे शांति रोग हो जाता है, राजवैद्य उसका इलाज करने आते हैं। राजवैद्य अशांति देवी को उनके स्वास्थ्य के खराब होने का कारण शांति की छाया पड़ना बताते हैं। ऐसे में राजवैद्य को बंधक बना लेती है, और शांति को पकड़ कर लाने का हुक्म जारी करती है। वह अपने साम्राज्य को आबाद करने के लिए शांति पकड़कर अपने राज्य को अमर बनना चाहती है। सैनिक जंजीरों से जकड़कर शांति को उसके सामने पेश करते हैं। अशांति देवी जैसे ही शांति को मारने आगे बढ़ती है, पिघलने लगती है, मृत होने लगती है। चारों ओर खेत-खलिहान, पेड़-पौधे हरे-भरे होने लगते हैं। नाटक में अहम भूमिका अरशद अली, शोभित राजपूत, राहुल प्रताप सिंह, मनोज तिवारी, मृत्युंजय प्रकाश, लता बाजपेई, अभिषेक शर्मा, अभिषेक पाल, शिखा श्रीवास्तव, अमर नाथ विश्वकर्मा, कृष्ण कुमार पांडेय, पूनम विश्वकर्मा, कशिश सिंह, आकृति, संतोषी, आकृति, छवि श्रीवास्तव, अनामिका सिंह ने निभायी।

# नाम से होते हैं बड़े-बड़े काम : आचार्य रमाकांत गोस्वामी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)





**लखनऊ।** राधा स्नेह दरबार द्वारा आयोजित भक्तमाल कथा के तीसरे दिन संत मीराबाई के चरित का गुणगान हुआ। शनिवार को गोमती तट स्थित खाटूश्याम मन्दिर में श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए आचार्य रमाकान्त गोस्वामी ने कहा कि लोक लाज और कुल की मर्यादा को तोड़ने वाली मीरा ने अपनी भक्ति से न केवल अपने गिरिधर को पाया अपितु अपने लौकिक पति के पुरखों को भी तार दिया। उन्होंने कहा कि मीरा को उनके ससुराल वालों ने घर के बाहर भूतमहल में निर्वासित किया तो मीरा ने वहां चरणामृत छिड़काव किया और इससे राणा कुल के पुरखे तृप्त हो गये। मीरा अपने धुन की पक्की थीं और उन्होंने बचपन में जो कृष्ण को पति माना तो वे अंत तक डटी रहीं और उन्हीं में लीन भी हो गईं।

आचार्य रमाकांत ने कहा कि सच्ची भक्ति करने वाला किसी की चिन्ता नहीं करता। मीरा भी वैसी ही थीं जिनमें भक्ति के संस्कार जन्मजात थे। वो पूर्वजन्म में गोपी थीं। उन्होंने कहा कि भजन से शान्ति, तपस्या से ऐश्वर्य और सेवा से आनन्द मिलता है। बहुत से काम केवल किसी का नाम लेने से हो जाते हैं। दुकान से उधार मिल जाता है किन्तु कृष्ण नाम ऐसा है जिससे हर जगह हर काम हो जाते हैं। उन्होंने कहा कि भक्तों के जीवन से सीख मिलती है जिसे सबको सीखना चाहिए। ध्रुव, प्रह्लाद से स्मरण निष्ठा, अर्जुन, सुदामा व विभीषण से सखा भाव, नंद बाबा, यशोदा व कमाबाई से वात्सल्य भाव सीखने लायक है। कथा में पधारे उदासीन आखाड़ा के महामण्डलेश्वर आचार्य धर्मेन्द्र दास, महापौर सुषमा खर्कवाल, भाजपा नेता नीरज सिंह, पूर्व जलशक्ति मंत्री डा. महेन्द्र सिंह, विधायक डा. नीरज बोरा, केन्द्रीय जांच ब्यूरो के निदेशक जी. के. गोस्वामी, पंडित मृदुल त्रिपाठी, डा. मोहिनी, पुष्पलता अग्रवाल, महानगर उपाध्यक्ष धनश्याम दास अग्रवाल, राधा स्नेह दरबार और श्याम परिवार के सदस्यों के साथ ही सैकड़ों गणमान्य जन व श्रद्धालु उपस्थित रहे। आयोजन समिति की ओर से राधा स्नेह दरबार की अध्यक्ष बिन्दू बोरा ने आगंतुकों का स्वागत किया। भक्तमाल कथा में रविवार को सायं तीन बजे से भक्त नरसी मेहता के चरित का आख्यान होगा।



## लखनऊ नगर निगम

टी0एन0 मार्ग, लालबाग, लखनऊ, फोन–फैक्स–0522–2612639,
ई–मेलः nnlko@up.nic.in, वेबसाइटः http://lmc.up.nic.in

नगर निगम जोन-5 व 8 कार्यालय में प्राप्त नाम परिवर्तन सम्बन्धी आवेदन पत्रों पर नियमानुसार नगर निगम अधिनियम 1959 की धारा 213(बी-2) की नोटिस जारी की जा चुकी हैं जिसमें निम्न विवरण के अनुसार नाम परिवर्तन प्रस्तावित है, यदि विवरण में अंकित नाम परिवर्तन के संबंध में कोई आपत्ति हो तो प्रकाशन की तिथि से 20 दिवस के अंदर अपनी आपत्ति साक्ष्यों सहित जोन-5 व 8 कार्यालय में प्रस्तुत कर दें, आपत्ति प्राप्त न होने पर नाम परिवर्तन की कार्यवाही सम्पादित कर दी जायेगी।

**नाम परिवर्तन, जोन–5**

| क्र. सं. | भवन संख्या व मोहल्ला | दर्ज भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम दर्ज होना है | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | 560/071 कृष्णानगर | श्रीमती महेन्द्र कौर | श्रीमती कवलजीत कौर | रजिस्ट्री |
| 2 | केएन-2215स(पीएन-13) जाफर खेडा | श्री आयुष गुप्ता | श्री विनीत अरोड़ा | रजिस्ट्री |
| 3 | 560/025 कृष्णानगर | श्री सरोज सोलंकी | श्री अजीत सिंह | रजिस्ट्री |
| 4 | 560-वी/043ए विजय नगर | श्रीमती शशी प्रभा | श्री विनीत जायसवाल | पारिवारिक |
| 5 | 555ग/293 जाफर खेड़ा | श्री बी0पी0 गुप्ता | श्री सन्तोष व अन्य | पारिवारिक |
| 6 | 561/632 सिन्धु नगर | श्री राम आसरे | श्री अमित कुमार | पारिवारिक |
| 7 | 555ख/524 भोला खेड़ा | श्रीमती कृष्ण कुमारी | श्रीमती कान्ती | रजिस्ट्री |
| 8 | 555ख/087 भोला खेड़ा | श्री बजरंग बली | श्रीमती किरन | रजिस्ट्री |
| 9 | जे-433/4 इन्द्रलोक | श्रीमती रेखा देवी मिश्रा | श्री स्वपनिल | रजिस्ट्री |
| 10 | 565क/196/1 अमरूदहीबाग आंशिक | श्री बिन्द्रा प्रसाद शुक्ला | श्री राजकुमार शुक्ला | रजिस्ट्री |
| 11 | 565क/196/3 अमरूदहीबाग आंशिक | श्री विष्णु प्रसाद | श्री राज कुमार शुक्ला | पारिवारिक |
| 12 | 565क/196/2 अमरूदहीबाग आंशिक | श्री भगवत प्रसाद | श्री राजकुमार शुक्ला | पारिवारिक |
| 13 | 563क/096ए श्याम नगर | श्री बाबू लाल | श्रीमती सावित्री सिंह | रजिस्ट्री |
| 14 | 555च/320/ए राम नगर | श्री संजय | श्री गुरदीप सिंह | रजिस्ट्री |
| 15 | 563क/117 श्याम नगर | श्री जगदीश यादव | श्री दिनेश कुमार | पारिवारिक |
| 16 | 555च/101 राम नगर | श्री एस0 मेहर सिंह | श्री अमनप्रीत सिंह | दान विलेख |
| 17 | 559क/316 बहादुर खेडा | श्री धनीराम | श्री देवी प्रसाद | पारिवारिक |
| 18 | 554/1544 पवनपुरी | श्रीमती कृष्ण कुमारी | श्री विपिन कुमार मिश्रा व विनीत कुमार मिश्रा | पारिवारिक |
| 19 | 554/487, छोटा बरहा | श्रीमती सरोज खरे | श्रीमती इन्दु खरे व असीम कुमार सिन्हा | पारिवारिक |
| 20 | 551क/ओ-608, ओम नगर | श्री रविन्द्र नाथ सिंह | श्री रमेश चन्द्र सिंह | वसीयत |
| 21 | 556/045 सुजानपुरा | श्री भुवनेश्वर दयाल सक्सेना | श्री आशीष दयाल सक्सेना | वसीयत |
| 22 | 569क/120 स्नेह नगर | श्रीमती शान्ति गुप्ता | श्री राजीव गुप्ता | पारिवारिक |
| 23 | 569च/062 प्रेम नगर | श्रीमती सुलेखा | श्रीमती सुप्रिया डे व अनुपमा डे | पारिवारिक |
| 24 | 569च/597बी प्रेम नगर | श्रीमती सुलेखा | श्रीमती सुप्रिया डे व अनुपमा डे | पारिवारिक |
| 25 | 569च/876 प्रेम नगर | श्री सन्तनाम सिंह | श्री राजेन्द्र सिंह | पारिवारिक |
| 26 | 569च/770 प्रेम नगर | श्रीमती लीलावती | श्रीमती काजल सिंह | रजिस्ट्री |
| 27 | 554ख/067/01 विश्वेश्वर नगर | श्री सेवा दास | श्री सरोज व अंशिका प्रताप सिंह | पारिवारिक |
| 28 | 565/139/2 पूरन नगर | श्री सालिग्राम | श्री अनिल कुमार शुक्ला | पारिवारिक |
| 29 | 569च/675 प्रेम नगर | श्री सालिग्राम | श्री अनिल कुमार शुक्ला | पारिवारिक |
| 30 | 552/607ए चन्दर नगर | श्रीमती सीमादेवी | श्री त्रिलोचन चन्दानी, विकास चन्दानी व अन्य | पारिवारिक |
| 31 | 554ख/123 विशेवर नगर | श्री पप्पू | श्री दिनेश कुमार रावत | रजिस्ट्री |
| 32 | 551घ/106 नटखेड़ा | श्री सुखदेव सिंह | श्री हरप्रीत सिंह | पारिवारिक |
| 33 | 569क/008बी स्नेह नगर | श्रीमती सरस्वती | श्रीश तुलस्यानी व रूपल तुलस्यानी | रजिस्ट्री |
| 34 | 552/100क चन्दर नगर | श्रीमती पुष्पा मलिक | श्री अजीत सिंह व हरप्रीत कौर | रजिस्ट्री |
| 35 | 566/289-सी जय प्रकाश नगर | श्री संजय सिंह व मो0 इलियास | श्रीमती पूनम चड्डा | रजिस्ट्री |
| 36 | 551क/ए-144, आजाद नगर | श्रीमती सुमन अवस्थी | श्री सुदामा शुक्ला व विरेन्द्र कुमार शुक्ला | रजिस्ट्री |
| 37 | 566/139 जय प्रकाश नगर | श्री अशोक कुमार आडवानी | श्रीमती मधु आडवानी | पारिवारिक |
| 38 | 570/868/1 पकरी | श्री अरूण कुमार वर्मा | श्री सन्तोष भट्ट | रजिस्ट्री |
| 39 | 551क/जी-582 भिलॉवा | श्री रमई साहू | श्री दिलीप साहू व दीपू | पारिवारिक |
| 40 | 568ख/566 (एसएन-3) गीतापल्ली | श्री नवल किशोर चौरसिया | श्री अमित कुमार | रजिस्ट्री |
| 41 | 551क/जी-908सी आजाद नगर | श्रीमती अफसाना बेगम | श्री सगीर अहमद | रजिस्ट्री |
| 42 | 568क/197 कृष्णापल्ली | श्री महेश प्रसाद यादव | श्रीमती शिवकला देवी | पारिवारिक |
| 43 | 570/1023 पकरी | श्री राम बहादुर सिंह | श्रीमती प्रभावती देवी व अश्वनी कुमार सिंह | पारिवारिक |
| 44 | 551क/ए-147 आजाद नगर | श्री लाल बहादुर यादव | श्री यतिन्द्र सिंह | रजिस्ट्री |
| 45 | 555ज/124/1 मेंहदी खेडा | श्री हरवंश कौर | श्री रजिन्दर सिंह | वसीयत |
| 46 | 555ज/124/2 मेंहदी खेडा | श्री हरवंश कौर | श्री जरनैल सिंह | वसीयत |
| 47 | 548घ/361 तेजी खेडा | श्रीमती खातून | मो0 रईस | रजिस्ट्री |
| 48 | एसवीसी/180 शमा विहार | श्रीमती अनीज फातिमा | श्री मुख्तार अहमद | पारिवारिक |
| 49 | 582/963 बदाली खेडा | श्रीमती शिवदेवी | श्री संतोष कुमार त्रिपाठी | पारिवारिक |
| 50 | एएनसी/145 आजाद नगर चिल्लावाँ | श्री रूद्रनाथ पाण्डेय | श्री आशुतोष पाण्डेय | दान विलेख |
| 51 | 582/402/1 बदाली खेडा | श्री रहीमुद्दीन व सिराजुद्दीन | श्री जैनब अंसारी | रजिस्ट्री |
| 52 | 582/950 बदाली खेड़ा | श्री ठाकुरदीन | श्रीमती विमला वर्मा | पारिवारिक |
| 53 | एमएनजी/812 मानस नगर | श्री विनोद कुमार राय व प्रेमलता राय | प्रेम लता राय | पारिवारिक |
| 54 | वीएल/113 विष्णुलोक | श्रीमती केवला देवी | श्री हरिनाथ राय | पारिवारिक |

**नाम परिवर्तन, जोन–8**

| क्र. सं. | भवन संख्या व मोहल्ला | दर्ज भवन स्वामी का नाम | जिसके नाम दर्ज होना है | नामान्तरण का आधार |
|---|---|---|---|---|
| 1 | एम-151 आशियाना (सेक्टर-एम) वार्ड विद्यावती प्रथम | सुनीता | सुनीता देवी व राम बरन | रजिस्ट्री |
| 2 | एम-392 आशियाना (सेक्टर-एम) वार्ड विद्यावती प्रथम | तुलसी यादव | श्री अभिषेक त्रिपाठी | रजिस्ट्री |
| 3 | एम-1153 आशियाना (सेक्टर-एम) वार्ड विद्यावती प्रथम | रेनू झा | ऋषभ रस्तोगी व अंकिता रस्तोगी | रजिस्ट्री |
| 4 | एम-209-ए आशियाना (सेक्टर-एम) वार्ड विद्यावती प्रथम | राम सिंह | श्री दिनेश शंकर शुक्ला | रजिस्ट्री |
| 5 | एम-139 आशियाना (सेक्टर-एम) वार्ड विद्यावती प्रथम | श्री राकेश शमशेरी | श्रीमती रेखा शमशेरी | पारिवारिक |
| 6 | एल/077/ई एलडीए कालोनी (सेक्टर-ई) वार्ड विद्यावती प्रथम | फूलमती सैनी | मनोज कुमार यादव व लक्ष्मी | रजिस्ट्री |
| 7 | एम-1060 आशियाना (सेक्टर-एम) वार्ड विद्यावती प्रथम | सरिता शुक्ला | वैभव शुक्ला | पारिवारिक |

जोनल अधिकारी, नगर निगम, लखनऊ

# अवधी लोकोत्सव : राम जी के होईलै जन्मा की करि आई...

• चिन्तनस समग्र विकास समिति की ओर से पारम्परिक अवधी लोकोत्सव का आयोजन

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** चिन्तनस समग्र विकास समिति रहीमनगर लखनऊ के तत्वाधान में मोहन सिंह बिष्ट सभागार, निकट कुमांचल नगर सामुदायिक केंद्र, उत्तराखण्ड महापरिषद, कुमांचल नगर, लखनऊ में 20 दिवसीय कार्यशाला के उपरान्त पारम्परिक अवधी लोकोत्सव एवं कार्यशाला कार्यक्रम का आयोजन किया गया। जिसका उद्घाटन श्रद्धा त्रिपाठी द्वारा किया गया। कार्यक्रम का शुभारम्भ मुख्य अतिथि महोदय द्वारा दीप प्रज्ज्वलन कर किया गया।

इस अवसर पर विशिष्ट अतिथि रामाशीष मौर्या व डॉ. रोहित मिश्र एसो. प्राफेसर पं. दीनदयाल उपाध्याय शोध पीठ, समाज कार्य विभाग, लखनऊ विश्वविद्यालय, उत्तराखण्ड महापरिषद, लखनऊ के अध्यक्ष हरीश चन्द्र पंत, दीवान सिंह अधिकारी संरक्षक, वैभव त्रिवेदी समाज सेवक, लखनऊ, डॉ. रवि प्रकाश, डॉ अर्चना श्रीवास्तव, अभिनव त्रिपाठी एडवोकेट, देवाधि त्रिपाठी, नन्ही अभिश्री त्रिपाठी, राज नारायण मौर्य, मुकेश बाजपेयी, राजीव वर्मा आदि अतिथि के तौर पर मौजूद रहे। संस्था की अध्यक्ष डा. प्रेरणा त्रिपाठी ने मुख्य अतिथि एवं अतिथियों का पुष्पगुच्छ एवं प्रतीक चिन्ह व शाल भेंटकर स्वागत किया। इस अवसर पर डा. अभिषेक त्रिपाठी प्रबन्धक एवं सचिव ने अतिथियों एवं दर्शकों तथा कलाकारों का आभार व्यक्त किया। स्वागत गीत से कार्यक्रम की प्रथम प्रस्तुति निर्देशन व कलाकार हरीतिमा पन्त, गणेश वन्दना जिसके बोल है गाइये गणपति जगवन्दन, निर्देशन- हरीतिमा पन्त, कलाकार -ओजस्वी, अक्षिता, नव्या, निवेदिता, शिवाक्षरा, अनन्या, वर्षा, श्रुति ने योगदान दिया।

गायन बोल-हरे हरे खेतवा में...गयिका- रेनु लता कौल, कुमाऊनी लोक नृत्य गीत- नृत्य कलाकार शिल्पी, एकता, पारु, गायन बोल- राम जी के होईले जन्मा की करि आई...गयिका नम्रता मिश्रा ने प्रस्तुत किया। उत्तराखण्ड का लोक नृत्य -निर्देशन -हरीतिमा पन्त नृत्य निर्देशन- सुनीता बिष्ट बोल - लसका कमर, पटवारी उमेदा सिह लसका कमर कलाकार- दीप्ती गुप्ता, नेहा पाठक, नीलम, जोशी, हेमा भट्ट, मीनाक्षी कान्डपाल, पूजा वर्मा, राधा साहू, सीमा जोशी, प्रज्ञा दुबे। गायन- बोल-तुम मेरि राखो लाज हरि...गयिका- गीता पालीवाल का रहा। अवधी लोकनृत्य जिसके बोल-रंगी सारी गुलाबी चुनरिया सुनाया जिसपर कलाकार श्रीया सिंह, आयशा चिलरेगा, पर्णिका पराशर, अद्रिका राजे ने नृत्य किया। जिसकी परिकल्पना सुश्री विधु शरण नृत्य निर्देशन- अंजुल बाजपेई का रहा। गायन बोल-विवाह गीत (नकटा) रंगीला मोरा बालमा...गयिका- हरीतिमा पन्त, सूफी लोकनृत्य कलाकार-आन्या पाण्डेय, नव्या श्रीवास्तव, वैष्णवी चतुर्वेदी, आरना सक्सेना, निमिषा वर्मा रहीं जिसका निर्देशन व नृत्य निर्देशन पीयुष पाण्डेय का रहा।

कार्यक्रम के अगले पड़ाव में लोक नृत्य अभिश्री त्रिपाठी ने प्रस्तुत किया। गायन बोल- (अवधी) कैसे खेलन जाइबू सावन...गयिका- रिंकी सिंह, फ्यूजन नृत्य- दो गीत की युगल बन्दी कलाकार- ईवा, सिद्धि, ईलेक्सी निर्देशन जया तोलानी का रहा। गायन बोल-ओ झूलो सौण भादों चैमास सुवा भिजि आलो...गयिका श्रीमती आशा श्रीवास्तव, आकाशवाणी की सुप्रसिद्ध कलाकारों ने योगदान दिया। गायन बोल- हिमालों का ऊचा, नीचा डाना (गढ़वाली गीत)...गयिका-रेनु लता कौल, कुमॉउनी मैसप लोकनृत्य बोल- तन्खारा मेरि कम छु हीरा, गुलाबी शरारा कलाकार-प्राची सिंह रावत, राश्मी सिंह रावत, अहाना रावत, नेहा अधिकारी, मानषी बजैठा, पायल पाण्डेय, निर्देशन- रश्मि रावत का रहा।

गायन (मैसप) कलाकार-नम्रता मिश्रा, बोल काहे को ब्याही विदेश (नन्दी नन्दी बुदियारें प्रस्तुत किया जिसका निर्देशन व परिकल्पना हरीतिमा पंत के द्वारा की गयी व नृत्य निर्देशन में पीयुष पाण्डेय, अंजुल बाजपेई, सुनीता विष्ट, जया तुलानी, रश्मि रावत की मुख्य भूमिका रही। मंच संचालन प्रियका जायसवाल जी के द्वारा किया गया। सिन्धसाईजर पर ओमकार सिह व ढोलक, नाल पर विजय कुमार के द्वारा संचालन किया गया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर मुख्य अतिथि महोदय ने कहा कि संस्था द्वारा समय-समय पर भारतीय लोक संस्कृति से सम्बन्धित कार्यक्रमों का आयोजन किया जाता रहा है। भारतीय संस्कृति अपने में विविधतों को समेटे हुए है जो कि वहाँ कि संस्कृति के माध्यम से प्रदर्शित होती रहती है। भारतीय संस्कृति में उत्तर प्रदेश की संस्कृति में अवधी का सदैव महत्वपूर्ण स्थान है। लखनऊ की संस्कृति अवध की शान है। दूर-दूर विदेशों से भी लोग अवधी संस्कृति को समझने व अपनाने के लिए आते है।

उत्तर प्रदेश में अन्य बोलियों में भोजपुरी, ब्रज भाषा, बुन्दलखण्डी इत्यादि मुख्य रुप से है जो कि इस प्रदेश की सांस्कृतिक विरासत का प्रदर्शित करती है तथा प्रत्येक भाषा अपनी लोक संस्कृति को समेटे हुए है। सम्पूर्ण भारतीय संस्कृति की यही खुबसुरती है कि यह असानी से लोगों को अपने में समाहित कर लेती है। और सभी की मनपसंद बन जाती है। आज के इस बदलाव एवम भाग दौड़ भरे जीवन में अपनी भारतीय संस्कृतिक विरासत का संरक्षण एवं संवर्धन करना अति आवश्यक है जिससे हमारी आने वाली पीढ़ियो को भी इसकी जानकारी एवम महत्वता का पता चल सके। विशिष्ट अतिथि महोदय ने बताया कि अवध की संस्कृति सदैव देश में अग्रणी भूमिका में रही है। लखनऊ की नाजाकत व नफासत पूरे विश्व में प्रसिद्ध है। आज के समय में अपनी संस्कृति को सजोये रखना तथा इसे आने वाली पीढ़ियो को स्थानान्तरित करना एक बड़ी चुनौती है। मुख्य अतिथि महोदय ने संस्था द्वारा लोक कला एवं संस्कृति के लिए किये जा रहे प्रयासो की भूरि भूरि प्रशंसा एवं सराहना की गयी। संस्था द्वारा सभी कलाकारों को पुरस्कार वितरण एवं प्रमाण पत्र दिया गया।

## 51 शक्तिपीठ के सदस्यों ने वाराणसी के महासमागम में किया सहभाग

लखनऊ। 51 शक्तिपीठ तीर्थ के चार सदस्यीय प्रतिनिधि मण्डल ने वाराणसी में आयोजित हो रहे 51 शक्तिपीठों एवं द्वादश ज्योतिलिंगों के दो दिवसीय महासमागम में भाग लिया। काशी के रुद्राक्ष कन्वेंशन सेंटर में आयोजित इस माह समागम का उद्घाटन प्रदेश के उपमुख्यमंत्री ब्रजेश पाठक ने किया।

इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ के प्रतिनिधि मण्डल का नेतृत्त्व कर रहीं न्यास अध्यक्ष तृप्ति तिवारी ने बताया कि इस महासमागम में भारत, नेपाल, श्रीलंका, पाकिस्तान, तिब्बत और बांग्लादेश में अवस्थित सती के इक्यावन शक्तिपीठों और ज्योतिलिंगों के अधिष्ठातागण भाग ले रहे हैं। इस कार्यक्रम में समस्त शक्तिपीठों और ज्योतिलिंगों के परिपथ और समन्वय पर संत एवं विद्वज्जन चर्चा कर एक विस्तृत रूपरेखा बनाएँगे। लखनऊ से इक्यावन शक्तिपीठ तीर्थ के प्रतिनिधि मण्डल में ट्रस्टी वरद तिवारी, प्रधान पुरोहित आचार्य धनञ्जय पाण्डेय सम्मिलित हैं।

## डॉ. अर्चना प्रकाश की दो कृतियों का लोकार्पण



लखनऊ। राजधानी के गोमती नगर स्थित एल्डिको ग्रीन, एफिल क्लब में डॉ. अर्चना प्रकाश की दो कृतियों सनातन वाणी एवम बादल और बिजली बाल कथा संग्रह का लोकार्पण किया गया। कार्यक्रम में नीरजा द्विवेदी एवम स्मृति राज, दो ख्याति लब्ध महिला साहित्यकारों को अवध रानी साहित्य आराधन स्मृति सम्मान एवम ललिता देवी साहित्य आराधन सम्मान से सम्मानित भी किया गया। इससे पहले कार्यक्रम का शुभारम्भ शोभा दीक्षित की वाणी वन्दना से हुआ। कार्यक्रम की अध्यक्षता डॉ. अमिता दुबे एवम मुख्य अतिथि के रूप में महेश चन्द्र द्विवेदी मौजूद रहे। डॉ. रश्मिशील शुक्ला एवम्नीलम राकेश बतौर मुख्य वक्ता मौजूद रहे। वहीं नमिता सुन्दर एवं गोपाल नारायण श्रीवास्तव ने भी दोनों पुस्तकों पर चर्चा की। कार्यक्रम में डॉ. रश्मिशील ने कहा कि सनातन वाणी हिन्दू धर्म और दर्शन की पुस्तक है जो चौबीस विचारात्मक एवम गवेषणात्मक लेखों का अद्भुत संकलन है। सनातन वाणी वे विचार या वचन हैं जो कभी अप्रासंगिक नहीं होते। मुख्य अतिथि महेश चन्द्र द्विवेदी ने कहा कि इस पुस्तक के लेख गूढ़ चिन्तन के विषय है। हिन्दू आध्यात्म परम्परा एवं आस्था रखने वालो के लिए ये पुस्तक अत्यन्त धार्मिक उपयोगी है। वहीं गोपाल नारायन ने कहा कि ये पुस्तक मनोरंजन नहीं बुद्धि रंजन का साहित्य हैं। वहीं बदल और बिजली बाल कहानी संग्रह पर वरिष्ठ बाल साहित्यकार नीलम राकेश ने कहा कि बादल और बिजली प्रकृति के दो महत्वपूर्ण तत्वों बादल एवम्-बिजली के माध्यम से बच्चों को जीवन के अनेक पहलुओं से परिचित कराता है। डॉ. नमिता सुन्दर ने कहा कि ग्यारह कहानियों के इस संकलन में नवीनता की झलक मिलती है। वही कार्यक्रम की अध्यक्ष डॉ. अमिता दुबे ने कहा दोनों ही पुस्तकें समाज एवम बच्चों के लिए बहुत उपयोगी है। सनातन वाणी हिन्दू धर्म की तरह सनातन व शाश्वत है। कार्यक्रम का संचालन अलका प्रमोद ने किया। इस अवसर पर सर्वेश अस्थाना, महेन्द्र भीष्म, मुकुल महान, वीबी पाण्डेय, रश्मिशील, संजीव जायसवाल, नरेन्द्र भूषण, दयानन्द पाण्डेय, डीडी लाल आदि अनेक साहित्यकार मौजूद रहे।

# वादन प्रतियोगिता में भातखंडे के ध्रुव ने मारी बाजी

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** भातखंडे संस्कृति विश्वविद्यालय (बीएसवी), लखनऊ के विद्यार्थियों ने पांच दिवसीय युवा महोत्सव में शनिवार को संगीत, नृत्य, कथक और शास्त्रीय संगीत से जुड़ी विधाओं में अपनी प्रतिभा और कौशल का शानदार प्रदर्शन किया। विद्यार्थियों ने पहली बार महोत्सव में हिस्सा लिया। मध्य प्रदेश के डॉ. हरिसिंह गौर विश्वविद्यालय सागर में 38वीं भारतीय विश्वविद्यालय संघ (एआईयू) अंतर विश्वविद्यालय सेंट्रल जोन युवा महोत्सव की प्रतियोगिता 26 से 30 नवंबर तक आयोजित की गई।

**सारंगी वादन में ध्रुव त्रिपाठी का जलवा:** सारंगी एकल वादन प्रतियोगिता में बीएसवी के ध्रुव त्रिपाठी ने अपने बेहतरीन प्रदर्शन से पहला स्थान हासिल कर विश्वविद्यालय का नाम रोशन किया। उनकी संगीत प्रतिभा और समर्पण ने निर्णायकों को प्रभावित किया और उन्हें महोत्सव में सर्वश्रेष्ठ कलाकारों में शामिल किया।

**शास्त्रीय गायन में अभय सिंह ने जीता दूसरा स्थान:** शास्त्रीय गायन की प्रतियोगिता में अभय सिंह ने अपने सुरों और अद्भुत गायकी से दूसरा स्थान हासिल किया। उनकी प्रस्तुति ने दर्शकों और निर्णायकों को मंत्रमुग्ध कर दिया।

**रंगोली में धर्मराज ने मारी बाजी:** ललित कला संकाय के छात्र धर्मराज ने रंगोली प्रतियोगिता में अपनी रचनात्मकता और कलात्मक कौशल का प्रदर्शन करते हुए पहला स्थान प्राप्त किया। उनकी रंगोली में रंगों का संयोजन और डिजाइन ने सभी का ध्यान आकर्षित किया।

**अन्य प्रतियोगिताओं में भी शानदार प्रदर्शन:** कथक नृत्यः अंशिका कटारिया ने अपनी भाव-भंगिमा और शुद्ध कथक शैली से तीसरा स्थान प्राप्त किया। ताल वाद्यः आलोक मिश्रा ने अपनी सधी हुई ताल और वादन शैली से पांचवां स्थान हासिल किया। लोक नृत्यः भातखंडे विश्वविद्यालय की टीम ने लोक नृत्य प्रतियोगिता में चौथा स्थान प्राप्त कर अपनी सांस्कृतिक पहचान को मंच पर प्रस्तुत किया।

**विश्वविद्यालय के लिए गौरव का क्षण:** कुलपति प्रो. मांडवी सिंह ने कहा कि हमारे विद्यार्थियों ने पहली बार युवा महोत्सव में भाग लिया और सफलता हासिल की। यह सफलता विश्वविद्यालय के विद्यार्थियों की कड़ी मेहनत और संकाय सदस्यों के मार्गदर्शन का परिणाम है। उन्होंने कहा कि हमारे विद्यार्थी इसी तरह राष्ट्रीय और अंतरराष्ट्रीय मंचों पर अपनी प्रतिभा का प्रदर्शन करें और भारतीय कला और संस्कृति को विश्व स्तर पर पहचान दिलाएं।

## मध्य क्षेत्र मुख्य अभियंता बने रवीन्द्र सिंह

**लखनऊ।** शासन ने लोक निर्माण विभाग (पीडब्ल्यूडी) में मुख्य अभियंता सेतु लखनऊ मुख्यालय रवीन्द्र सिंह को स्थानान्तरित करते हुए मुख्य अभियंता मध्य क्षेत्र के पद पर तैनात किया किया गया है। इसके साथ ही उप्र राज्य मार्ग प्राधिकरण (उपशा) के मुख्य अभियंता अवधेश कुमार सिंह स्थानान्तरित करते हुए मुख्य अभियंता मुरादाबाद के पद पर तैनात किया गया। यह आदेश शनिवार को विशेष सचिव प्रभुनाथ ने जारी किया।

## ताजिकिस्तान के साथ द्विपक्षीय सहयोग के लिए लविवि को आमंत्रण

**लखनऊ।** लखनऊ विश्वविद्यालय को भारत में ताजिकिस्तान गणराज्य के दूतावास से जनवरी 2025 में ताजिकिस्तान का दौरा करने के लिए एक प्रतिष्ठित आमंत्रण प्राप्त हुआ है। इस दौरे का उद्देश्य ताजिक उच्च शिक्षा संस्थानों के साथ स्थायी द्विपक्षीय शैक्षिक और सांस्कृतिक सहयोग की संभावनाओं का पता लगाना है। ताजिकिस्तान के विदेश मंत्रालय द्वारा 29 नवंबर 2024 को जारी एक पत्र के अनुसार, सरकार ने लखनऊ विश्वविद्यालय द्वारा 26 सितंबर 2024 को प्रस्तुत शैक्षिक सहयोग प्रस्ताव के समर्थन की सहमति व्यक्त की है। इस पहल का उद्देश्य दोनों देशों के शैक्षिक संस्थानों के बीच संबंधों को मजबूत करना और आपसी विकास व स्थिरता को बढ़ावा देना है। दूतावास ने विश्वविद्यालय प्रशासन से अनुरोध किया है कि वे शीघ्रातिशीघ्र प्रतिनिधिमंडल के सदस्यों की सूची प्रस्तुत करें, ताकि इस दौरे का सफल आयोजन सुनिश्चित किया जा सके। यह साझेदारी विश्वविद्यालय की वैश्विक भागीदारी और अंतरराष्ट्रीय शैक्षिक संबंधों को प्रोत्साहित करने की प्रतिबद्धता को दर्शाती है। ताजिकिस्तान के राजदूत लुकमन बोबोकालोनजोदा ने लखनऊ विश्वविद्यालय के सहयोग में रुचि दिखाने के प्रति आभार व्यक्त किया।

## पाश्चात्य संगीत की बारीकियों से रूबरू हुए छात्र और शिक्षक

**लखनऊ।** सीएमएस के राजाजीपुरम प्रथम कैम्पस के तत्वावधान में आयोजित वेस्टर्न क्लासिकल म्यूजिक वर्कशाप में बड़ी संख्या में उपस्थित छात्रों, शिक्षकों व संगीत प्रेमियों ने न सिर्फ पाश्चात्य शास्त्रीय संगीत की बारीकियों को समझा बल्कि पाश्चात्य संगीत की विभिन्न विधाओं का आनंद उठाया। यह संगीत कार्यशाला एसोसिएटेड बोर्ड ऑफ रायल स्कूल ऑफ म्यूजिक (एबीआरएसएम), लंदन के सहयोग से सम्पन्न हुई। इस संगीत कार्यशाला में एबीआरएसएम के परीक्षक फिलिप वाल्श, राबर्ट शॉ, त्से येन योंग एवं इंडिया नेशनल यूथ आर्केस्ट्रा एवं कोरस की मैनेजिंग डायरेक्टर सोनिया खान ने संगीत शिक्षा पर गहन चर्चा-परिचर्चा की एवं दर्शकों के सवालों के जवाब देकर उनकी जिज्ञासाओं का समाधान भी किया। इस वर्कशाप में लंदन से आये विश्व प्रसिद्ध संगीतकारों ने कंपोजीशन, परफार्मेन्स एवं समूह प्रस्तुतियों पर सारगर्भित व्याख्यान प्रस्तुत किये। इस संगीत कार्यशाला की खास बात रही कि इसमें एबीआरएसएम के चीफ एक्जीक्युटिव क्रिस कॉब, एबीआरएसएम के उप-मुख्य परीक्षक मर्विन कजिंस एवं संगीतज्ञ जेम्स वेलबर्न ने लंदन से अपनी ऑनलाइन उपस्थिति दर्ज करायी एवं अपने सारगर्भित संबोधन से छात्रों व संगीत प्रेमियों का उत्साहवर्धन किया।

# कृषि विकास योजना के तहत जैविक मेले का आयोजन

विशेष संवाददाता (vol)



**लखनऊ।** बक्शी का तालाब स्थित अतरौरा मोड पहाड़पुर कुम्हरावां में शनिवार को परंपरागत कृषि विकास योजनातर्गत जैविक किसान मेले का आयोजन शनिवार को हुआ। मेले का उद्घाटन खंड विकास अधिकारी पूजा पांडे, उप कृषि निदेशक अनिल कुमार यादव एवं कृषि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह ने किया। कार्यक्रम की शुरूआत सरस्वती जी की प्रतिमा पर माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलित कर की गई। उप कृषि निदेशक ने सभी किसानों एवं वैज्ञानिकों का स्वागत किया।

प्रमुख रूप से जैविक खेती को बढ़ावा देने के लिए किसानों को मेले में विभिन्न प्रकार के जैविक उत्पाद तथा जैविक खेती से किसानों को किस तरह जोड़ा जाए, उस पर विधिवत्त चर्चा चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के प्राचार्य प्रो गजेंद्र सिंह ने किया तथा जैविक उत्पाद बनाने की विधि और उपयोग पर चर्चा चंद्रभानु गुप्त कृषि महाविद्यालय के कृषि वैज्ञानिक डॉ सत्येंद्र कुमार सिंह ने किया। डॉ सत्येंद्र सिंह ने बताया कि आज के परिवेश में जैविक खेती की बहुत आवश्यकता है निरंतर कीटनाशकों के जहरीले प्रयोग से खेती किसानी के साथ में जनमानस प्रभावित हो रहा है। उन्होंने जोर देते हुए कहा कि जैविक खेती एक ऐसा माध्यम है, जिससे शरीर में हो रही बीमारियों से बचा जा सकता है। कृषि विभाग के उप कषि निदेशक द्वारा जैविक खेती को बढ़ावा देने तथा कृषि विभाग में चल रही योजनाओं एवं किसान सम्मान निधि की जानकारी दी।

# बांग्लादेश में हिंदुओं की हत्या व उत्पीड़न बर्दाश्त नहीं : गोपाल राय

वरिष्ठ संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** विश्व हिंदू रक्षा परिषद के अध्यक्ष गोपाल राय के नेतृत्व में शनिवार को गोमती नगर कार्यालय से 1090 चौराहे होते हुए हजरतगंज चौराहे से शहीद स्मारक तक एक विशाल पदयात्रा का आयोजन किया गया। इस विरोध प्रदर्शन का उद्देश्य बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे अत्याचारों और चिन्मय कृष्ण की गिरफ्तारी के खिलाफ आवाज उठाना था। पदयात्रा में हजारों लोगों की भागीदारी रही, जिन्होंने अपनी मांगों को लेकर सरकार से सख्त कार्यवाही की अपील की।

गोपाल राय ने प्रदर्शन के दौरान कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे हमले बेहद निंदनीय और चिंताजनक हैं। उन्होंने कहा कि बांग्लादेश में हिंदुओं पर हो रहे अत्याचार को तुरंत रोका जाना चाहिए। साथ ही चिन्मय कृष्ण के खिलाफ लगाए गए सभी झूठे मामले वापस लिए जाएं और उन्हें जल्द से जल्द रिहा किया जाए। उन्होंने इसे हिंदू समाज पर दोहरा आघात बताते हुए सरकार से इस मामले पर कठोर कदम उठाने की मांग की।

पदयात्रा के अंत में मंडल आयुक्त के माध्यम से प्रधानमंत्री को ज्ञापन सौंपा गया। ज्ञापन में बांग्लादेश में हिंदू समुदाय पर हो रहे हमलों की कड़ी निंदा की गई और भारत सरकार से अंतरराष्ट्रीय स्तर पर इस मुद्दे को उठाने की अपील की गई। ज्ञापन में यह भी मांग की गई कि बांग्लादेश सरकार पर हिंदुओं की सुरक्षा सुनिश्चित करने और दोषियों के खिलाफ कार्यवाही के लिए दबाव डाला जाए।

विश्व हिंदू रक्षा परिषद के प्रदेश अध्यक्ष शिखर गुप्ता ने प्रधानमंत्री से इस मामले में व्यक्तिगत हस्तक्षेप की अपील की। उन्होंने कहा कि मोदी जी को न केवल बांग्लादेश में हिंदुओं के लिए अंतरराष्ट्रीय मंचों पर जोरदार आवाज उठानी चाहिए, बल्कि भविष्य में भी हिंदुओं पर इस तरह का कोई संकट न आए इस बात को भी सुनिश्चित करना चाहिए। प्रमुख रूप से प्रदेश अध्यक्ष शिखर गुप्ता , हिमांशु धवल, स्वामी कन्हैया महाराज जी, दीपक राय, राष्ट्रीय मीडिया प्रभारी राघवेंद्र राय, मानसी गुप्ता, तपस्वी तिवारी, शिवम् सिंह राणा, रचना गौतम, एल पी सिंह, एवं अन्य सैकड़ों लोगों मौजूद रहे।

## चिड़ियाघर में चहलकदमी कर दर्शकों ने जाना इतिहास

लखनऊ। प्राणी उद्यान के 103 वें वर्षगांठ पर शनिवार को आदाब अर्ज संस्था की ओर से हेरिटेज वॉक का आयोजन किया गया। संस्था के समूह ने जू में चहलकदमी करते हुए दर्शकों को नवाब वाजिद अली शाह प्राणी उद्यान के इतिहास से रूबरू कराया। कार्यक्रम की अध्यक्षता सेवानिवृत आईएफएस मोहम्मद अहसान ने की। इस दौरान उन्होंने बताया कि प्राणी उद्यान की स्थापना 18 वीं शताब्दी में अवध के तत्कालीन नवाब नवाब नसीरुद्दीन हैदर ने आम के बगीचे के रूप में की थी। उस समय इसे बनारसी बाग के नाम से जाना जाता था। कार्यक्रम में सेवानिवृत आईआरटीएस एके श्रीवास्तव ने लखनऊ चिड़ियाघर के इतिहास पर चर्चा की। प्राणि उद्यान की स्थापना 29 नवंबर 1921 को प्रिंस ऑफ वेल्स के लखनऊ आगमन के उपलक्ष्य में मनाए जाने की बात कहीं। साथ ही स्थापना की परिकल्पना तत्कालीन गवर्नर सर हरकोर्ट बटलर ने की थी। हेरिटेज वॉक का संचालन करते हुए मो. अहसान ने बारादरी के इतिहास और वहां मौजूद अवशेषों पर प्रकाश डाला, साथ ही चिड़ियाघर के वन्यजीवों, जीवों और वनस्पतियों के बारे में भी बताया। चिड़ियाघर की निदेशक अदिति शर्मा और उप निदेशक उत्कर्ष शुक्ला के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में सदस्य के रूप में जोहैर, नेहा प्रवीण, सारा फातिमा, मनीष सक्सेना, आशीष अवस्थी, डीपी सिंह, सिमी ओमैर और डॉ. नाहिद फातिमा मौजूद रहे।

# विभिन्न स्टेशन से चलेंगी 27 विशेष ट्रेनें

वरिष्ठ संवाददाता (vol)

**लखनऊ।** 01 दिसम्बर को 05045 लालकुआँ-राजकोट विशेष गाड़ी, लालकुआँ से 13.10 बजे चलाई जायेगी। 01 दिसम्बर को 05098 दौराई-टनकपुर विशेष गाड़ी, टनकपुर 09.35 बजे पहुँचेगी। 01 दिसम्बर को 05059 हावड़ा-लालकुआँ विशेष गाड़ी, लालकुआँ 13.55 बजे पहुँचेगी। 01 दिसम्बर को 03132 गोरखपुर-सियालदह विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 11.30 बजे चलाई जायेगी। 01 दिसम्बल को 04043 गोरखपुर-आनन्द विहार टर्मिनस विशेष गाड़ी, गोरखपुर से 17.25 बजे चलाई जायेगी।

01 दिसम्बर को 09658 बढ़नी-दौराई विशेष गाड़ी, बढ़नी से 19.15 बजे चलाई जायेगी।1 दिसम्बर को 09196 मऊ-वडोदरा विशेष गाड़ी, मऊ से 23.15 बजे चलाई जायेगी।01 दिसम्बर को 03131 -गोरखपुर विशेष गाड़ी, गोरखपुर 10.10 बजे पहुँचेगी। 01 दिसम्बर को 09657 दौराई-बढ़नी विशेष गाड़ी, बढ़नी 13.25 बजे पहुँचेगी। 01 दिसम्बरको 04044 आनन्द विहार टर्मिनल-गोरखपुर विशेष गाड़ी, गोरखपुर 14.00 बजे पहुँचेगी। 01 दिसम्बर को 05326 लोकमान्य तिलक टर्मिनस-गोरखपुर विशेष गाड़ी, गोरखपुर 18.00 बजे पहुँचेगी।01 दिसम्बर को 09195 वडोदरा-मऊ विशेष गाड़ी, मऊ 20.45 बजे पहुँचेगी। 01 दिसम्बर को 04823 जोधपुर-मऊ विशेष गाड़ी, मऊ 23.20 बजे पहुचेंगी। 01 दिसम्बर को 02270 लखनऊ-छपरा विशेष गाड़ी, लखनऊ से 14.15 बजे चलाई जायेगी।

01 दिसम्बर, को 05298 छपरा-पाटलिपुत्र विशेष गाड़ी, छपरा से 15.20 बजे चलाई जायेगी। 01 दिसम्बर को 09014 छपरा-उधना विशेष गाड़ी, छपरा से 22.30 बजे चलाई जायेगी।01 दिसम्बर को 02269 छपरा-लखनऊ विशेष गाड़ी, छपरा से 23.00 बजे चलाई जायेगी। 01 दिसम्बर को 05297 पाटलिपुत्र-छपरा विशेष गाड़ी, छपरा 10.50 बजे पहुँचेगी। 1 दिसम्बर को 05050 अमृतसर-छपरा विशेष गाड़ी, छपरा 14.00 बजे पहुँचेगी। 01 दिसम्ब को 09013 उधना-छपरा विशेष गाड़ी, छपरा 19.30 बजे पहुँचेगी। 01 दिसम्बर को 04137 ग्वालियर-बरौनी विशेष गाड़ी चलाई जायेगी।.1 दिसम्बर को 09526 नाहरलगुन-हापा विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 01 दिसम्बर को 09189 मुम्बई सेन्ट्रल-कटिहार विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 01 दिसम्बर, को 04031 सहरसा-आनन्द विहार टर्मिनल विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 1 दिसम्बर को 09028 मालदा टाउन-बान्द्रा टर्मिनस विशेष गाड़ी चलाई जायेगी।1 दिसम्बर को 09421 साबरमती-सीतामढ़ी विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। 01 दिसम्बर को 04005 जयनगर-दिल्ली विशेष गाड़ी चलाई जायेगी। स्टेशनों पर यात्रियों की सुविधा के लिये व्यापक प्रबन्ध किये गये हैं। रेलवे सुरक्षा बल (आर.पी.एफ.) द्वारा यात्रियों को कतारबद्ध तरीके से ट्रेन में प्रवेश कराया जा रहा है।

# छात्रों को रेलवे सुरक्षा कवच के बारे में दी गयी जानकारी

विशेष संवाददाता (vol)




**लखनऊ।** इंस्टिट्यूट ऑफ इंजीनियरिंग एंड टेक्नोलॉजी (आईईटी) लखनऊ के इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग और मैकेनिकल इंजीनियरिंग के तृतीय वर्ष के छात्रों ने गत वर्ष की तरह इस वर्ष भी शनिवार को आरडीएसओ लखनऊ द्वारा आयोजित इन्नो रेल 2025 प्रदर्शनी में प्रतिभाग किया। संस्थान के डायरेक्टर प्रो. विनीत कंसल के दिशा निर्देश में संस्थान की ओर से असिस्टेंट प्रोफेसर अमित कुमार तिवारी एवं इनक्यूबेशन मैनेजर संदीप छात्रों के साथ इन्नो रेल प्रदर्शनी में शामिल रहे।

ध्यान देने योग्य है कि आरडीएसओ द्वारा पूर्णतया भारत में विकसित रेलवे दुर्घटना से बचने के लिए सुरक्षा कवच मेकैनिज्म को विकसित किया गया है। आरडीएसओ के तकनीकी विशेषज्ञ द्वारा छात्रों को रेलवे सुरक्षा कवच के उपयोग के बारे में गहनता से जानकारी दी गयी। संस्थान के छात्रों को रेलवे द्वारा विकसित हाइड्रोजन ट्रेन की मॉडल, वाइल्ड वील इंपैक्ट लो डिटेक्ट तकनीक, जो रेल के ओवर लोड की समस्या के रोकथाम के लिए विकसित किया गया है एवं अन्य विभिन्न नवीन तकनीकों को समझने का अवसर प्रदान हुआ। हाइड्रोजन ट्रेन का ट्राइल हरियाणा में होना प्रस्तावित है। संस्थान के डायरेक्टर प्रो. विनीत कंसल ने आरडीएसओ के द्वारा विकसित, रेलवे में उपयोगी विभिन्न नवीन उपकरणों एवं प्रमुख रूप से नागरिक सुरक्षा की तर्ज पर विकसित कवच प्रणाली के विकास के लिए आरडीएसओ की प्रशंसा की। प्रो. विनीत कंसल ने छात्रों को आरडीएसओ की तर्ज पर नवीन तकनीकी के विकास के माध्यम से राष्ट्र सेवा करने के लिए प्रेरित किया। प्रो. विनीत कंसल ने अमित श्रीवास्तव एक्जीक्यूटिव डायरेक्टर रिसर्च, आरडीएसओ एवं नवीन शर्मा डायरेक्टर एडमिन डायरेक्टरेट आरडीएसओ का विशेष आभार प्रकट किया, जिनके निमंत्रण एवं सहयोग से आईईटी लखनऊ के छात्रों की विजिट का सफल आयोजन संभव हुआ।


## लखनऊ नगर निगम जलकल विभाग, जोन-1, लालबाग, लखनऊ

पत्र सं. : 1290/EE-1/नि. दिनांक : 30.11.2024

**अल्पकालिक निविदा सूचना**

जलकल विभाग में पंजीकृत ठेकेदारो से निम्नलिखित आपूर्ति/कार्यो हेतु पृथक-पृथक निविदाएं इस कार्यालय में दिनांक 07/12/24 अपरान्ह 2.30 बजे तक आमन्त्रित की जाती है, जो दिनांक 07/12/24 को अपरान्ह 3.00 बजे उपस्थित निविदादाताओं के समक्ष खोली जायेंगी। सम्बन्धित कार्य की निविदा प्रपत्र अधिशासी अभियन्ता जोन-1 जलकल विभाग नगर निगम लखनऊ के कैश काउन्टर से निर्धारित शुल्क (Non-Refundable) जमा करके प्राप्त किये जा सकते है। निविदा की शर्ते निविदा प्रपत्र में उल्लिखित है, जो किसी भी कार्यदिवस में अवलोकित की जा सकती है। निविदा के साथ वांछित धरोहर राशि जमा करना अनिवार्य है। किसी भी या समस्त निविदाओं को बिना कोई कारण बताये अस्वीकार करने का अधिकार सक्षम अधिकारी में विदित है।

| क्र. सं. | कार्य/आपूर्ति का विवरण | निविदा शुल्क (रु.) | धरोहर धनराशि (रु.) | कार्य/आपूर्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|
| 1 | जोन-प्रथम अन्तर्गत सुदामापुरी क्षेत्र में ए.पी.सेन रोड पर कछ्छपुरा हाउस डा. पी.सी. तिवारी के घर के पास एक नग मिनी नलकूप (200एम.एम. डाया) की बोरिंग उपरान्त बाईपास सिस्टम/मोटर पम्पसेट की आपूर्ति व अधिष्ठान तथा विद्युत तथा विद्युत/सिविल सम्बन्धी कार्य। | 350.00 | 7000.00 | 15 दिवस |

अधिशासी अभियन्ता जोन-1
जलकल विभाग

संक्षेप

## पंचायत भवन का ताला तोड़ कर चोरी

**कुशीनगर।** जिले के अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र के भगवानपुर बुजुर्ग में बीते शुक्रवार की रात अज्ञात चोरों ने पंचायत भवन के दरवाजे का ताला तोड़ कर लाखों का सामान चुरा ले गए।

जानकारी के मुताबिक अहिरौली बाजार थाना क्षेत्र अंतर्गत स्थित भगवानपुर बुजुर्ग में बीते शुक्रवार की रात चोरों ने पंचायत भवन का ताला तोड़कर उसमें रखे सामान की चोरी कर मौके से फरार हो गए।शनिवार की सुबह सफाई कर्मी पंचायत भवन की सफाई करने पहुंचा तो देखा कि पंचायत भवन के दरवाजे का ताला टूटा हुआ था और अंदर रखा सामान गायब था। ताला टूटने की सूचना सफाई कर्मी ने ग्राम प्रधान ध्रुवनारायण सिंह को दी। पंचायत भवन में हुई, चोरी की सूचना ग्राम प्रधान ने 112 व स्थानीय पुलिस को दी। सूचना मिलने पर स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंचकर चोरी की घटना का जायजा लिया।ग्राम प्रधान ने पुलिस को दिये तहरीर में बताया कि चोरों ने दो बैटरी, एक इन्वर्टर, सीपीयू, मॉनिटर, सोलर पैनल का कंट्रोलर चार्जर व कैमरे का डीवीआर उठा ले गए हैं। ग्राम प्रधान ने स्थानीय थाने में तहरीर देकर कार्रवाई की मांग की है।

## पर्दाफाश के लिए हाथ पैर मार रही पुलिस

**भटनी(देवरिया)।** स्थानीय थाना क्षेत्र के ग्राम बेहराडाबर मे एक मासूम अपने पिता के ननिहाल बेहराडाबर मे आने पर मासूम की घिनौने तरह से धारदार हथियार से मारकर हत्या कर शव को घटना स्थल से कुछ ही दूरी पर छिपा दिया गया ।घटना के चार दिन बाद भी घटना का खुलासा नही कर पायी ।शनिवार के दिन पुरे दिन मासूम अनिष्का के घर सन्नाटा पसरा हुआ है ।अब आशंकाओं सम्बेदना का दौर पुरी तरह से समाप्त हो गया है पसरे सन्नाटा के बीच अब पुलिस गाँव बेहराडाबर व भरहेचौरा मे पुलिस ही चहलकदमी करते दिखाई दे रही है । घटना पर गम्भीर से देखा जाय तो घटना के पहले दिन पुलिस को शव को पोस्टमार्टम कराने के लिए नाको चना चबाना पडा ।कानूनी प्रक्रिया से अनभिज्ञ जनमानस पहले ही चरण मे भारी आक्रोश के बीच शव को ही पोस्टमार्टम ले जाने का विरोध किया गया ।

# उद्यमियों की समस्याओं के निस्तारण के लिए अधिकारियों को दिए निर्देश




**कुशीनगर।** जिलाधिकारी विशाल भारद्वाज की अध्यक्षता में शनिवार को जिला मुख्यालय स्थित कलेक्ट्रेट सभागार में जिला उद्योग बन्धु, व्यापार बन्धु व श्रम बन्धु की एक बैठक सम्पन्न हुई। बैठक में मे. डॉ0 के डी सिंह पैरामेडिकल कॉलेज,

- जिला उद्योग बंधु, व्यापार बंधु, श्रम बंधु की बैठक संपन्न

पकड़ी, त0-मैनपुर, कसया, कुशीनगर के लंबित धारा-80 को निस्तारित कराये जाने का प्रकरण उठाया गया।

चर्चा के दौरान ज्ञात हुआ कि धारा-80 विषयक प्रकरण में कसाडा से एनओसी प्राप्त हो गई है, जिससे शीघ्र ही धारा-80 विषयक प्रकरण निस्तारित हो जायेगा।

मे0 एनीड्रग्स फार्मा इण्डस्ट्रीज, भैंसहा शाहजहांपुर, कसया, कुशीनगर के इकाई स्थल की भूमि का सीमांकन कराने विषयक प्रकरण समिति के समक्ष रखा गया।इस पर चर्चा के दौरान यह ज्ञात हुआ कि इकाई के भूमि की कच्ची नापी हो गई है तथा अगल बगल के काश्तकारों को नोटिस तामिला हो गया है, शीघ्र ही एसडीएम स्तर से आदेश जारी हो जायेगा। मेसर्स शिव मार्डन राईस मिल, घुरहूपुर, मंसूरगंज, कप्तानगंज, कुशीनगर के जिला पंचायत कार्यालय से मानचित्र अनुमोदन का प्रकरण समिति के समक्ष रखा गया।

इस पर विचार विमर्श के बाद यह ज्ञात हुआ कि जिला पंचायत कार्यालय में वर्तमान में प्रचलित बाईलाज के अनुसार पूर्व में स्थापित इकाइयों का नक्शा बाद में स्वीकृत किए जाने का प्राविधान नहीं है। इस क्रम में प्रकरण को निक्षेपित किए जाने का निर्णय लिया गया। इसके अतिरिक्त जिलाधिकारी द्वारा उ0प्र0 ग्लोबल यूपी इन्वेस्टर्स समिट के अन्तर्गत विभिन्न विभागों के एमओयू क्रियान्वयन की स्थिति की विस्तृत समीक्षा की गई, जिसमें पशुपालन विभाग, उद्यान विभाग एवं पर्यटन विभाग की प्रगति संतोषजनक न पाए जाने पर अध्यक्ष /जिलाधिकारी द्वारा नाराजगी व्यक्त करते हुए निर्देशित किया गया कि एक माह में अपेक्षित प्रगति लाना सुनिश्चित करें, ताकि सीएम डैशबोर्ड पोर्टल पर जिले की रैंकिंग में सुधार हो सके।इसके अतिरिक्त निवेश मित्र पोर्टल पर जिले के उद्यमियों/निवेशकों के विभिन्न विभागों से समयबद्ध स्वीकृतियों जारी किए जाने हेतु प्राप्त आवेदनों की स्थिति की समीक्षा की गई।

इसमें उप्र पावर कार्पोरेशन लि0, कृषि विभाग एवं प्रदूषण नियंत्रण बोर्ड के लम्बित प्रकरणों पर कड़ी नाराजगी व्यक्त करते हुए अतिशीघ्र प्रकरण निस्तारित कराने हेतु निर्देशित किया गया। ऐसे लम्बित प्रकरणों वाले विभागों के शासन स्तर के उच्चाधिकारियों को कार्यवाही हेतु लिखे जाने का निर्देश जिलाधिकारी/अध्यक्ष द्वारा उपायुक्त उद्योग को दिया गया। उद्योग विभाग द्वारा संचालित स्वरोजगारपरक योजनाओं में प्रधानमंत्री रोजगार सृजन कार्यक्रम, मुख्यमंत्री युवा स्वरोजगार योजना एवं ओडीओपी ऋण योजनान्तर्गत प्रगति समीक्षा की गई तथा जिलाधिकारी द्वारा निर्देशित किया गया कि वार्षिक लक्ष्य की पूर्ति हेतु माह मार्च का इंतजार न किया जाय बल्कि एलडीएम/बैंकर्स के सहयोग से अतिशीघ्र प्राप्त करना सुनिश्चित करें।

जिला श्रम बन्धु की बैठक में श्रम प्रवर्तन अधिकारी द्वारा समिति को अवगत कराया गया कि विभाग द्वारा संचालित योजनाओं में श्रमिकों द्वारा आवेदन कर लाभ प्राप्त किया जा सकता है। इसके अतिरिक्त व्यापार बन्धु की बैठक में डिप्टी कमिश्नर, राज्य कर विभाग द्वारा अवगत कराया गया कि किसी व्यापारी की कोई समस्या प्राप्त नहीं हुई है।

बैठक में मुख्य विकास अधिकारी श्रीमती गुंजन द्विवेदी, उपायुक्त उद्योग अभय कुमार सुमन, उपायुक्त राज्यकर एवं अग्रणी जिला प्रबन्धक संतोष कुमार, श्रम प्रवर्तन अधिकारी सुश्री अलंकृता उपाध्याय के अतिरिक्त अन्य विभागों के अधिकारियों के साथ-साथ उद्यमी संघ के अध्यक्ष रामअशीष जायसवाल एवं अन्य उद्यमी व व्यापारीगण उपस्थित रहे।

## 4 दिसंबर को देवरिया आयेंगे उपमुख्यमंत्री केशव प्रसाद मौर्य, विकास परियोजनाओं का करेंगे निरीक्षण

**देवरिया ।** उत्तर प्रदेश के उपमुख्यमंत्री श्री केशव प्रसाद मौर्य 4 दिसंबर को एक दिवसीय दौरे पर देवरिया आएंगे। अपने प्रवास के दौरान वह विभिन्न कार्यक्रमों में भाग लेंगे प्रोटोकॉल के अनुसार, उपमुख्यमंत्री प्रातः 10:30 बजे देवरिया पहुंचेंगे। इसके बाद वह भारतीय जनता पार्टी कार्यालय में पार्टी पदाधिकारियों और जनप्रतिनिधियों के साथ बैठक करेंगे। दोपहर 12 बजे कलेक्ट्रेट सभागार में जिले के सभी विभागीय अधिकारियों के साथ बैठक कर प्रशासनिक कार्यों की समीक्षा करेंगे। बैठक के उपरांत वह जिले में चल रही विकासशील और निर्माणाधीन परियोजनाओं का निरीक्षण करेंगे। दोपहर बाद 2:40 बजे श्री मौर्य ग्राम पडरी बाजार, थाना खुखुंदू, तहसील सलेमपुर में श्री रतनाकर जी (संगठन मंत्री, भारतीय जनता पार्टी) के आवास पर आयोजित भागवत कथा में सम्मिलित होंगे।इसके बाद अपराह्न 3 बजे वह लखनऊ के लिए प्रस्थान करेंगे।

## जिला सैनिक बंधु की बैठक आयोजित

**देवरिया ।** कलेक्ट्रेट सभागार में अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) गौरव श्रीवास्तव की अध्यक्षता में जिला सैनिक बन्धु की बैठक का आयोजन किया गया। बैठक की शुरूआत कर्नल डॉ. सुधाकर त्यागी (अ.प्रा.), जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी द्वारा उपस्थित अधिकारियों, सदस्यों और भूतपूर्व सैनिकों के स्वागत के साथ हुई।पिछले माह की बैठक की कार्यवृत्ति की समीक्षा के पश्चात अगली कार्यवाही आरंभ की गई। बैठक में भूतपूर्व सैनिकों और उनके आश्रितों द्वारा राजस्व विभाग, पुलिस विभाग समेत विभिन्न विभागों से संबंधित समस्याओं और प्रार्थना पत्रों को प्रस्तुत किया गया। अपर जिलाधिकारी (प्रशासन) ने सभी प्रार्थना पत्रों को संबंधित विभागों को प्रेषित करने का निर्देश दिया।बैठक में पूर्व सैनिक रामाश्रेय यादव, दिनेश मिश्रा, एस.सी. तिवारी, आर.पी. प्रसाद, रामसुचित यादव, रमेश कुमार मौर्या, दिनेश दुबे, अयोध्या सिंह यादव, कमलदेव सिंह, मारकण्डेय सिंह सहित कई अन्य पूर्व सैनिकों और उनके परिजनों ने भाग लिया इस अवसर पर जिला सैनिक कल्याण एवं पुनर्वास अधिकारी कर्नल डॉ. सुधाकर त्यागी (अ.प्रा.), पुलिस अधीक्षक के प्रतिनिधि परमात्मा प्रसाद, जिला समाज कल्याण अधिकारी के प्रतिनिधि निर्भय कुमार, मुख्य विकास अधिकारी के प्रतिनिधि श्रवण कुमार, जिला पूर्ति अधिकारी, ओम प्रकाश सहित रामनाथ और बलवीर सिंह यादव भी उपस्थित रहे।

# प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी के समक्ष प्रशासनिक अनुभव साझा करेंगी डीएम दिव्या मित्तल

**देवरिया ।** जिले और उत्तर प्रदेश के लिए गर्व का क्षण है। जिले की जिलाधिकारी, श्रीमती दिव्या मित्तल, को चौथे राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन में भाग लेने के लिए चुना गया है। यह प्रतिष्ठित सम्मेलन नीति आयोग द्वारा 13 से 15 दिसंबर 2024 के बीच नई

- डीएम दिव्या मित्तल को राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन में करेंगी प्रतिभाग
- प्रदेश की एकमात्र जिलाधिकारी जिन्हें सम्मेलन में प्रतिभाग करने के लिए चुना गया

दिल्ली में आयोजित किया जाएगा ।इस सम्मेलन में प्रधानमंत्री श्री नरेन्द्र मोदी जी भी प्रतिभाग करेंगे और उनके समक्ष जिलाधिकारी विकास और प्रशासनिक नवाचार से जुड़े अपने अनुभव साझा करेंगी। उल्लेखनीय है कि इस राष्ट्रीय मंच के लिए पूरे देश से केवल चार डीएम स्तर के अधिकारियों को चुना गया है। यह चयन उनकी प्रशासनिक



दक्षता और सेवा समर्पण को दशार्ता है ।चौथा राष्ट्रीय मुख्य सचिव सम्मेलन देश के वरिष्ठ प्रशासनिक अधिकारियों और नीति निमार्ताओं के लिए एक महत्वपूर्ण मंच है। इस दौरान आर्थिक विकास, सतत विकास, डिजिटल परिवर्तन और सामाजिक कल्याण जैसे विषयों पर गहन चर्चा होगी ।इस उपलब्धि पर श्रीमती दिव्या मित्तल ने कहा कि यह उनके लिए अत्यंत गर्व और सम्मान की बात है कि उन्हें इस महत्वपूर्ण मंच पर उत्तर प्रदेश और देवरिया का प्रतिनिधित्व करने का अवसर मिला है। यह एक अनूठा अवसर है, जहां वे अपने जमीनी स्तर के अनुभव साझा कर, राष्ट्रीय नीतियों को आकार देने में योगदान दे सकती हैं।

### प्रशासनिक नवाचार में नेतृत्व

दिव्या मित्तल अपने प्रभावशाली कार्यों के लिए जानी जाती हैं। महिलाओं के सशक्तिकरण, शिक्षा सुधार, पेयजल सुविधा का विस्तार और स्वास्थ्य सेवाओं को सुदृढ़ करने जैसे कई क्षेत्रों में उनके प्रयास उल्लेखनीय रहे हैं।उन्होंने प्रशासन में पारदर्शिता और नवाचार को प्राथमिकता दी है।

### युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत

आईआईटी दिल्ली और आईआईएम बेंगलुरु से अपनी शिक्षा पूरी कर भारतीय प्रशासनिक सेवा में कदम रखने वाली दिव्या मित्तल कई युवाओं के लिए प्रेरणास्त्रोत हैं। खासतौर पर छात्राएं और युवा अधिकारी उन्हें अपने मार्गदर्शक के रूप में देखते हैं। आईएएस अधिकारी अपनी सेवा के दौरान उन्होंने कई अभिनव पहल किये हैं।

# भारत स्काउट - गाइड शिविर का हुआ समापन

जिला संवाददाता(vol)

**भटनी(देवरिया)।** नेशनल पब्लिक स्कूल सोंदा शाखा पेट्रोल पम्प चाँदपार भटनी के संयुक्त तत्वावधान मे चल रहे तीन दिवसीय भारत स्काउट/ गाइड शिविर का आज भव्य तरीके से समापन हुआ। तीसरे दिन के कार्यक्रम का प्रारंभ विद्यालय के समस्त प्रतिभागी छात्रों के टोली नायको /नायिकाओंद्वारा भारत स्काउट गाइड ध्वजारोहण एवं मां सरस्वती के चित्र पर माल्यार्पण तथा दीप प्रज्वलन के माध्यम से किया गया । भारत स्काउट/ गाइड के जिला संगठन आयुक्त श्री एन के सिंह के निर्देशन में कुमारी अमीषा शर्मा (जिला प्रशिक्षक गाइड),कुमारी अनिता पांडेय (जिला प्रशिक्षक गाइड)एवं श्री आनंद कुमार गुप्ता(जिला प्रशिक्षक स्काउट) द्वारा प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के क्रियाकलापों के बारे में बताया गया। प्रतिभागियों को विभिन्न प्रकार के रस्सी के गांठ व बंधन जैसे खूंटा फांस, अटल गांठ, मछुआ गांठ ,लोटा फांस, अष्टकार बंधन एवं समकोण बंधन आदि के बारे में विधिवत बताया गया। आज के शिविर आयोजन में प्रतिभागियों द्वारा शिविर का निर्माण कैसे किया जाए इस पर भी चर्चा करते हुए तीन लाठी

- दैवीय आपदा के समय हम पीड़ित लोगों की कैसे मदद करें

और पांच लाठी से शिविर का निर्माण प्रतिभागियों के द्वारा किया गया। सभी प्रतिभागियों में अपने-अपने शिविर को सजाने की होड़ लगी रही। सभी प्रतिभागी काफी उत्साहित नजर आए।

इस आयोजन के माध्यम से छात्रों में नैतिक गुणों का संचार किया गया ।इन छात्रों को बताया गया कि भविष्य में उन्हें देश के एक अच्छे नागरिक के रूप में कैसे समाज परिवार एवं देश सेवा की भावना के साथ समर्पित होकर स्काउट/ गाइड के नियमों का उपयोग करके एक दूसरे की सहायता करना चाहिए। विषम परिस्थिति में किसी दैवीय आपदा के समय हम पीड़ित लोगों की कैसे मदद करें शिविर के निर्माण के माध्यम से आज प्रतिभागियों ने इसको सिद्ध कर दिखाया। शिविर का निरीक्षण विद्यालय के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री सौरभ शंकर मिश्रा जी,प्रधानाचार्या श्रीमती मृदुला सिंह बघेल जी एवं अकादमिक हेड मोहिनी सिंह एवं जिला संगठन आयुक्त श्री एन के सिंह जी के देखरेख में हुआ।

मुख्य अतिथि श्री अशोक मिश्र प्रबंधक संत विनोबा पीजी कॉलेज, श्री अनिल कुमार मिश्र बोर्ड आफ मेम्बर एनपीएस श्री राजीव शंकर मिश्र डायरेक्टर एनपीएस रहे।

विद्यालय के छात्रों में कुल 35 दल गाइड की टोली एवं 30 दल स्काउट की टोली ने प्रतिभाग किया ।साथ ही नैतिक,सामाजिक एवं व्यक्तिगत निर्माण से संबंधित विभिन्न क्रियाकलापों का अनुभव भी प्राप्त किया। कार्यक्रम के समापन के अवसर पर विद्यालय के छात्र छात्राओं द्वारा सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत किया गया ।इस अवसर पर विद्यालय की प्रधानाचार्या श्रीमती मृदुला सिंह बघेल ने छात्रों को संबोधित करते हुए बताया कि स्काउट गाइड के नियम देश समाज एवं परिवार की सेवा हेतु बनाया गया है। उन्होंने कहा कि ये प्रतिभागी निश्चित रूप से इस शिविर में प्राप्त अनुभव का उपयोग कर समाज में एक नया कीर्तिमान स्थापित करेंगे।

समापन के अवसर पर विद्यालय के असिस्टेंट डायरेक्टर श्री सौरभ शंकर मिश्रा जी ने इस शिविर में आए हुए समस्त प्रशिक्षको को स्मृति चिन्ह एवं अंग वस्त्र देकर सम्मानित करते हुए समस्त प्रतिभागियों, प्रशिक्षकों तथा विद्यालय के समस्त अध्यापक एवं अध्यापिकाओं को इस तीन दिवसीय कार्यक्रम के सफल समापन पर ढेर सारी शुभकामनाएं देते हुए अपना आभार प्रकट किया।

कार्यक्रम का संचालन विद्यालय के वरिष्ठ अध्यापक श्री अमित शर्मा ने किया इस अवसर पर विद्यालय के सभी शिक्षक एवं शिक्षणेत्तर कर्मचारी उपस्थित रहै

## राज्य स्तरिय के प्रतिस्पर्धा में आनंद राज को प्रथम स्थान

**कुशीनगर।** जिले के बोदरवार बाजार निवासी एक युवक को नाट्य विद्या में प्रथम स्थान प्राप्त हुआ। एसोसिएशन ऑफ इंडियन यूनिवर्सिटी के तत्वाधान में आयोजित 38वाँ अंतरराज्यीय विश्वविद्यालय राज्य युवा उत्सव डा० हरीसिंह गौर विश्वविद्यालय, सागर मध्य प्रदेश में आयोजित हुआ। जिसमें बोदरवार बाजार निवासी आनंद राज पुत्र लक्ष्मीचंद को नाट्य विधा के एकांकी में प्रथम और हास्य नाटिका में द्वितीय स्थान मिला है। इस युवा उत्सव में सेंट्रल जोन की 23 विश्वविद्यालय के प्रतिभागियों ने प्रतिभाग किया थाज्ञात हो कि आनंद राज फिल्म और रंगमंच के क्षेत्र में कई वर्षों से कार्य कर रहे हैं, इनकी फिल्में देश विदेश के फिल्म फेस्टिवल में दिखाई जा चुकी हैं। आनंद राज राजा मानसिंह तोमर संगीत एवं कला विश्वविद्यालय में मास्टर इन परफॉर्मिंग आर्ट थिएटर और ड्रामा की पढ़ाई कर रहे हैं।

## लाखों का सामान जलकर राख

**कुशीनगर।** जिले के तुर्कपट्टी थाना के देवपोखर बाजार में शुक्रवार की शाम शार्ट सर्किट से एक रेडीमेड कपड़े की दुकान में आग लग गई। जिससे लाखों का सामना जलाकर राख हो गया। आग लगाने कुछ समय के लिए अफरा-तफरी का माहौल हो गया। दुकानदार के मुताबिक लाखों का साड़ी व रेडीमेड कपड़ा जलकर राख हो गया। काफी मशक्कत के बाद लोगों ने आग पर काबू पाया। सूचना के एक घंटे बाद भी फायर ब्रिगेड की गाड़ी नहीं पहुंच पाई। महुअवां खुर्द के कर्मा टोला के नैपाल सिंह की देवपोखर बाजार में कपड़े की दुकान है। रोज की भांति दुकान बंद कर घर चले गए।इसी बीच आठ बजे शार्ट सर्किट से दुकान में आग लग गई।दुकान के अंदर से धुआं निकलते देख ग्रामीण और अगल-बगल के लोगों ने ताला तोड़कर काफी मशक्कत के बाद आग पर काबू पाया।

## छावनी में मूर्ति पर पथराव के मामले में 19 लोगों पर गैंगस्टर की कार्रवाई

**कुशीनगर।** जिले के पडरौना कोतवाली क्षेत्र में पिछले दिनों दशहरा के मौके पर दुर्गा प्रतिमा ले जाते समय छावनी में हुई पथराव के मामले में पुलिस ने 19 अभियुक्तों पर गैंगेस्टर एक्ट में कार्रवाई की है ।बता दें कि दशहरा के अवसर पर पडरौना कोतवाली क्षेत्र के छावनी में मूर्ति ले जाने के दौरान चले ईंट पत्थर व मारपीट के दौरान पुलिस ने 34 लोगों पर मारपीट कर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने, लूटपाट करने व दहशत का माहौल पैदा करने जैसा जघन्य अपराध करने वाले गैंग के 19 अभियुक्तों के विरूद्ध कोतवाली पडरौना पुलिस द्वारा 3 (1) उत्तर प्रदेश गैंगेस्टर एक्ट की कार्रवाई की गई। उल्लेखनीय है कि उपरोक्त अभियुक्तगण द्वारा नवरात्रि के अवसर पर दिनांक 07.10.2024 को पडरौना से रवीन्द्रनगर दुर्गा प्रतिमा ले जाते समय छावनी में मूर्ति पर पथराव कर मूर्ति को छतिग्रस्त कर दिए थे, विरोध करने पर अभियुक्तगण द्वारा लाठी डंडे व धारदार हथियार से मारपीट कर धार्मिक सौहार्द बिगाड़ने, लूटपाट करने व दहशत का माहौल पैदा करने जैसा जघन्य अपराध किया गया था।

# कबाड़ की दुकानों पर बेखौफ कट रहे वाहन

**कुशीनगर।** जनपद के कसया थाना क्षेत्र में तकरीबन एक दर्जन कबाड के दुकानों पर चोरी के छोटे-बडे वाहन और ट्रक काटकर उसके स्प्रेयर अवैध तरीके से बाहर भेजे जा रहे है। सूत्र बताते है कि इन कबाडियों के दुकान पर देश के विभिन्न प्रांतों से आए लक्जरी वाहन, मालवाहक

- पलक झपकाते ही कबाड़ में तब्दील हो जाते है ट्रक और लक्जरी वाहन

वाहन और ट्रक पलक झपकते ही गैस कटर से काटकर कबाड़ का रूप में तब्दील हो जाते हैं। ऐसी चर्चा है कि इस अवैध काले धंधे को नगर का एक व्यक्ति का संरक्षण प्राप्त है जो स्थानीय प्रशासन व पुलिस से लगायत तथाकथित पत्रकारो को मैनेज कर इन कबाडियों के दुकान पर ट्रक आदि वाहन कटवाकर स्प्रेयर बाहर भेजता जाता है ।बतादे कि जनपद के कसया थाना क्षेत्र मे लगभग एक दर्जन ऐसे कबाड़ की दुकानें संचालित हो रही है



जो अवैध तरीके से चलते फिरते चोरी के वाहनों को दिन के उजाले मे फलक झपकाते ही अलग पाट्र्स मे तब्दील कर दिये जाते है। बताया जाता है कि इन अवैध कबाड की दुकानो पर दर्जनों मजदूर गैस कटर से दिन रात वाहनों को काटने का काम करते हैं।

विश्वस्त सूत्रो की माने तो नगर का एक व्यक्ति जिसे लोग बैल के नाम से जानते है इन अवैध कबाड के कारोबारियों का संरक्षक बताया जाता है। सूत्रों का कहना है कि इसी शक्स के दम पर अवैध कबाडियों के दुकान पर ट्रक कटता है। इतना ही नहीं वाहनों के चेसिस नंबर और वाहन के बाडी बदलने का भी यहां खेल होता है, और कोई आख नही तरेरता है।

सबब यह है कि यह व्यक्ति स्थानीय प्रशासन, पुलिस, तथाकथित पत्रकार और इस धंधे व इससे जुडे धंधेबाजो को नुकसान पहुचाने वाले व्यक्ति को मैनेज करता है। यही कारण है कि यह व्यक्ति खुलेआम चैलेंज करता है कि कोई उसका और उसके कारोबारियों का कुछ नही बिगाड सकता है।

### एआरटीओ कार्यालय में नहीं है कोई पंजीकृत

गौरतलब है कि एआरटीओ कार्यालय में वाहन काटने के लिए जनपद में कोई भी कबाड़ व्यापारी न तो पंजीकृत है और न ही अधिकृत है। इसके बावजूद कसया क्षेत्र मे तकरीबन एक दर्जन कबाड़ के दुकान पर बेखौफ भारी वाहने काटी जा रही है। इतना ही कबाड व्यापारियों द्वारा वाहन काटने की सूचना तक एआरटीओ कार्यालय में नहीं दी जाती है।

## प्रधान व सचिव ने विकास कार्यों में की अनियमितता की डीएम से जांच की मांग की

**कुशीनगर।** जिले के रामकोला विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम पड़री निवासी नूर मुहम्मद पुत्र यासीन ने जिलाधिकारी को पत्रक देकर ग्राम प्रधान व सचिव द्वारा कराए गए विकास कार्यों में अनियमितता का आरोप लगाते हुए डीएम से जांच की मांग है ।बीते 25 नवम्बर को जिलाधिकारी को पत्रक देते हुए ग्राम निवासी नूर मोहम्मद ने बताया कि बीते 18 दिसम्बर 23 को उसने ग्रामसभा में विकास कार्यों के धन के दुरुपयोग को लेकर शपथ पत्र बनवाकर शिकायत किया था। उसके पत्र पर डीपीआरओ द्वारा स्थलीय निरीक्षण में विकास कार्यों में व्यापक अनियमितता पाई गई। अनियमितता के बावजूद डीपीआरओ द्वारा कोई कार्यवाही नहीं की गई। तत्कालीन सचिव राजेश यादव का अन्यत्र जनपद में स्थान्तरण हो जाने के बाद सचिव राजेश यादव द्वारा कूटरचित अभिलेख तैयार कर बिना कार्य कराए अनियमित रूप से 1088097 (दस लाख अट्ठासी हजार सन्तानबे) के सरकारी धन का गबन कर लिया गया। प्रार्थी द्वारा 18.08. 24 को शपथ पत्र के साथ महोदय को प्रस्तुत किया गया लेकिन अबतक कोई कार्यवाही नहीं हुई।

# किसानों ने बैठक कर जनजागरण यात्रा को स्थगित करने की घोषणा की

**देवरिया ।** बाईपास से प्रभावित किसानों द्वारा भारतीय किसान यूनियन एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति के संयुक्त तत्वाधान में चल रहा जनजागरण यात्रा आज अहिलवार बुजुर्ग एवं अहिलवार खुर्द में हुई जिसमें किसानों से अपील की गई कि जिन लोगों ने अभी तक पेपर जमा नहीं किए है वो किसी भी कीमत पर पेपर जमा नहीं करे। दोनों गांवों का भ्रमण करने के पश्चात दोपहर दो बजे से महुआनी चौराहा स्थित विक्रम पब्लिक इण्टर कालेज मे किसानों की एक मीटिंग हुई जिसमें प्रथम चरण के जनजागरण यात्रा को गेहूं की बम्पर बुआई को देखते हुए एक सप्ताह के लिए स्थगित की गई।

बैठक को सम्बोधित करते हुए भाकियू जिलाध्यक्ष गिरीश नारायण शाही उर्फ बड़े शाही ने कहा कि रविवार से शुरू हुई किसानों की प्रथम चरण की जनजागरण यात्रा पूरी तरह सफल रही। गेहूं की बम्पर बुआई का समय तेजी से चल रहा है जिसके कारण यात्रा को बीच में कुछ दिनों के लिए स्थगित किया जा रहा हैं। भूमि बचाओ संघर्ष समिति के अध्यक्ष अजीत त्रिपाठी ने कहा कि गेहूं की बुआई हो जाने के बाद जनजागरण यात्रा का दूसरा चरण शुरू होगा जिसमें भारतीय किसान यूनियन एवं भूमि बचाओ संघर्ष समिति के कार्यकर्ता पदाधिकारी बढ़ चढ़कर हिस्सा लेंगे। पूर्व जिला पंचायत सदस्य अरविंद सिंह ने कहा कि जब सरकार व जिला प्रशासन हम किसानों की बात नहीं सुन रहा हैं तो हमें भी उनकी बात को नहीं सुनना है। हम अपने जमीनों के मालिक हैं हमारी जमीनों को हमसे कोई जबरजस्ती नहीं ले सकता। हम किसानों की भलाई इसी में है कि हम किसी भी तरह से अपना पेपर न जमा करे। बैठक में भाकियू जिला संयोजक सदानंद यादव जिला उपाध्यक्ष हरेंद्र सिंह ,भूमि बचाओ संघर्ष समिति के वरिष्ठ नेता सुग्रीव मिश्रा अजय सिंह हरिलाल यादव, ध्रुव नारायण चौहान, नूर आलम खान, राजनाथ यादव, संजय सिंह सतेन्द्र यादव, राजन कुमार,शिवाजी चौहान राघवेंद्र चौहान सुधीर चौहान इत्यादि किसान उपस्थित रहे।

# नाला निर्माण में मानक की उड़ाई जा रही हैं धज्जियां

**कुशीनगर।** जिले के नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड सुभाष नगर में हो रहे नाला निर्माण में मानक की धज्जियां उड़ाई जा रही है। घटिया सामग्री का प्रयोग कर जहां रहा है। नाला निर्माण में ठेकेदार योगेन्द्र जयसवाल द्वारा निर्माण कार्य में गुणवत्ता को दर किनार घटिया सामग्री का प्रयोग किया जा रहा है जो भ्रष्टाचार की कहानी बंया कर रही है। लाखों

- नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर-24 सुभाष नगर में गोला बाजार चौक से काशीराम आवास तक हो रहा नाला निर्माण का कार्य
- ठेकेदार द्वारा 24 लाख, 10 हजार रुपए की लागत से 225 मीटर का निर्माण कार्य

सरकारी धन का बंदरबाट किया जा रहा है। वही शिकायत के बावजूद भी जिम्मेदार अपनी जिम्मेदारी से आंख मुदे बैठ है। नगर में चर्च-ए- सरेआम है कि नगर पालिका के निर्माण कार्य में एक जनप्रतिनिधि के हस्तक्षेप व मोटी कमीशन के चक्कर मे मानक व गुणवत्ता की धज्जियाँ उडाई जा रही है। नतीजतन सेम ईट, घटिया सीमेंट, रेत वाला बालू, मिक्स गिट्टी और गुणवत्ताविहीन सरिया का खुलेआम प्रयोग किया जा रहा है। काबिलेगौर हो कि नगर पालिका परिषद कुशीनगर के वार्ड नंबर-24 सुभाष नगर में 24 लाख, 10 हजार रुपए की लागत से 225 मीटर, पुरानी फाजिलनगर रोड गोलाबाजार चौक से काशीराम आवास तक नाला निर्माण कराया जा रुपये के नाला निर्माण में घटिया सामग्री लगाई जा रही है। सेम और चटका ईंट लगाई जा रही है। वहीं नालों की तली में लिंटर की जगह घटिया ईंट व गिट्टी का प्रयोग किया जा रहा है। इसके अलावा नाला निर्माण मे गुणवत्ताविहीन व घटिया सीमेंट का उपयोग भी किया गया है।

### नाला निर्माण पर नगरवासी बोल

नाला निर्माण को लेकर चन्दन मद्धेशिया, अशोक शर्मा, किशोर, जगलाल, हरिकिशोर, गोविन्द आदि नगरवासियों का कहना है कि नाला निर्माण में पूरी तरह मानक व गाइडलाइन की धज्जियाँ उडाई जा रही



है। सेम ईट, रेत वाला बालू व मिक्स गिट्टी व गुणवत्ताविहीन सरिया का इस्तेमाल कर आनन-फानन में नाला निर्माण कार्य पूर्ण कराया जा रहा है, ताकि ठेकेदार और जिम्मेदारो के मिलीभगत से हो रहे भ्रष्टाचार की पोल न खुल जाये। इसको लेकर कर शुक्रवार को नगरवासियों ने आक्रोश व्यक्त करते हुए कार्य को रोककर ठेकेदार को मौके पर बुलाने की मांग किया, लेकिन ठेकेदार मौके पर नहीं पहुंचा।

आक्रोश बढ़ता देख वार्ड के सभासद राजेश मद्धेशिया पहुंच लोगो को समझा-बुझकर शांत कराए। वही मोबाइल पर ठेकेदार को मानक अनुरूप कार्य कराने की हिदायत दी। नगर वासियों ने उच्च अधिकारियों से नाला निर्माण की गुणवत्ता की जांच की मांग की है।

### अधिशासी अधिकारी बोलीं

इस संबंध में अधिशासी अधिकारी अंकिता शुक्ला का कहना है कि पूर्व में भी इस तरह की बात सामने आई थी, जिसकी मौके पर जा कर जांच कर ठेकेदार को चेतावनी दी गई थी, पुनः नगरवासियों द्वारा मानक पर सवाल खड़ा किया गया है, कार्यालय में ठेकेदार को बुलाकर निर्माण में गुणवत्ता को लेकर कड़ी चेतावनी दी गई, सुधार नहीं हुआ तो बजट में कटौती करते हुए आगे की कार्रवाई की जाएगी।

## बच्चों के लिए कानूनी सेवा इकाई कार्यक्रम का शुभारंभ

**देवरिया ।** राष्ट्रीय विधिक सेवा प्राधिकरण, नई दिल्ली; उत्तर प्रदेश राज्य विधिक सेवा प्राधिकरण, लखनऊ; एवं जनपद न्यायाधीश/अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के निदेर्शानुसार, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण, देवरिया के तत्वावधान में जनपद न्यायालय परिसर स्थित वीडियो कॉन्फ्रेंसिंग भवन में प्रातः 09:30 बजे माँ सरस्वती की प्रतिमा का माल्यार्पण एवं दीप प्रज्वलन के साथ बच्चों के लिए कानूनी सेवा इकाई (छरवउ) कार्यक्रम का शुभारंभ किया गया। कार्यक्रम में बच्चों के लिए कानूनी सेवा इकाई योजना के अंतर्गत गठित समिति को विभिन्न सरकारी व गैर-सरकारी संस्थाओं के संसाधन व्यक्तियों द्वारा प्रथम दिवस का प्रशिक्षण दिया गया। कार्यक्रम में सचिव, जिला विधिक सेवा प्राधिकरण/अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश मनोज कुमार तिवारी ने बताया कि बालिकाओं को शिक्षित होना चाहिए। उनके द्वारा बच्चों को विधिक सेवाओं के प्रावधानों, नालसा (बच्चों के लिए बाल-मैत्रीपूर्ण विधिक सेवाएं) योजना 2024 का संक्षिप्त अवलोकन, संरचना और मुख्य विशेषताएं, तथा विधिक सेवा अधिनियम 1987 आदि के बारे में विस्तारपूर्वक जानकारी दी गई। सचिव ने लघु चलचित्र के माध्यम से नालसा की थीम ₹नालसा है साथ तुम्हारे₹ का गीत प्रस्तुत कर कार्यक्रम में उपस्थित सभी प्रशिक्षणार्थियों को प्रेरित किया।

अध्यक्ष, स्थायी लोक अदालत, देवरिया राकेश मिश्र ने बताया कि बालिकाओं के अधिकारों के प्रति जागरूकता हेतु ऐसे प्रशिक्षण कार्यक्रम समय-समय पर आयोजित होने चाहिए, ताकि इन संस्थाओं से जुड़े लोग महिलाओं और बालिकाओं को सशक्त और आत्मनिर्भर बना सकें।

संक्षेप

## रोजगार मेले मे 492 युवाओं को मिला रोजगार

**अयोध्या।** क्षेत्रीय सेवायोजन कार्यालय एंव मॉडल कैरियर सेंटर एवं राजकीय आई0टी0आई0 के संयुक्त तत्वावधान शनिवार को प्रातः 10:00 बजे से झुनझुनवाला ग्रुप आफ इंस्टीट्यूट में एक दिवसीय रोजगार मेले का आयोजन किया गया। मेले का शुभारम्भ महापौर गिरीश पति त्रिपाठी द्वारा किया गया। महापौर द्वारा मेले में प्रतिभाग करने वाले अभ्यर्थियों को प्रोत्साहित करते हुए कहा गया कि आगे बढ़ने के लिए यह बहुत सुनहरा अवसर है, इसका लाभ उठाये।

जिला रोजगार सहायता अधिकारी शैलेन्द्र कुमार शुक्ला, ने मेले मे प्रतिभाग कर रहे अभ्यर्थियों का उत्साहवर्धन एंव उनके उज्जवल भविष्य की कामना की तथा श्री धर्मेन्द्र उप-प्रमुख यू0ई0बी0, अयोध्या द्वारा बेरोजगार युवाओ को योग्यता के साथ ही स्किल का हुनर भी रोजगार के क्षेत्र मे सुनहरा अवसर है।

रोजगार मेले में निजी क्षेत्र की तकनीकी/गैर तकनीकी पदों पर प्रतिष्ठित कम्पनियों के एच0आर0 द्वारा 492 बेरोजगार अभ्यर्थियो का चयन किया गया। इसी क्रम में एक कैरियर काउंसलिंग कार्यक्रम का भी आयोजन किया गया।

# कुंदुरकी की तरह रिकॉर्ड मतों से जीतेंगे मिल्कीपुर का उपचुनावः जसंवत सैनी

जिला संवाददाता(vol)



मिल्कीपुर-अयोध्या। विधानसभा मिल्कीपुर के ग्राम पंचायत खिहारन में शनिवार को संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने ग्राम प्रधान अजीत मौर्य के घर पहुंच कर अपनी शोक संवेदनाएं प्रकट किया। विगत दिनों भाजपा पिछड़ा मोर्चा उपाध्यक्ष व ग्राम प्रधान अजीत

**● संसदीय कार्य एवं औद्योगिक विकास मंत्री ने शोकाकुल परिवार को बंधाया ढाढस**

मौर्य के छोटे भाई रंजीत मौर्य की आकस्मिक मौत हो गई थी।अपने अयोध्या दौरे पर आए राज्य मंत्री जसवंत सैनी ने उपचुनाव के दृष्टिगत हाई प्रोफाइल बनी मिल्कीपुर विधानसभा के खिहारन गांव पहुंचकर संदेश दिया है कि भाजपा हमेशा अपने कार्यकताओं के सुख दुःख में साथ खड़ी रहती है। इस मौके पर उन्होंने दिवंगत रंजीत मौर्य को श्रद्धांजलि दिया।इसके बाद पत्रकारों से बातचीत करते हुए उन्होंने कहा कि आगामी मिल्कीपुर का उपचुनाव भाजपा कुंदरकी सीट की तरह रिकार्ड मतों से जीतेगी।प्रदेश में आए उपचुनाव के नतीजों गदगद राज्य मंत्री ने कहा कि उपचुनाव से स्पष्ट हो गया है कि सपा मिल्कीपुर उपचुनाव की लड़ाई में कहीं भी नहीं टिक पाएगी।उन्होंने परिवारवाद पर निशाना साधते हुए कहा कि कटेहरी की जनता ने परिवारवाद को हराया है और अब मिल्कीपुर की जनता परिवारवाद को हराने जा रही है।इस मौके पर भाजपा की मिल्कीपुर उपचुनाव में भाजपा से टिकट की दावेदारी पेश कर रही भाजपा नेत्री शांति पासी,एसडीएम सोहावल अशोक सैनी,वरिष्ठ उपनिरीक्षक दयाशंकर तिवारी,लेखपाल तरुण मिश्रा,जगन्नाथ पाठक,अमरनाथ पांडेय,लाल बहादुर पाठक,अमरनाथ बंसल,मो फारुक मास्टर,अरुण कुमार,सऊद खान,सुजीत सिंह,सरवन सिंह,राजेश सिंह,रवि साहू,शैलेश जायसवाल,इंद्रजीत बीडीसी,शब्बीर कुरेशी,गोविंद पाल, राजकुमार खान,मोहनलाल रैदास,सुरेश कुमार,बिहारी लाल,रमेश मौर्य,कोटेदार कांशीराम यादव,राजेंद्र पाठक समेत सैकड़ो लोग मौजूद रहे।

# अयोध्या में लागू हुई पीएम कुसुम सी-1 योजना

**अयोध्या।** योगी सरकार एक बार फिर से किसानों के लिए खजाना खोलने जा रही है।पीएम कुसुम सी-1 योजना के अंतर्गत निजी नलकूपों को सोलराइजेशन के लिए किसानों को बड़ा अनुदान देगी। कुल 90 प्रतिशत राशि सरकार की तरफ से दी जाएगी। प्रदेश में इस योजना से 10 हजार

**● सीएम योगी ने एक बार फिर खोला किसानों के लिए खजाना**

किसानों को लाभान्वित किया जाना है।यह योजना जिले में भी लागू है और पहले आओ-पहले पाओ के आधार पर ही दी जाएगी।उत्तर प्रदेश में ऑन-ग्रिड कनेक्टेड कृषि पंपों और उत्पादों के सोलराइजेशन को बढ़ावा देने और इस क्षेत्र में अधिक निवेश आकर्षित करने के इरादे से, यूपी नेडा के लिए ऑन-ग्रिड कनेक्टेड कृषि पंपों का सोलराइजेशन पोर्टल विकसित किया गया है। यह पोर्टल उत्तर प्रदेश में सोलराइजेशन के लिए सोलर पीवी सिस्टम को भी प्रोत्साहित करेगा, जो लाभार्थी उत्तर प्रदेश के ऑन-ग्रिड कनेक्टेड कृषि पंपों के सोलराइजेशन में निवेश करने और निजी नलकूप जिन पर विद्युत मीटर स्थापित हो वहां पर ऑन-ग्रिड कनेक्टेड कृषि पंपों के सोलराइजेशन की स्थापना करने के इच्छुक हैं, वे पोर्टल पर अपना पंजीकरण करा सकते हैं। पंजीकरण के बाद, अनुरोध आगे की प्रक्रिया के लिए यूपीनेडा को भेज दिया जाएगा। मान लीजिए आप अपने खेतों को।सिंचाई बिजली से करते हैं। इससे सिंचाई पर बिल भी बहुत आता है। योजना में यह है कि अगर आप भी बिजली की बचत करना चाहते हैं तो अपने निजी नलकूप को सोलर सिस्टम में कन्वर्ट करा सकते है। गत वर्ष आठ किसान इसका लाभ प्राप्त कर सके थे। नेडा के परियोजना प्रभारी प्रवीण नाथ पांडेय बताते हैं की राज्य में एमएनआरई पीएम कुसुम योजना घटक (सी-1) के तहत स्थापित ऑन-ग्रिड पंपों का सोलराइजेशन किया जाएगा। केंद्र सरकार द्वारा 30 प्रतिशत अनुदान के अतिरिक्त अनुसूचित जनजाति, वनटांगिया और मुसहर जाति के किसानों को राज्य सरकार 60 प्रतिशत सब्सिडी देगी। शेष 10 प्रतिशत का भुगतान लाभार्थी द्वारा किया जाएगा। तीन एचपी की क्षमता के पम्प के लिए 4.5 किलोवाट का सोलर पंप लगेगा।

## ट्रेनों के ठहराव की मांग को लेकर सांसद तनुज पुनिया ने रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को लिखा पत्र



**बाराबंकी।** विधानसभा क्षेत्र हैदरगढ़ की आवाम की परेशानियों को देखते हुये लम्बी दूरी की ट्रेनों का ठहराव हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर किया जाये जिससे वैष्णों देवी, हरिद्वार तथा दिल्ली, मुम्बई तथा अन्य शहरों को जाने वाले यात्रियों को हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन से गाड़ी उपलब्ध हो सके। उक्त मांग भारत सरकार के रेलमंत्री अश्विनी वैष्णव को काग्रेस सांसद तनुज पुनिया ने पत्र लिखकर की है। रेल मंत्री को प्रेषित मांग पत्र मे सांसद श्री पुनिया ने कहा कि उनके क्षेत्र भ्रमण के दौरान स्थानीय नागरिकों ने हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर लम्बी दूरी की गाड़ियों का ठहराव न होने एंव यात्रियों को लम्बी दूरी की यात्रा के लिये लखनऊ या महाराजा बिजली पासी रेलवे स्टेशन जाकर ट्रेन पकड़ने की समस्या से अवगत कराया। सांसद श्री पुनिया ने ट्रेन संख्या 20401/20402 सुपरफास्ट शटल एक्सप्रेस, 12369/12370 कुम्भ एक्सप्रेस, 12237/12238 बेगमपुरा एक्सप्रेस, 14863/14864 मरूधर एक्सप्रेस तथा 13239/13240 कोटा पटना एक्सप्रेस टेज्न का ठहराव हैदरगढ़ रेलवे स्टेशन पर किये जाने की मांग को लेकर रेल मंत्री को पत्र भेजा है।

## दशमोत्तर छात्रवृत्ति आवेदन के लिए समयसारिणी निर्धारित

**बहराइच ।** जिला समाज कल्याण अधिकारी रमाशंकर गुप्त ने बताया कि शैक्षिक सत्र 2024-25 में दशमोत्तर छात्रवृत्ति योजना कक्षा 11-12 एवं अन्य दशमोत्तर कक्षाओं हेतु विभागीय वेबसाइट पर आनलाइन आवेदन प्राप्त करने, छात्र-छात्राओं एवं शिक्षण संस्थाओं के स्तर से अपेक्षित कार्यवाही हेतु समयसारिणी का निर्धारण कर दिया गया है। श्री गुप्त ने बताया कि सामान्य जाति के छात्र-छात्राएं 11 जनवरी 2025 तक रजिस्ट्रेशन एवं 15 जनवरी 2025 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं। इसी प्रकार अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राएं 28 मार्च 2025 तक रजिस्ट्रेशन एवं 31 मार्च 2025 तक आनलाइन आवेदन कर सकते हैं।

जिला समाज कल्याण अधिकारी ने बताया कि शिक्षण संस्थाओं द्वारा मास्टर-डाटाबेस तैयार करने का कार्य 31 दिसम्बर 2024 तक पूर्ण किया जाना है। विश्वविद्यालय/एफिलियेटिंग एजेंसी/जिला विद्यालय निरीक्षक द्वारा फीस आदि सत्यापन कार्य 06 जनवरी 2025 तक पूर्ण किया जायेगा। शिक्षण संस्थान द्वारा आवेदन पत्र को ऑनलाइन सत्यापित एवं अग्रसारित करने हेतु निर्गत समयसारिणी के अनुसार सामान्य जाति के छात्र-छात्राओं हेतु 23 2025 तथा अनुसूचित जाति एवं अनुसूचित जनजाति के छात्र-छात्राओं हेतु 16 अप्रैल 2025 निर्धारित की गई है।

# सारे तीरथ एक ही द्वारा महादेव दरबार बा......



**बाराबंकी।** महादेवा महोत्सव के सांस्कृतिक पंडाल में सूचना एवं जनसंपर्क विभाग के कलाकारों द्वारा सांस्कृतिक प्रस्तुतियां दी। कार्यक्रम का शुभारंभ राष्ट्रीय लोक गायक कलाकार

**● कलाकारो ने गीत प्रस्तुत कर बांधा समा**

जमुना प्रसाद कनौजिया ने भगवान शिव की स्तुति, ह्यसारे तीरथ एक ही द्वारा महादेव दरबार बा, अयोध्या काशी मथुरा, यही पे चारों धाम बाह्न गीत प्रस्तुत कर किया। साथी गायिका मोहिनी ने, ओ माई हो तनी आ जइतिव भक्तिगीत प्रस्तुत किया। कार्यक्रम में ढोलक शंभू दयाल, हारमोनियम अंश कुमार, कोरस भगवती प्रसाद, भारत प्रसाद विनोद कुमार, मोहम्मद आशिक, राजू बाध्ययंत्रों के माध्यम से सुरताल दिया। कार्यक्रम मे सिद्धार्थ कनौजिया की टीम ने ग्रामीण कठपुतली कार्यक्रम के माध्यम से स्वास्थ्य, शिक्षा सहित स्वच्छता आदि विषयों पर जागरूकता का सन्देश दिया।

# सीसीटीवी के निगरानी में 3 दिसम्बर से शुरू होगी अवध विवि की स्नातक सेमेस्टर परीक्षा

अयोध्या। डॉ. राममनोहर लोहिया अवध विश्वविद्यालय एवं सम्बद्ध महाविद्यालयों में संचालित राष्ट्रीय शिक्षा नीति-2020 के तहत संचालित

**● 494 परीक्षा केन्द्रों पर स्नातक व परास्नातक के 5 लाख 38 हजार 270 परीक्षार्थी शामिल होंगे**



स्नातक प्रथम, तृतीय एवं पंचम सेमेस्टर की परीक्षा 03 दिसम्बर से शुरू होगी। वही एनईपी परास्नातक प्रथम एवं तृतीय सेमेस्टर की परीक्षा 08 जनवरी से प्रारम्भ होगी। यह परीक्षा 494 केन्द्रों पर होगी जिनमें 5 लाख 38 हजार 270 परीक्षार्थी शामिल होंगे। स्नातक परीक्षा में 436541 व परास्नातक में 101429 परीक्षार्थी सम्मिलित होंगे। विश्वविद्यालय द्वारा परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए कौटिल्य प्रशासनिक भवन के सभागार में कुलपति प्रो0 प्रतिभा गोयल की अध्यक्षता में प्राचार्यों एवं केन्दाध्यक्षों के साथ आनलाइन बैठक की। कुलपति ने बताया कि उत्तर प्रदेश शासन की मंशानुरूप नकलविहीन व सीसीटीवी की निगरानी में सेमेस्टर परीक्षा कराई जायेगी। इसमें सभी का सहयोग अपेक्षित है। उन्होंने बताया इस स्नातक एवं परास्नातक सेमेस्टर परीक्षा सकुशल सम्पन्न कराने के लिए 494 परीक्षा केन्द्र बनाये गए। स्नातक की सेमेस्टर परीक्षा तीन पालियों में, परास्नातक की दो पालियों में परीक्षा कराई जायेगी। उत्तर पुस्तिकाओं के संकलन के विभिन्न जिलों में 19 नोडल केन्द्र बनाये गए है। इसके अलावा विश्वविद्यालय द्वारा नियुक्त सचलदल द्वारा केन्द्रों का औचक निरीक्षण किया जायेगा। इसके अतिरिक्त विश्वविद्यालय के कंट्रोल रूम से भी केन्द्रों के सीसीटीवी कैमरे के संचालन पड़ताल की जायेगी। कुलपति ने बताया कि केन्द्रों पर परीक्षार्थियों द्वारा मोबाइल व अन्य इलेक्ट्रानिक गैजेट पूर्णतः प्रतिबन्धित रहेंगे। अंत में कुलपति प्रो0 गोयल ने कहा कि सभी अपने दायित्वों का समुचित निर्वहन करते हुए नकलविहीन परीक्षा सम्पन्न कराये। विश्वविद्यालय के परीक्षा नियंत्रक उमानाथ ने बताया कि सभी केन्द्रों की परीक्षा को सकुशल सम्पन्न कराने के लिए यथा आवश्यक निर्देश प्रदान कर दिए गए है। 03 दिसम्बर से स्नातक की परीक्षा शुरू होकर 24 जनवरी तक चलेगी। वहीं 08 जनवरी से परास्नातक सेमेस्टर की परीक्षा प्रारम्भ होगी।

## दातून दिवस के रूप में मनायी गयी स्वदेशी प्रणेता राजीव दीक्षित की जयंती



**बाराबंकी।** स्वदेशी प्रणेता राजीव दीक्षित की जयंती पर धर्मजागरण बाराबंकी धाम उ0प्र संयोजक अधिवक्ता अमित अवस्थी ने उ0प्र0 राज्य अनुसूचित जाति एवं जनजाति आयोग अध्यक्ष बैजनाथ रावत को दातुन भेंट कर दातुन दिवस के रुप मे मनाया। एससीएसटी आयोग अध्यक्ष श्री रावत ने कहा कि लोग बबूल टूथपेस्ट तो करेंगे। लेकिन बिल्कुल निःशुल्क, शुद्ध, देसी बबूल नहीं करेंगे। संयोजक श्री अवस्थी ने कहा कि जब अमेरिका द्वारा नीम, हल्दी बबूल आदि का पेटेंट करा लिया गया था। उस समय भारत में एक बड़ा आंदोलन राजीव दीक्षित द्वारा किया गया। परिणामस्वरूप अंतरराष्ट्रीय न्यायालय में भारत ने इस संबंध में अपना पक्ष रखा और उनका दावा खारिज हुआ था। इस अवसर पर अजय त्रिवेदी, रामानुज चैरसिया मौजूद रहे।

# जागरूकता रैली निकाल यातायात माह का समापन



**बाराबंकी।** आमजन को यातायात नियमो का पालन कराये जाने को लेकर चलाये जा रहे यातायात माह नवम्बर 2024 का समापन के0डी0 सिंह बाबू स्टेडियम से यातायात जागरुकता रैली को पुलिस अधीक्षक दिनेश कुमार सिंह हरी झण्डी दिखाकर रवाना किया। रैली पटेल तिराहा से होते हुये पुलिस लाइन जाकर गोष्ठी के रुप मे परिवर्तित हो गई। रैली में राजकीय इण्टर कॉलेज, राजकीय बालिका इण्टर कॉलेज के छात्र-छात्राओं, एनसीसी स्काउट्स ने प्रतिभाग किया। गोष्ठी मे पुलिस

**● यातायात नियमों का पालन करने के साथ यातायात सुरक्षा उपकरणों का करे प्रयोग, सावधानी से वाहन चलायें और जीवन बचायें**
**● पुलिस अधीक्षक ने सड़क सुरक्षा जीवन रक्षा की दिलाई शपथ**

अधीक्षक ने छात्र-छात्राओ समेत आमजन को जागरुक करते हुये कहा कि सड़क सुरक्षा के नियम केवल पढ़ने के लिए ही नहीं होते हैं। सड़क सुरक्षा और सुरक्षित सफर से जीवन की रक्षा होगी। यातायात नियमों का पालन करने के साथ यातायात सुरक्षा उपकरणों का भी प्रयोग करना चाहिए। हेलमेट लगाना, सीट बैल्ट पहनना अति आवश्यक है। पुलिस अधीक्षक ने सदैव यातायात नियमों का पालन करने, सुरक्षित यात्रा हेतु बीआईएस मानक वाले हेलमेट अवश्य पहनने, सीट बेल्ट लगाने, लेन ड्राइविंग के नियमों का पालन करने, तेज रफ्तार से वाहन न चलाने, गलत दिशा में वाहन न चलाने, शराब पीकर/नशे में वाहन न चलाने, सड़क दुर्घटना में घायल व्यक्तियों की मदद हेतु सदैव तत्पर रहने व सावधानीपूर्वक वाहन चलाने की शपथ दिलाई। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक दक्षिणी अखिलेश नारायण सिंह, सहायक सम्भागीय परिवहन अधिकारी प्रशासन अंकिता शुक्ला, क्षेत्राधिकारी लाइन हर्षित चैहान, क्षेत्राधिकारी आलोकमणि त्रिपाठी, प्रतिसार निरीक्षक राजेश कुमार, सिटी इण्टर कालेज प्रधानाचार्य वी0पी सिंह, डा0 पूनम सिंह, स्काउट मास्टर राजेन्द्र त्रिपाठी, समाजसेवी दीपक जैन सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

## बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव की मतदाता सूची जारी

अयोध्या। फैजाबाद बार एसोएिशन अयोध्या का वार्षिक चुनाव 2024-25 के लिए मतदाता सूची शनिवार की देर शाम जारी किया गया है।

एल्डर्स कमेटी के चेयरमैन जोखू तिवारी के निर्देश पर सदस्य अरविंद कौल की ओर से जारी कर वकालतखाने के नोटिस बोर्ड पर चस्पा कर दिया गया है। मतदाता सूची में 2250 अधिवक्ताओं का नाम शामिल है। आपत्ति के लिए अधिवक्ताओं को दो दिन का समय

**● इस वर्ष 2250 मतदाता करेंगे प्रत्याशियों के भाग्य का फैंसला**
**● 17 दिसम्बर को होने वाले चुनाव के लिए नामांकन 6 से**

दिया गया है। मतदाता सूची जारी होते ही बार एसोसिएशन के प्रतिष्ठापूर्ण अध्यक्ष व मंत्री पद समेत अन्य पदों पर चुनाव लड़ने वाले अधिवक्ताओं ने अधिवक्ताओं के बींच जनसम्पर्क भी तेज कर दिया है।

17 दिसम्बर को होने जा रहे फैजाबाद बार एसोसिएशन अयोध के वार्षिक चुनाव के लिए नामांकन 6 दिसम्बर से शुरू होगा जो 8 दिसम्बर तक चलेगा। नामांकन के लिए दाखिल पर्चे की जांच 9 दिसम्बर, पर्चा वापसी भी उसी दिन तथा मतदान 17 दिसम्बर को व मतगणना 18 दिसम्बर को कड़ी सुरक्षा के बींच प्रातः 8.30 बजे से शुरू होगी जो अन्तिम समय तक चलेगी। चुनाव को लेकर एल्डर्स कमेटी ने प्रत्याशियों को अन्तिम चेतावनी भी दिया है।

कचेहरी परिसर में किसी भी तरह की चुनाव से संबंधित होर्डिंग, बैनर नहीं लगेंगे। चुनाव को निष्पक्ष व पारदर्शी कराने के लिए एल्डर्स कमेटी ने कम कर लिया है।

बताते चले कि बार एसोसिएशन के वार्षिक चुनाव की अधिसूचना पहले ही जारी हो चुकी है साथ ही विभिन्न पदों पर चुनाव लड़ रहे अधिवक्ताओं ने कचेहरी परिसर के अलावां कमिश्नरी, रूदौली, सोहावल, मिल्कीपुर, बीकापुर आदि तहसीलों में जाकर अधिवक्ताओं के बींच जनसम्पर्क तेज किये हुए हैं।

# बारूद के ढेर पर चल रहे होटल, सुरक्षा से खिलवाड़



**बहराइच।** होटल और रेस्टोरेंट से मिल रही दौलत के नशे में चूर मालिकों ने ग्राहकों की सुरक्षा को पूरी तरह से दरकिनार कर दिया है। शहर में संचालित होटल वालों के पास फायर विभाग की एनओसी नहीं है। बिना एनओसी (नान आब्जेशन सर्टिफिकेट) वर्षो से यहां होटल चल रहे हैं। हैरान करने वाली बात ये है कि जर्जर बिल्डिंग में चल रहे इस होटल की तरफ प्रशासन ने भी कभी इस ओर ध्यान नहीं दिया। जब जब इस होटल के सम्बंध में लोग शिकायत करते हैं तो जांच टीम वाले पहले ही सब कुछ चुस्त दुरुस्त रखने की बात अंदर खाने तक पहुंचा देते हैं।शायद लापरवाही की आग में झुलसने और लोंगो की मौतों के बाद ही प्रशासन की नींद टूटे। इतने पर भी यदि केवल कोरम और मैनेजिंग व्यवस्था ही लागू रही तो किसी भी दिन इससे भयावह हादसे से इनकार नहीं किया जा सकता।

शहर स्थित होटल बीते वर्षो में अग्नि कांड के बाद लापरवाहियों से सबक न लेने के चलते खुलासा हो रहा है। सूत्र बताते हैं कि शहर में संचालित होटल के पास फायर विभाग की एनओसी नहीं है। यही हाल ग्रामीण क्षेत्रों में चल रहे रहने व खाने के होटलों का है। वर्षों से शहर मुख्यालय पर चल रहे तमाम होटलों में ग्राहकों की सुरक्षा के साथ खुलेआम खिलवाड़ होता रहा। सुरक्षा के नाम पर आग रोधी छोटा सा सिलेंडर बांध दिया गया। मगर इसे चलाने का होटल स्टाफ और संचालकों ने कभी फायर विभाग के कर्मचारियों से प्रशिक्षण नहीं लिया। यहां यह बताना जरूरी है कि इस फायर रोधी सिलेंडर की प्रति वर्ष जांच होनी चाहिए।बारूद के ढेर पर संचालित हो रहे होटल के सम्बंध में फायर सर्विस के अफसर मानते हैं कि घण्टाघर से पीपल तिराहे के मध्य स्तिथ काफी खतरनाक हैं, जिसकी वजह ये हैः

**1. इनकी इमारतों के ढांचे का काफी पुराना होना**

**2. सभी इमारतों का एक-दूसरे के करीब होना**

**3. काफी भीड़-भाड़ वाला इलाका होना**

**4. सड़कों का काफी संकरा होना**

**5. पानी खत्म हुआ तो फिर गाड़ी में भरने का कोई सोर्स नहीं है।**

जारी गाइड लाइन के मुताबिक, ऐसे भवनों में फायर एक्सटिंग्यूशर, फायर सिस्टम जैसे होजरील, फायर हाईड्रेंट, फायर पंप, वाटर टैंक को क्रियाशील दशा में रखना आवश्यक होगा। मगर इसे चलाने का होटल स्टाफ और संचालकों ने कभी फायर विभाग के कर्मचारियों से प्रशिक्षण नहीं लिया। यहां यह बताना जरूरी है कि इस फायर रोधी सिलेंडर की प्रति वर्ष जांच होनी चाहिए।इसके लिए फायर विभाग में दस रुपये का शुल्क जमा करना पड़ता है। शुल्क जमा करने की रसीद के साथ विभाग में जांच के लिए पत्र देना पड़ता है।इसके बाद विभागीय अधिकारी जांच कर फायर उपकरणों के चालू हालत में होने का प्रमाण पत्र देते हैं। इस व्यवस्था और जांच से एनओसी का कोई मतलब नहीं है। हाल यह है कि कुछ साल पहले वैधता समाप्त होने के बाद भी वही प्रमाण पत्र एक दो होटल संचालक रख कर लोगों को विभाग की एनओसी बता रहे हैं। जबकि फायर किटों की जांच प्रति वर्ष होनी चानी चाहिए। चौंकाने वाली बात यह है कि बगैर फायर विभाग की एनओसी के चल रहे इन होटलों में कभी सुरक्षा के लिहाज से अधिकारियों ने भी जांच नहीं की।

**होटलों में ढांचागत सुरक्षा के ये है मानक**

**- सेट बैक (होटल के चारों तरफ खुला स्थान होना जरूरी)।**

**- होटल में कम से कम चौड़ी और ढलान युक्त दो सीढ़ी।**

**- फायर स्केप, होटल से निकलने वाले दूसरे मार्ग एवं आकस्मिक बाहरी सीढ़ी जरूरी।**

**- आग लगने पर बजने वाला अलार्म आवश्यक।**

**- होजरिल (यह उपकरण आग बुझाने में होता है सहायक)।**

**- होटल परिसर में या आसपास फायर हाइड्रेंट जरुरी।**

## नवोदय परीक्षा तैयारी कर रहे विद्यार्थियों को एसपी ने स्वेटर व किताबें बांटी



**बहराइच।** नवोदय विद्यालय परीक्षा की तैयारी कर रहे मेधावी छात्र-छात्राओं को पुलिस अधीक्षक महोदया श्रीमती वृन्दा शुक्ला द्वारा स्वेटर व किताबें वितरित कर उन्हें कड़ी मेहनत व लगन से पढ़ाई करने को प्रोत्साहित करते हुये उनके उज्वल भविष्य की कामना की गयी उल्लेखनीय है कि क्षेत्राधिकारी पयागपुर राहुल पाण्डेय व थाना प्रभारी पयागपुर करुणाकर पाण्डेय द्वारा नवोदय विद्यालय की कोचिंग हेतु एक अहम पहल शुरू की गयी है जिसमें थाना पयागपुर के 02 उपनिरीक्षक- उ0नि0 मनीष यादव व उ0नि0 धीरेन्द्र यादव तथा 02 अन्य अध्यापक- कन्धर्व कुमार मिश्रा व प्रवेश कुमार शर्मा द्वारा छात्र-छात्राओं को निःशुल्क नवोदय विद्यालय परीक्षा की कोचिंग देकर तैयारी करायी जा रही है। निःशुल्क कोचिंग के माध्यम से नवोदय विद्यालय की परीक्षा में सफलता हेतु छात्र-छात्राओं के मदद मिलेगी। स्कूल के पश्चात चलने वाला यह कोचिंग कार्यक्रम थाने के पीछे स्थित सेमरा प्राथमिक विद्यालय, कांधी कुइयाँ प्राथमिक विद्यालय, बड़ागाँव प्राथमिक विद्यालय आदि विभिन्न प्राथमिक विद्यालयों में आयोजित किया जाता है जिसमें गरीब घरों के बच्चे जो लग्नशील और परिश्रमी हैं उनके द्वारा बढ़-चढ़ कर भाग लिया जा रहा है । मौके पर क्षेत्राधिकारी पयागपुर राहुल पाण्डेय, थाना प्रभारी पयागपुर करुणाकर पाण्डेय, उ0नि0 संदीप यादव तथा अन्य अधिकारी एवं कर्मचारीगण मौजूद रहे।

## बहराइच मे नाबालिग लड़की से दुष्कर्म के अभियुक्त को 10 वर्ष का कारावास

**बहराइच।** जिले मे ऑपरेशन कन्विक्शनॽ के तहत पीडित के साथ न्यायालय द्वारा चिन्हित अभियोगों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध अधिकतम/त्वरित दण्डात्मक कार्रवाही अभियान मे न्यायालय पीठासीन अधिकारी दीपकान्त मणि (अरख/ढङ्गरूङ्ग अू३) जनपद बहराइच द्वारा घटना कारित करने वाले अभियुक्त को 10 वर्ष के कारावास व ?11,000/- के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया ।ये मामला वादी द्वारा दी गयी सूचना के आधार पर उसकी नाबालिग पुत्री उम्र 14 वर्ष जो दिनांक 29.08.2015 समय करीब 01:30 बजे पेट खराब होने के कारण शौच को गाँव के दक्षिण मक्का के खेत में गई थी। गांव का ही मुण्डे पुत्र टाऊं जो पीछा करते हुये उसी खेत में पहुंच गया और उसके साथ जबरदस्ती करके गलत काम किया । पीड़िता रोती-चिल्लाती घर आई और घटना की जानकारी दी। जिसके सम्बन्ध में थाना रूपईडीहा में दिनांक 28.11.2024 को मु.अ.सं. 634/2015 धारा 376 भा.द.वि.व 3/4 पॉक्सो एक्ट बनाम 1. मुण्डे पुत्र टाऊं निवासी चिलबिला थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच पंजीकृत किया गया ।जिसमें तत्कालीन विवेचनाधिकारी प्र0नि0 छोटक यादव द्वारा साक्ष्य संकलन, गवाहों की गवाही व विवेचनात्मक कार्यवाही के उपरान्त अभियुक्त उपरोक्त के विरुद्ध आरोप पत्र दिनांक 21.11.2015 को अन्तर्गत धारा 376, 504 भा.द.वि. व 3/4 पॉक्सो एक्ट दाखित कर दिनांक 04.01.2018 को माननीय न्यायालय विरचित किया गया। पुलिस अधीक्षक बहराइच वृन्दा शुक्ला के निर्देशन में ₹ऑपरेशन कन्विक्शन" के तहत चिन्हित अपराधों में दोषी अभियुक्तों के विरुद्ध न्यायालय द्वारा अधिकतम/त्वरित दण्डात्मक कार्यवाही हेतु जनपदीय पुलिस द्वारा विशेष अभियान जिसके क्रम मे उक्त अभियोग मे माननीय न्यायालय/पीठासीन अधिकारी दीपकान्त मणि द्वारा मॉनीटरिंग सेल पुलिस कार्यालय बहराइच, विशेष शासकीय अधिवक्ता सन्त प्रताप सिंह, सन्तोष सिंह, सुरेन्द्र मौर्या तथा कोर्ट मोहर्रिर का0 बृजेश कुमार साहनी, प्रभारी थाना रुपईडीहा, थाना पैरोकार आरक्षी पंकज पटेल की प्रभावी पैरवी के फलस्वरुप 28.11.2024 को दोषी अभियुक्त मुण्डे पुत्र टाऊं निवासी चिलबिला थाना रुपईडीहा जनपद बहराइच को 10 वर्ष का कारावास व ?11,000 के अर्थदण्ड से दण्डित किया गया।

# स्वच्छ अयोध्या की परिकल्पना बिना सफाई मित्रों की तपस्या के है बेकारः गिरीश

जिला संवाददाता(vol)



**अयोध्या।** नगर निगम अयोध्या द्वारा सफाई मित्रों की क्षमता संवर्धन हेतु कार्यशाला व सम्मान समारोह रामकथा पार्क में आयोजित किया गया। अभिनंदन कार्यक्रम की शुरूआत महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने सफाई मित्रों के पैर धुल कर किए। महापौर तथा नगर आयुक्त संतोष कुमार शर्मा ने सफाई मित्रों को प्रशस्ति पत्र तथा अंगवस्त्र देकर सम्मानित किया। स्वच्छ भारत मिशन में उत्कृष्ट कार्य करने वाली संस्था टीईआरआई ग्रुप के डॉ. सुनील पाण्डेय, चिन्तन इनवायरमेन्टल ग्रुप की भारती चतुवेर्दी, मिशन ग्रीन अयोध्या के धनंजय पाण्डेय एवं आईटीसी टीम को अंगवस्त्र व प्रशस्ति पत्र भेंटकर सम्मानित किया गया। महापौर गिरीश पति त्रिपाठी ने कहा कि पंचकोसी परिक्रमा में पच्चीस लाख लोग चैदह कोसी परिक्रमा में 35 लाख परिक्रमार्थी, दस लाख श्रद्धालुओं का कार्तिक पूर्णिमा स्नान इस सब भक्तों को स्वच्छ व सुन्दर अयोध्या की छवि प्रस्तुत करना नगर निगम के 3000 सफाई कर्मियों की बदौलत है। दीपोत्सव में 27 लाख दीपकों को समय के साथ व्यवस्थित करना हो। इन सभी कार्यों के लिए सभी सफाई मित्र अभिनंदन के पात्र हैं। अयोध्या को विश्व की सबसे सुंदरतम नगरी बनाने की परिकल्पना बिना सफाई मित्रों की अनवरत तपस्या के बेकार है। उन्होंने कहा कि नगर निगम लगातार अपने सफाई मित्रों के लिए विभिन्न कार्यक्रम चलाता है। सफाई कार्य को सुगम बनाने के लिए विभिन्न प्रकार की मशीनें निगम द्वारा ली गई हैं। नगर आयुक्त ने कहा कि अयोध्या धार्मिक एवं सांस्कृतिक नगरी है। यहाँ पर लाखों की संख्या में दैनिक रूप से श्रद्धालुओं का आगमन हो रहा है। अयोध्या स्वच्छ एवं सुन्दर नगरी के स्वरूप में प्रदर्शित हो यह हम सभी का प्रयास है। इस महाभियान में आमजन को भी अपनी सहभागिता से अयोध्या को बेहतर स्वरूप प्रदान करना है। स्वच्छता के क्षेत्र में अपना योगदान देने वाली संस्थाओं का प्रयास सराहनीय है। सफाई मित्रगण के क्षमता संवर्धन से इनकी कार्यकुशलता में वृद्धि होगी।

संक्षेप

## कमरे में लटकता मिला युवती का शव

**बल्दीराय, सुलतानपुर (वीओएल)।** बल्दीराय थाना क्षेत्र के इसौली कस्बे में शनिवार दोपहर को एक युवती का शव घर के कमरे में संदिग्ध परिस्थितियों में लटका मिला। मृतका की पहचान नक्कू के पुत्र प्रवेश की पत्नी खुशबू (20) के रूप में हुई है। घटना के समय घर के अन्य परिजन बाहर गए हुए थे। जब परिजनों को घटना की जानकारी हुई, तो उन्होंने तत्काल पारा चौकी इंचार्ज को सूचना दी। मौके पर पहुंची पुलिस ने गांव वालों की मदद से शव को नीचे उतारा और पंचनामा कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतका का मायका मुसाफिरखाना कोतवाली क्षेत्र के ग्राम नारे में है। घटना की सूचना मायके वालों को दी गई। समाचार लिखे जाने तक थाने में कोई तहरीर नहीं दी गई थी। पारा चौकी इंचार्ज ने बताया कि शव का पोस्टमार्टम कराया जा रहा है। मायके वालों की तरफ से तहरीर मिलने पर आगे की विधिक कार्रवाई की जाएगी। घटना के कारणों का अभी तक पता नहीं चल सका है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

## महिला आयोग की जनसुनवाई कल

**सुलतानपुर (वीओएल)।** उत्तर प्रदेश राज्य महिला आयोग की सदस्य सचिव प्रतिभा कुशवाहा 2 और 3 दिसंबर को जिले में महिला कल्याण से जुड़े कार्यक्रमों का नेतृत्व करेंगी। जिला प्रोबेशन अधिकारी बी.पी. वर्मा ने बताया कि 2 दिसंबर को पूर्वाह्न 11 बजे से अपराह्न 1:30 बजे तक पीडब्ल्यूडी गेस्ट हाउस में जनसुनवाई आयोजित होगी। इसमें महिला कल्याण, पुलिस, स्वास्थ्य, शिक्षा, श्रम, पंचायती राज, और अन्य विभागों से जुड़ी समस्याओं का समाधान किया जाएगा। इसके बाद, प्रेरणा सभागार में 02:30 बजे से 03:30 बजे तक महिलाओं के लिए संचालित विकास योजनाओं की समीक्षा बैठक होगी। 3 दिसंबर को श्रीमती कुशवाहा जिला कारागार, महिला बंदी गृह, बालिका गृह, वृद्धाश्रम, जिला महिला चिकित्सालय, और कस्तूरबा गांधी आवासीय विद्यालय का निरीक्षण करेंगी। जनपद की महिलाएं जनसुनवाई में उपस्थित होकर सरकार की योजनाओं से संबंधित अपनी समस्याएं रख सकती हैं। महिला कल्याण के प्रति यह पहल प्रशासन की प्रतिबद्धता को दर्शाती है।

## रस्सी से लटकता मिला अधेड़ का शव

**मोतिगरपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** भोर में ही एक गांव में कच्चे घर की करी में रस्सी के सहारे अधेड़ का शव झूलता देखकर घरवालों ने पुलिस को सूचना दिया। पुलिस पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। शनिवार सुबह महमूदपुर जंगल गांव में राम जीत तिवारी पुत्र भगवती प्रसाद (50) को परिवारजन सुबह जब उनके पहुंचे तो उन्हें अपने कच्चे मकान की करी में रस्सी के सहारे लटकता देखकर बदहवास हो गए। घर में सुबह सुबह कोहराम मच गया। परिवारजन ने 112 पर सूचना दिया। पुलिस पहुंचकर शव का पंचनामा कर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। मृतक की एक विवाहित बड़ी बेटी स्वीटी (24) व दो बेटे अंकेश (20), आशीष (16) के अलावा पत्नी प्रमिला का रो रो कर बुरा हाल है। थानाध्यक्ष प्रवीण कुमार यादव ने बताया कि प्रथम दृष्टया पारिवारिक कलह में आत्महत्या की बात सामने आ रही है। पीएम रिपोर्ट आने पर विधिक कार्रवाई की जाएगी

# एमएलसी ने प्रतिभागियों को शील्ड देकर किया सम्मानित

## रबी उत्पादकता गोष्ठी और तिलहन मेले का हुआ आयोजन



**सुलतानपुर (वीओएल)।** कृषि भवन अहिमाने प्रांगण में शुक्रवार को रबी उत्पादकता गोष्ठी और तिलहन मेले का आयोजन किया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ विधान परिषद सदस्य शैलेन्द्र प्रताप सिंह ने फीता काटकर और दीप प्रज्ज्वलित कर किया।

मिलेट्स पुनरोद्धार कार्यक्रम के अंतर्गत विभिन्न संस्थानों और विद्यालयों ने मिलेट्स से बने व्यंजनों के स्टाल लगाए। स्थानीय होटलों, सामाजिक संस्थाओं, और स्कूलों द्वारा तैयार इन स्वादिष्ट व्यंजनों की सराहना की गई। एमएलसी ने सभी प्रतिभागियों को शील्ड और प्रशस्ति पत्र देकर सम्मानित किया। कार्यक्रम में प्रधानमंत्री किसान सम्मान निधि योजना और सोलर पंप योजना के लाभार्थी किसानों को प्रशस्ति पत्र प्रदान कर सम्मानित किया गया। इनमें महंथू यादव, राम बहादुर वर्मा, राम कुमार, और शिवचंद्र सोनकर जैसे किसानों को सोलर पंप के चयन पर प्रशंसा मिली। उ

प कृषि निदेशक और कृषि वैज्ञानिकों ने किसानों को योजनाओं, खाद-बीज की उपलब्धता और मिलेट्स व रबी फसलों की खेती की जानकारी दी।

कृषि केंद्रों और केवीके वैज्ञानिकों ने किसानों की समस्याओं का समाधान भी किया। इस आयोजन में 700 से अधिक किसानों ने हिस्सा लिया। इस मौके पर उप कृषि निदेशक, जिला कृषि रक्षा अधिकारी, भूमि संरक्षण अधिकारी, जिला उद्यान अधिकारी, खाद्य सुरक्षा अधिकारी, परियोजना निदेशक, ग्राम्य विकास अभिकरण, डीसी मनरेगा, जिला प्रोबेशन अधिकारी आदि मौजूद रहे।

# उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षक और प्रधान हुए सम्मानित

- ब्लॉक स्तरीय संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यक्रम का हुआ आयोजन

**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** शनिवार को ब्लॉक स्तरीय जागरूकता संगोष्ठी व उन्मुखीकरण कार्यक्रम का आयोजन ब्लाक संसाधन केंद्र पर किया गया। कार्यक्रम में परिषदीय विद्यालयों के प्रधानाध्यापकों, ग्राम प्रधानों और वार्ड मेंबरों ने प्रतिभाग किया।

मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद राज प्रसाद उपाध्याय विधायक और उपेन्द्र गुप्ता ने मां सरस्वती प्रतिमा पर पुष्प अर्पितकर व पूजन करके कार्यक्रम का शुभारंभ किया। विधायक ने कहा कि ग्राम प्रधान और शिक्षा विभाग के प्रधानाध्यापकों को आपसी सामंजस्य बनाकर रखना चाहिए, जिससे विद्यालय का कायाकल्प व निपुण भारत कार्यक्रम के तहत बच्चों को शत प्रतिशत लाभ मिले और डीबीटी से अभिभावकों के खाते में पैसा भेजने की बात कही। संगोष्ठी में उत्कृष्ट कार्य करने वाले शिक्षकों और प्रधानों को प्रमाण पत्र देकर सम्मानित किया गया।

इस मौके पर खंड शिक्षा अधिकारी शिव शंकर मिश्र, भाजपा मंडल अध्यक्ष हरिशंकर वर्मा, रत्नेश तिवारी, शिक्षक संघ अध्यक्ष जय प्रकाश वर्मा, दीपेंद्र सिंह, राम मगन, दामोदर प्रसाद तिवारी, अजीत सिंह कांति सिंह बबीता पाण्डेय, पूनम समेत आदि मौजूद रहे।



# मनाया गया जनसत्ता दल का स्थापना दिवस

**अमेठी।** शनिवार को जनसत्ता दल लोकतांत्रिक के जिला कार्यालय पर पार्टी का छठवां स्थापना दिवस धूमधाम से मनाया गया। इस अवसर पर पार्टी के जिला कार्यालय पर जनसत्ता दल जिन्दाबाद, राजाभैया जिन्दाबाद, गोपाल भैया जिंदाबाद के नारे के साथ झंडारोहण किया और गया केक काटकर एक दूसरे को केक खिलाकर हर्सोल्लास के साथ स्थापना दिवस मनाया गया। पार्टी के जिलाध्यक्ष चौधरी नफीस अहमद ने कहा कि आज के ही दिन पार्टी के राष्ट्रीय अध्यक्ष रघुराज प्रताप सिंह के नेतृत्व में पार्टी के गठन के बाद रमाबाई अम्बेडकर मैदान में पार्टी का पहला खुला अधिवेशन सम्पन्न हुआ था जिसमें लाखों की संख्या में प्रदेश के कोने कोने से सर्व समाज के लोगों ने भाग लिया था और इसी के बाद प्रदेश के सभी जिलों में पार्टी का सदस्यता अभियान चलाकर गठन किया गया। इस अवसर पर पूर्व प्रमुख अनिल सिंह, अधिवक्ता प्रकोष्ठ के जिलाध्यक्ष सूर्य प्रकाश त्रिपाठी, बीडीसी व अधिवक्ता श्यामजी पांडेय, बबलू यादव, सुधाकर सहित सैकड़ों की संख्या में कार्यकर्ता मौजूद रहे।



- राजाभैया जिन्दाबाद के नारे के साथ काटा गया केक

## सारिणी के अनुसार कार्य पूर्ण करें संबंधित संस्थान

**अमेठी।** जिला समाज कल्याण अधिकारी मनोज कुमार शुक्ल ने बताया कि उप सचिव, उप्र शासन के निदेशानुसार शैक्षिक सत्र 2024-25 में दशमोत्तर कक्षाओं में अध्ययनरत उप्र के मूल निवासी सामान्य वर्ग, अनुसूचित जाति अनुसूचित जनजाति छात्रवृत्ति योजनान्तर्गत छात्रों के ऑनलाइन आवेदन एवं अन्य समस्त कार्यवाही पूर्ण करने हेतु संशोधित समय सारिणी प्राप्त हुई है। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि क्षेत्रीय उच्च अधिकारी व जिला विद्यालय निरीक्षक को संशोधित समय सारिणी में दिये गये निदेशों के अनुसार जनपद के समस्त सम्बन्धित संस्थाओं एवं विद्यालयों के प्राचार्य प्रधानाचार्यों को अवगत कराना सुनिश्चित करें।

## युवक का शव मिलने से सनसनी

**तिलोई ,अमेठी।** थाना मोहनगंज क्षेत्र के गांव पूरे राजा मजरे भेलाई कला में चार दिन से घर से लापता युवक का शव गांव के किनारे मिलने से सनसनी फैल गई। मृतक अपने चचेरे बाबा के साथ रहकर एक मिठाई की दुकान पर काम करता था। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। थाना क्षेत्र के गांव पूरे राजा मजरे भेलाई कला निवासी मोनू उम्र बत्तीस वर्ष अपने चचेरे बाबा श्रीराम के साथ रहकर उनकी सेवा करता था। श्रीराम के कोई औलाद नहीं है। मोनू की मौत के बाद परिवार सदमे में है। मृतक क्षेत्र के बालाजी स्वीट्स हाउस में गाड़ी चलने का काम करता था। चार दिन पूर्व सोमवार को वह अचानक घर से लापता हो गया। बाबा जगजीवन व श्रीराम ने बताया कि काफी खोजबीन की गई पर मोनू का पता नही चल सका। परिजनो ने आशंका जाहिर की थी वह कही रिस्तेदारी में चला गया होगा इसी बीच शनिवार सुबह गांव के ही जगदीश कुमार के ट्यूबेल के निकट से तेज दुर्गंध आने पर देखा गया तो एक शव पड़ा दिखाई दिया। शव की शिनाख्त गांव के लापता चल रहे मोनू के रूप में हुई है। मृतक तीन भाइयों के बीच में दूसरे नम्बर पर और अविवाहित था। घटना की सूचना मिलते ही मौके पर पहुंची पुलिस ने जांच पड़ताल की और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिये भेज दिया है। इस सम्बंध में प्रभारी थानाध्यक्ष राघवेंद्र यादव ने बताया कि घटना की तहरीर नही मिली है और पीएम रिपोर्ट आने के बाद युवक की मौत का कारण स्पष्ट हो सकेगा।

# ब्लॉक प्रमुख के परिजनों ने कथा व्यास का स्वागत कर लिया आशीर्वाद

**तिलोई ,अमेठी।** अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज ग्राम पंचायत मेढोना के गांव पूरे दान सिंह स्थित ब्लाक प्रमुख तिलोई के आवास पर पहुंचे जहां पर ब्लाक प्रमुख के परिजनों ने आरती पूजन करते हुये फूल मालाओं से स्वागत किया। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज ने कहा कि इस क्षेत्र की जनता जनार्दन के साथ ही जनप्रतिनिधियों से मेरा बेहद लगाव है। अंतर्राष्ट्रीय कथा वाचक आचार्य शान्तनु जी महाराज के ब्लाक प्रमुख तिलोई कृष्ण कुमार सिंह उर्फ मुन्ना सिंह के आवास पर पहुंचने पर उनके परिजनों ने फूल मालाओं से स्वागत कर आरती पूजन करते हुये रोली चंदन का टीका लगाया और ब्लाक प्रमुख के परिजनों ने महराज जी का स्वागत कर आशीर्वाद प्राप्त किया। इस मौके पर अर्चना सिंह, अखण्ड प्रताप सिंह, शिवी सिंह, डॉ अर्जिता सिंह, अपूर्वा सिंह, सिद्धार्थ सिंह, दिग्विजय सिंह, जय सिंह सहित अन्य तमाम लोग मौजूद रहे।

## तिलोई में विशाल भंडारा एक दिसंबर को

तिलोई अमेठी, आरबीएस इण्टर कालेज तिलोई के प्रांगण में राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह द्वारा आयोजित श्रीराम कथा के विश्राम दिवस के दूसरे दिन एक दिसम्बर रविवार को विशाल भण्डारा आयोजित किया गया है। कार्यक्रम के आयोजक राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने बताया कि विशाल भण्डारा एक दिसम्बर को दोपहर बारह बजे से प्रभु इच्छा तक अनवरत जारी रहेगा। राज्यमंत्री राजा मयंकेश्वर शरण सिंह ने आम जनमानस से विशाल भण्डारा में प्रसाद ग्रहण करने की अपील की है। उन्होंने बताया कि विशाल भण्डारा की समस्त तैयारियां पूर्ण कर ली गई हैं और आयोजन समिति के पदाधिकारी अपनी जिम्मेदारी का निर्वहन कर रहे हैं।

# प्रधान, पंचायत सहायक और समूह सखी को किया गया प्रशिक्षित



**जयसिंहपुर, सुलतानपुर (वीओएल)।** शनिवार को जयसिंहपुर ब्लॉक सभागार में प्रशिक्षण के अंतिम दिन 17 ग्राम पंचायतों के प्रधान, पंचायत सहायक, समूह सखी का प्रशिक्षण सम्पन्न हुआ। जिसमें राज्य प्रशिक्षक अंबरीश वर्मा द्वारा ग्रामीण पेयजल आपूर्ति योजना के अन्तर्गत रखरखाव, शिकायत निवारण प्रक्रिया, टेक ओवर एवं हैंड ओवर प्रक्रिया के बारे में विस्तार से जानकारी दी गयी। पंचायती राज विभाग द्वारा विकास खण्ड क्षेत्र के ग्राम प्रधानों पंचायत सहायक और समूह सखी को पांच दिन में अलग-अलग तारीखों में प्रशिक्षण के लिए बुलाया गया था, जिसके तहत शनिवार को अंतिम दिन 17 ग्राम पंचायतों के प्रधान, बीसी सखी और पंचायत सहायकों ने प्रशिक्षण प्राप्त किया। सहायक विकास अधिकारी (पंचायत) राम जी लाल के द्वारा ग्राम पंचायत के कार्यों के बारे में, ग्राम प्रधान को हटाए जाने की प्रक्रिया, ग्राम प्रधान के द्वारा स्वयं आयकर रिटर्न दाखिल करने का प्रशिक्षण दिया गया। महिला ग्राम प्र ?धान को अधिकारों एवं कर्तव्यों की जानकारी दी गई। इस मौके पर प्रधान राधेश्याम वर्मा, जगराम, ओम प्रकाश सिंह, बृजेश कुमार यादव, पंचायत सहायक खुशबू, अंकित गुप्ता, सुभाष, अबू सुफियान, समूह सखी गंगोत्री साहू, सुनीता देवी, सरिता देवी आदि मौजूद रहे।

# पुलिस ही यातायात नियमों का कर रही उल्लंघन

**अमेठी।** यातयात माह का आखिरी दिन कल था। लेकिन यह माह खानापूरी तक ही सीमित बन रहा है। चौराहों और मुख्यमार्गों पर लोग नियमों की धज्जियां उड़ा रहे हैं। माह के दौरान कुछ चालान कर रस्म अदायगी की गई। लोगों को जागरूक करने के बाद भी पुलिस के साथ न वाहन चालक सुधर रहे हैं और न ही यात्री। जिसे देखों वहीं जल्दी में हैं और नियम तोड़ने पर आमदा है। जनपद में एक नवंबर से यातायात माह की शुरूआत हुई थी। यातायात माह की शुरूआत पर जिम्मेदारों को शहर की यातायात व्यवस्था को बेहतर बनाने, वाहन चालकों को जागरूक करने, यातायात नियमों का पालन कराने के लंबे चौड़े दावे किए गए, लेकिन मात्र एक सप्ताह में वह हवाई साबित हो गए थे। शहर की यातायात व्यवस्था रामभरोसे चल रही है। यातायात माह में शायद ही कोई ऐसा दिन गया हो जिस दिन शहर में जाम न लगा हो। जाम भी ऐसा जो सुबह से लेकर शाम तक लगा। यातायात माह में लोगों को जागरूक करने और चालान के अलावा कोई प्रभावी कार्रवाई नहीं की गई। लोग स्वयं यातायात के नियमों का पालन नहीं कर रहे हैं, जबकि पुलिस भी इस ओर गंभीर नहीं दिख रही है। जिस पुलिस पर यातायात के नियमों का पालन कराने का दायित्व है, वही पुलिस खुद यातायात के नियमों का उल्लंघन कर रही है। ऐसे में पब्लिक को यातायात के नियमों का पालन करने के लिए पुलिस कैसे प्रेरित करेगी। सड़क हादसों में मौतों का आकड़ा दिनोंदिन बढ़ता जा रहा है। अधिकांश सड़क हादसे यातायात के नियमों का पालन नहीं करने से होते है। इसमें मुख्य वजह वाहनों की तेज रफ्तार है। इसके मद्देनजर पब्लिक को यातायात नियमों के बारे में जागरूक करने के लिए पुलिस समय-समय पर अभियान चलाती रहती है। नवंबर में पूरे महीने जागरूकता अभियान चलाया गया। इस दौरान पुलिस लगातार दोपहिया व चार पहिया वाहन सवार लोगों में पंफलेट बांटकर उन्हें जागरूक करने का प्रयास किया था। पब्लिक को जागरूक करने का दावा तो पुलिस कर रही है, लेकिन खुद उसका पालन नहीं कर रही है। पुलिस कर्मी बिना हेलमेट के बाइक लेकर फरार्टा भरते हैं। यातायात माह के अंतिम दिन शनिवार को पुलिस कर्मी बिना सीट बेल्ट के कार से फरार्टा भरते रहे। यही नहीं, गाड़ियों पर लोगो लगाने पर रोक है। फिर भी अधिकांश पुलिस कर्मियों ने बाइक व चार पहिया वाहनों पर पुलिस का लोगो लगा रखा है।






बाइक सवार बिना हेलमेट के व फोन पर बात करते हुए। कार चालक बिना सीट बेल्ट के यातायात पुलिस के सामने से ही गुजर रहे हैं, लेकिन कोई कार्रवाई नहीं की जा रही है। वह खुद के साथ साथ दूसरों की जान को भी जोखिम में डाले हुए हैं।

## युवक की हत्या करने वाला मुख्य आरोपी पकड़ा गया

**मथुरा।** तेरह रोज पूर्व मसानी लिंक रोड स्थित लोटस गार्डन में शादी समारोह के दौरान हुई युवक की हत्या में मुख्य आरोपी को आज गोविंदनगर पुलिस ने डीएवी इंटर कालेज गेट के सामने से गिरफ्तार किया है।

ज्ञात रहे कि गत 17 नवंबर की रात लोटस गार्डन में शादी समारोह के दौरान पार्किंग में विकास नगर नई बस्ती निवासी राहुल की गोली मारकर हत्या कर दी गई थी। इस मामले में मृतक के पिता सत्यानंद द्वारा अखिल पटना के खिलाफ रिपोर्ट दर्ज कराई गई थी। पुलिस ने आज मुखबिर की सूचना पर मुख्य आरोपी अखिल अखिल उर्फ अखिल पटना पुत्र हरी बाबू निवासीगण गोविन्दनगर को गिरफ्तार कर लिया है। गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम ने इंस्पेक्टर गोविंद नगर देवपाल सिंह पुंडीर, सब इंस्पेक्टर नरेंद्र सिंह तोमर शामिल रहे।

## आयोजन से विद्यार्थियों में नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है




**सुलतानपुर (वीओएल)।** विद्यार्थियों में वैज्ञानिक सोच और रचनात्मकता विकसित करना जरूरी है। इसी उद्देश्य से नेशनल इंटर कॉलेज में आयोजित कला, विज्ञान प्रदर्शनी एवं बाल मेले ने सभी का ध्यान आकर्षित किया। कार्यक्रम का उद्घाटन जिला विद्यालय निरीक्षक रविशंकर ने किया। उन्होंने कहा कि इस तरह के आयोजनों से विद्यार्थियों में नवाचार और वैज्ञानिक दृष्टिकोण विकसित होता है। सह जिला विद्यालय निरीक्षक जटाशंकर यादव ने इसे जनपद स्तर पर अद्वितीय प्रयास बताया। मुख्य अतिथि, जलालपुर ग्राम प्रधान वीरेंद्र बहादुर सिंह ने छात्रों को सक्रिय और क्रियाशील बने रहने का संदेश दिया। समापन सत्र में उत्तर प्रदेश पिछड़ा वर्ग आयोग के सदस्य घनश्याम चैहान और वरिष्ठ साहित्यकार डॉ. सुशील कुमार पांडेय ने विद्यार्थियों को पुरस्कृत किया। कार्यक्रम में 126 मॉडलों की प्रदर्शनी की गई, जिनमें आयशा और अशरफ का मुद्रा का विकास, वैभव और अनुज का ष्मांग-कीमत संबंध, सुमित अग्रहरि की मीरा बाई प्रतिमा, पीयूष गौतम का चंद्रयान, तथा प्रशांत दूबे और टीम का सैटेलाइट लांच व्हीकल विशेष आकर्षण रहे। इस मौके पर भारत सरकार मौसम विज्ञान विभाग के वरिष्ठ वैज्ञानिक अतुल कुमार सिंह, संत तुलसीदास पीजी कालेज के जंतु विज्ञान विभागाध्यक्ष डॉ. मंगला प्रसाद सिंह, सुभाष चन्द्र, जयंत सिंह आदि मौजूद रहे।

## दिव्यांग व कुष्ठावस्था पेंशन के लाभार्थी बैंक खाते में एनपीसीआई डीबीटी प्रक्रिया शीघ्र करायें पूर्ण

**अमेठी।** जिला दिव्यांगजन सशक्तीकरण अधिकारी नरेन्द्र कुमार पाण्डेय ने बताया कि निदेशालय, दिव्यांगजन सशक्तीकरण विभाग, उ0प्र0 के निर्देश के क्रम में जनपद के समस्त दिव्यांगजन एवं कुष्ठावस्था पेंशन प्राप्त कर रहे लाभार्थियों को दिव्यांग पेंशन एवं कुष्ठावस्था पेंशन किश्त का भुगतान आधार बेस्ड पेमेंट प्रणाली के माध्यम से आधार लिंक बैंक खाते में अन्तरित किया जायेगा। इस सम्बन्ध में उन्होंने बताया कि जनपद के सभी दिव्यांगजन जिनके बैंक खाते में एनपीसीआई/डीबीटी नहीं है वह यथाशीघ्र अपने बैंक शाखा से सम्पर्क कर अपने पेंशन सम्बन्धी बैंक खाते में एनपीसीआई/डीबीटी प्रक्रिया को पूर्ण करा लें, अन्यथा आगामी पेंशन की धनराशि खाते में अन्तरित नहीं होगी।

## जनाबे फातमा जहरा की शहादत पर मजलिस आयोजित

**सुलतानपुर (वीओएल)।** मोहम्मद साहब की इकलौती बेटी जनाबे फातिमा जहरा सलामुल्लाह अलैहा की शहादत के मौके पर 3 दिसंबर से 5 दिसंबर 2024 तक जिले के शिया बाहुल्य क्षेत्रों में मजलिस का आयोजन किया जाएगा। अमहट, गोराबारिक, अलीनगर, खैराबाद, सैदपुर, कादीपुर समेत विभिन्न इलाकों में प्रतिदिन रात 08:00 बजे मजलिसें होंगी। अमहट स्थित हुसैनिया बादल खां में 2 दिसंबर से 6 दिसंबर तक विशेष मजलिस का आयोजन होगा, जिसमें मौलाना सैयद तहकीक हुसैन रिजवी, मौलाना सैयद कमर अब्बास नकवी, मौलाना सैयद अफजल अब्बास, और मौलाना सैयद एकरार रजा समेत अन्य धर्मगुरु तकरीर करेंगे। 5 दिसंबर को दिनभर हुसैनिया बादल खां में मजलिस होंगी, जिसके बाद अंजुमन असगरिया कदीम अमहट नौहा और मातम करेंगी। इसी दिन रात 8 बजे हुसैनिया नौतामीर अमहट में अंतिम मजलिस होगी।

# महाविद्यालय प्रबंधक ने छात्र-छात्राओं को किया पुरस्कृत

- संजय गांधी पीजी कॉलेज चौकिया में आयोजित हुई खेलप्रतियोगिता



**लंभुआ, सुलतानपुर (वीओएल)।** छात्र जीवन में खेल का बहुत बड़ा महत्व है, क्योंकि पढ़ाई के साथ-साथ छात्र खेलकूद में भी आगे जा रहे हैं और अपने क्षेत्र का नाम रोशन कर रहे हैं। उक्त विचार लंभुआ तहसील क्षेत्र में स्थित संजय गांधी पीजी कॉलेज चैकिया के वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता के मौके पर मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद महाविद्यालय प्रबंधन योगेश सिंह ने व्यक्त किया।

चैकिया में वार्षिक खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन मुख्य अतिथि के रूप में मौजूद महाविद्यालय प्रबंधक श्री सिंह ने फीता काटकर खेलकूद प्रतियोगिता का उद्घाटन किया। प्रतियोगिता में कबड्डी, रस्सा कसी, बैडमिंटन, खो खो आदि खेलों का आयोजन किया गया। जिसमें छात्र-छात्राओं ने बढ़ चढ़कर हिस्सा लिया। उत्कृष्ट प्रदर्शन करने वाले छात्र-छात्राओं को महाविद्यालय प्रबंधक श्री सिंह ने पुरस्कृत कर सम्मानित किया। महाविद्यालय प्राचार्य डॉ. मंजू मगन ने खेल के समापन पर पढ़ाई के साथ-साथ खेल की उपयोगिता पर प्रकाश डाला। कीड़ा अध्यक्ष डॉ मनोज कुमार सिंह, डॉ. अरुण कुमार यादव, डॉ अंजु सिंह, रणंजय सिंह, डॉ दिवाकर सिंह ने खेल के आयोजन में सहयोग किया। मौके पर डॉ धर्म विजय सिंह, डॉ. सुषमा सिंह, एसपी पांडेय, डॉ. शीला सिंह, डॉ धर्मेंद्र सिंह, डॉ. अजय कुमार श्रीवास्तव, डॉ. संजय शर्मा, पंकज सिंह, अनुज गुप्ता, रणजीत वर्मा आदि मौजूद रहे।

## वेदों का प्राण तत्व श्रीमद् भागवत

**चांदा, सुलतानपुर (वीओएल)।** चांदा क्षेत्र के मधुपुरी गांव में संगीतमयी श्रीमद्भागवत महापुराण ज्ञान महायज्ञ के द्वितीया दिवस में श्री धाम अयोध्या से पधारे श्री अमित्याचार्य शुक्ल जी महाराज ने कथा को आगे बढाते हुए कहा कि श्रीमद्भागवत वेदों का प्राण तत्व है। द्वितीय दिवस के कथा प्रसंग में अमर कथा, परीक्षित का प्राकट्य, भीष्म का उपदेश के प्रसंग का विस्तार से वर्णन किया श्रीमद्भागवत कथा के महत्व को समझाते हुए श्रीमहाराज जी ने कहा कि भागवत कथा में जीवन का सार तत्व मौजूद है। आवश्यकता है निर्मल मन और स्थिर चित्त के साथ कथा श्रवण करने की भागवत कथा श्रवण से मनुष्य को परमात्मा की प्राप्ति होती है। भागवत कथा श्रवण मात्र से मनुष्य को प्रेत योनि से मुक्ति मिलती है। इसके पूर्व मुख्य यजमान दुर्गावती देवी पत्नी उमा प्रकाश तिवारी ने व्यासपीठ की पूजन अर्चन विधि विधान से किया। इस मौके पर जयप्रकाश तिवारी, ओंकार नाथ तिवारी, मनोज, बब्लू, राकेश, राज, प्रिंस तिवारी, कार्तिकेय तिवारी आदि मौजूद रहे।



संक्षेप

## जिला भाजपा की संगठन पर्व की कार्यशाला संपन्न

**मथुरा।** पुष्पांजलि स्थित जिला भाजपा कार्यालय पर शनिवार को संगठन पर्व की कार्यशाला संपन्न हुई कार्यशाला में पधारे जिला चुनाव अधिकारी नवाब सिंह नागर एवं जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने बैठक से पूर्व दीप प्रज्वलित कर बैठक को संबोधित करते हुए आगामी मंडल अध्यक्षों के चुनाव हेतु पदाधिकारी को संबोधित किया। जिला चुनाव अधिकारी नवाब सिंह ने बताया की 1 दिसंबर से 15 दिसंबर तक सभी मंडलों का गठन होगा मंडल अध्यक्ष की उम्र 35 से 45 वर्ष रखी जायेगी। दो बार के सक्रिय सदस्य को वरीयता दी जाएगी। बैठक को संबोधित कर रहे जिला अध्यक्ष निर्भय पांडे ने बताया कि जिले में बूथ समिति का कार्य संपन्न हो चुका है। अब मंडलों के अध्यक्ष का कार्य शुरू हो चुका है। वह भी जल्द पूरा कर दिया जाएगा। पार्टी हाईकमान ने तय किया है कि दो बार से मंडल अध्यक्ष का दायित्व निभा रहे अध्यक्षों को इस चुनाव में मौका नहीं मिलेगा। परिश्रमी पदाधिकारी को ही मंडल अध्यक्ष की जिम्मेदारी मिलेगी। कार्यशाला में विधायक बलदेव विधायक पूरन प्रकाश, देवेश पाठक विनोद चौधरी जिला महामंत्री महिपाल सिंह, अनिल चौधरी ,नरदेव चौधरी , उपाध्यक्ष मनीष पाराशर मुदिता शर्मा, अजय परखम तरुण सैनी, विष्णु सैनी,नरेंद्रगौतम , देवेंद्र परिहार जयपाल, श्याम शर्मा,पंकज चतुवेर्दी, विजय शर्मा, अमन ठाकुर, आदि कार्यशाला में मौजूद रहे। कुशल संचालन जिला महामंत्री सत्यपाल चैधरी ने किया।

## अभियुक्त तमंचा सहित गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा फाइनेन्स कर्मी बन अवैध वसूली करने वाले एक अभियुक्त को अवैध असलहा एवं जिंदा कारतूस के साथ गिरफ्तार किया गया है। शनिवार को थाना रामगढ़ पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर फाइनेंस कंपनी का कर्मचारी बनकर अवैध वसूली करने वाले एक वांछित अभियुक्त पवन कुमार पुत्र गोपाल शर्मा निवासी द्वारिकापुरी थाना उत्तर जिला फिरोजाबाद को फैक्ट्री ऐरिया की तरफ जाने वाले कच्चे रास्ते के पास से गिरफ्तार किया गया।अभियुक्त के कब्जे से एक अवैध तमंचा व एक जिन्दा कारतूस बरामद हुए है। पुलिस ने बरामदगी के आधार पर अभियुक्त के विरुद्ध थाना रामगढ़ पर आर्म्स एक्ट पंजीकृत कर अभियुक्त को न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

# मंडलायुक्त ने परखी योजनाओं की प्रगति

### आयुक्त ने यूपीपीसीएल द्वारा कराये जा रहे कार्यों से असंतुष्ट नजर आयीं, इस कार्यदाई संस्था के विरुद्ध शासन में पत्र प्रेषित करने को निर्देशित किया




**फिरोजाबाद।** आयुक्त रितु माहेश्वरी की अध्यक्षता में फिरोजाबाद शिकोहाबाद विकास प्राधिकरण के लैंड परचेसींग लैंड बैंक प्राधिकरण की योजनाओं प्रोजेक्ट्स एवं स्टेटस नई योजनाओं की प्रगति, सिविल इलेक्ट्रिकल एवं संपत्ति कार्यों तथा प्रवर्तन कार्यवाही की समीक्षा बैठक का आयोजन किया गया। सर्वप्रथम मुख्यमंत्री शहरी विस्तारीकरण नए शहर प्रोत्साहन योजना के अंतर्गत ग्राम पचवान में प्रस्तावित आवासीय योजना की समीक्षा की गई, आयुक्त ने कहा कि जहां भी योजना जिस लैंड पर संचालित की जा रही है उस भूमि पर पेड़ तो नहीं लगे हैं, इसको अवश्य देख ले उन्होंने संज्ञानित कराया गया कि इस भूमि पर 20 पेड़ लगे हैं, उन्होंने कहा कि प्लानिंग ऐसी होनी चाहिए कि इस भूमि पर कोई भी पेड़ नहीं कटे उन्होंने कहा कि दिसंबर में भूमि की खरीद हो जाए इसके बाद उसका टेंडर हो जाए, साथ ही साथ उन्होंने कहा कि रेरा द्वारा इस भूमि का पंजीयन कराये एक बेहतर प्लान बनाकर इस योजना को असली जामा पहनाये,इसी तरह इस योजना के तहत ट्रांसपोर्ट नगर में चल रहे कार्यों का भी मास्टर प्लान आयुक्त के समक्ष रखा गया, उन्होंने कहा कि इस योजनाओं को वास्तविक धरातल पर उतारे ।साथ ही साथ इन योजनाओं में निहित सरकार के उद्देश्यों को पूरा करें साथ ही आयुक्त को अवगत कराया गया कि मोडा चौराहे से लेकर डीएम कार्यालय सिविल लाइन गेट तक तिरंगा एलईडी सहित एलइडी स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य हो चुका है ।इसी तरह सिरसागंज में स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य प्रगति पर है ।आयुक्त ने कहा कि इस कार्य में इतनी देर क्यों हो रही है इस कार्य को शीघ्र पूरा कराये,इसी तरह उसायनी में भी तिरंगा एलइडी स्ट्रीट लाइट लगाने का कार्य प्रगति पर है, सहभागिता योजना के तहत चल रहे कार्यों की समीक्षा करते हुए बताया गया कि टूंडला और शिकोहाबाद में यूपीपीसीएल द्वारा लाइटे लगाने का कार्य हो रहा है लेकिन यह कार्य पूर्ण न होने पर आयुक्त ने यूपीपीसीएल के विरुद्ध शासन में पत्र भेजने की बात कही ।साथी आयुक्त को बताया गया कि शिकोहाबाद में एलइडी स्ट्रीट लाइटे लगाने का कर अभी जीरो प्रतिशत हुआ है जिस पर आयुक्त ने खासी नाराज दिखी,उन्होंने कहा कि यह कार्य दिसंबर में पूर्ण हो जाना चाहिए प्रवर्तन की कार्रवाई के संबंध में आयुक्त ने कहा कि जहां प्रवर्तन का कार्य कम हुआ है उसे और बढ़ाये अन्य मदों से आय विवरण के संबंध में आयुक्त ने कहा कि कुल लक्ष्य 16 करोड़ 313000 का था जबकि केवल 4 करोड़ की प्राप्ति हुई। अंत में उन्होंने कहा कि योजनाओं को ससमय पूरा करें जिससे शासन के निहित उद्देश्यों को पूरा किया जा सके। इसके पश्चात आयुक्त रितु माहेश्वरी ने स्मार्ट सिटी प्रोजेक्ट की भी समीक्षा की गई जिसमें नगर आयुक्त रीषि राज ने कहा पीडब्ल्यूडी द्वारा निर्माण कार्यों की गुणवत्ता अच्छी नहीं है इसलिए इसकी जांच थर्ड पार्टी से कराने की अनुमति दी जाए आयुक्त ने कहा कि स्वतंत्र रूप से आप किसी एजेंसी से चेक कर सकते हैं आइटी एम एस स्मार्ट सिटी के लिए बेहद जरूरी है क्योंकि इससे न केवल शहर की व्यवस्था पर नियंत्रण रखा जाता है बल्कि स्मार्ट सिटी विकास में भी इसका अहम योगदान होता है, आपके यहां चालान बहुत कम हो रहे हैं जो मानकों से बहुत कम है सभी प्रकार के यातायात उल्लंघन पर चालान अवश्य लगे इसके बाद सेफ सिटी के अंतर्गत सीसीटीवी सर्विलेंस कैमरे के संबंध में बताया गया कि इसके अंतर्गत 387.45 लाख राशि स्वीकृत हो चुकी है और पूरा कार्य पूरी तरीके से पूर्ण कर लिया गया है ।आयुक्त को बताया गया कि शहर में जगह-जगह हेल्थ एटीएम सक्रिय है आयुक्त ने कहा कि हेल्थ एटीएम का लगना जरूरी नहीं है बल्कि उनका संचालन भी महत्वपूर्ण है।

इसी तरह स्मार्ट सिटी मानकों के अनुसार सीनियर सिटीजन केयर सेंटर, अर्बन प्लाजा, ओपन जिम, स्ट्रीट लाइटिंग सिस्टम इत्यादि के संबंध में भी आयुक्त को अवगत कराया गया। उन्होंने कहा कि जहां-जहां थीम पर आयोजित पार्कों का निर्माण हो रहा है वहां पर आप सबके द्वारा नई सोच परिलक्षित होनी चाहिए, साथ ही उन्होंने कहा कि आप सभी इस बात का भी प्रयास करें कि नगरीय क्षेत्र में एक स्टेडियम अवश्य हो जहां प्रतिभाओं को निखारा जा सके इसके लिए जमीन को चिह्नित कर लिया जाए आयुक्त को अवगत कराया गया कि एक क्रिकेट साइट का निर्माण किया जा रहा है जहां युवा क्रिकेट की प्रैक्टिस कर सकेंगे इसके अलावा जनपद में ई-लाइब्रेरी, कमर्शियल प्लाजा, मल्टीलेवल पार्किंग, स्मार्ट होलोग्राम जू का निर्माण भी प्रस्तावित है और इसे निर्माण शीघ्र ही कर लिया जाएगा, तत्पश्चात नगर निगम में स्वच्छ सर्वेक्षण के संबंध में समीक्षा की गई जहां आयुक्त को अवगत कराया गया कि स्वच्छ सर्वेक्षण में जिले को पूरे प्रदेश में 6वीं रैंक की प्राप्ति हुई है साथ ही जिले में 2 लाख 87 हजार मेट्रिक टन लेगेसी बेस्ड बचा हुआ है। आयुक्त ने कहा कि यह बहुत अधिक है इसको शीघ्र कम करें साथ ही उन्होंने कहा की डोर टू डोर वेस्ट का कलेक्शन और होना चाहिए, आईईसी की टीमों से घर-घर स्वच्छता सर्वे कराये लोगों को ज्यादा से ज्यादा इस टीम के साथ जोड़े, शौचालय पूरी तरह से मानक के अनुरूप बने हो सीवर कहीं भी खुले ना हो, सड़के टूटी-फूटी न हो, बिजली पानी इत्यादि की समुचित व्यवस्था हो, फीडबैक रजिस्टर हर जगह रखा हो, पिंक शौचालय में हर सुविधा हो।

## मोहम्मदाबाद तालाब किनारे मिला युवक का अधजला शव



**टूंडला।** थाना टूंडला क्षेत्र अंतर्गत गांव मोहम्मदाबाद में तालाब के किनारे एक युवक का अधजला शव मिला अधजला शव मिलने से गांव में सनसनी फैल गई, मौके पर पहुंची पुलिस व फॉरेंसिक टीम ने जांच पड़ताल कर शव को पोस्टमार्टम के लिए भेजा है। पुलिस ने शव की पहचान गांव मोहम्दाबाद निवासी गुड्डू उर्फ उस्मान अली के रूप में हुई। शनिवार सुबह थाना टूंडला क्षेत्र के गांव मोहम्दाबाद में तालाब किनारे एक युवक का नग्न अवस्था में अधजला शव मिला सूचना मिलने पर थाना प्रभारी अंजिश कुमार सीओ टूंडला व एसपी सिटी घटना स्थल पर पहुंचे और बारीकी से निरीक्षण किया ।वहीं मौके पर पहुंची फॉरेंसिक टीम ने जांच के नमूने लिए। पुलिस ने शव की पहचान गुड्डू उर्फ उस्मान अली निवासी गांव मोहम्दाबाद के रूप में की है। हत्या के कारणों के संबंध में थाना पुलिस जांच पड़ताल में जुटी हुई है।

## हेलमेट वितरण के साथ किया यातायात जागरूकता माह का समापन

**फिरोजाबाद।** शासन द्वारा सड़क दुर्घटनाओं में कमी लाने हेतु प्रत्येक वर्ष की भाँति इस वर्ष भी सम्पूर्ण प्रदेश में चलाये गये यातायात जागरुकता माह के क्रम में शनिवार को वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक फिरोजाबाद सौरभ दीक्षित के निर्देशन तथा अपर पुलिस अधीक्षक नगर के मार्गदर्शन में क्षेत्राधिकारी नगर द्वारा थाना प्रभारी उत्तर दक्षिण प्रभारी यातायात मय यातायात पुलिस एवं अन्य आमन्त्रित गणमान्यजनों संग यातायात जागरुकता माह का समापन कार्यक्रम जैन मंदिर सुभाष तिराहा पर आयोजित किया गया । कार्यक्रम के दौरान उपस्थित समस्त वाहन चालकों जनपदवासियों को व्यापारी बन्धु हेमन्त अग्रवाल बल्लू भाई एवं किड्स कॉर्नर पब्लिक स्कूल के डायरेक्टर डॉ0 मयंक भटनागर के सौजन्य से हेमलेट वितरण किए गए साथ ही यातायात जागरुकता सम्बन्धी अभियानों के सम्बन्ध में विशेष जानकारी दी गई और सभी वाहन चालकों को यातायात नियमों का सदैव पालन करने की अपील की गई।

## एडीएम न्यायिक की अध्यक्षता में नारकोटिक्स टास्क फोर्स की बैठक आयोजित

**फिरोजाबाद।** अपर जिलाधिकारी न्यायिक संगीता गौतम की अध्यक्षता में नारकोटिक्स टास्क फोर्स की बैठक कलेक्ट्रेट सभागार कक्ष में आयोजित की गई, बैठक में जनपद स्तरीय अधिकारियों के अलावा अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ग्रामीण ने भी प्रतिभाग किया। अपर जिलाधिकारी ने अपर पुलिस अधीक्षक नगर व ग्रामीण से कहा कि नशीले पदार्थों की बिक्री व तस्करी में संलिप्त लोगों की सूची बनाकर प्रवर्तन टीम गठित की जाए, जिससे इन पर कठोर से कठोर कार्यवाही की जा सके, सोशल मीडिया पर नशे के दुष्प्रभावों को लेकर व्यापक प्रचार-प्रसार किया जाए, जिससे जन सामान्य में इसके प्रति जागरूकता पैदा हा सके, वहीं उन्होंने मुख्य चिकित्सा अधिकारी और औषधि निरीक्षक से कहा कि छापेमार कार्यवाही कर समस्त मेडिकल दुकानों में नशीले पदार्थों की बिक्री करने वालों पर कठोर कार्यवाही करें। बैठक के दौरान उन्होंने मनोरंजन कर अधिकारी एवं डिप्टी कमिश्नर जीएसटी को निर्देशित किया की समस्त सिनेमाघरों में एन0सी0ओ0आर0डी0 संबंधित नशीले दवाओं एवं पदार्थों के सेवन से होने वाले दुष्प्रभावों के बारे में जागरूकता हेतु वीडियो क्लिप्स निरंतर चलाए जाएं, उन्होंने जिला विद्यालय निरीक्षक को निर्देशित किया कि जनपद के स्कूलों व कॉलेजों में नशा मुक्ति संबंधित गोष्ठियां निबंध प्रतियोगिताएं एवं अन्य शैक्षणिक कार्यक्रम आयोजित करें, जिला सूचना अधिकारी से कहा कि नशीले पदार्थो व नशीले दवाओं से होने वाले दुष्प्रभावों के संबंध में व्यापक प्रचार-प्रसार समाचार पत्रों के माध्यम से करना सुनिश्चित करें, वहीं समस्त उपजिलाधिकारियों को अपर जिलाधिकारी ने निर्देशित किया की समस्त ग्राम पंचायतों में ग्राम प्रधानों के माध्यम से मलिन बस्तियों में रैलियां आयोजित कर नशा मुक्ति अभियान चलाएं साथ ही साथ इस बात को भी सुनिश्चित करें कि जनपद के विद्यालयों में 100 मीटर के दायरे में आने वाले तंबाकू सिगरेट व अन्य नशीले पदार्थों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित हो। बैठक के दौरान जिला आबकारी अधिकारी व सम्बन्धित विभागों से जिला स्तरीय अधिकारी व प्रतिनिधि उपस्थित रहें।

# मंडलायुक्त ने किया गोविंद विहार आवासीय योजना का शुभारंभ



**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण की वृंदावन क्षेत्र अंतर्गत जैत स्थित गोविन्द विहार आवासीय योजना की मंडलायुक्त श्रीमती रितु माहेश्वरी जी ने लॉन्चिंग की। मंडलायुक्त ने कहा कि यह योजना श्री बांके बिहारी की नगरी वृंदावन में लोगों की आवासीय जरूरतों को पूरा करेगी। क्षेत्र में सुनियोजित विकास को गति मिलेगी। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण द्वारा विकसित की जा रही गोविंद विहार आवासीय योजना की पंजीकरण प्रक्रिया को ओपन कर दिया गया है। उक्त योजना में 121 आवासीय भूखंडों का आवंटन लॉटरी के माध्यम से होगा। योजना में 3 प्रकार के भूखंड है, जिसमें 90 से 150 वर्ग मीटर के 89 प्लॉट , 151 से 235 वर्ग मीटर के 22 प्लॉट तथा 330 वर्ग मीटर के 10 प्लॉट है। उक्त योजना 24150 वर्ग मीटर पर लॉच की गई है।

मंडलायुक्त ने बताया कि फरह स्थित आवासीय योजना नए साल में आ जाएगी। उन्होंने कहा कि हनुमत विहार आवासीय योजना काफी सफल रही है। रुक्मणि विहार के बाद विकास प्राधिकरण दो योजनाएँ लाया है। मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण के उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने बताया कि प्राधिकरण द्वारा लैण्ड पूलिंग स्कीम के अन्तर्गत राजस्व ग्राम जैत स्थित करीब 27 हेक्टेयर भूमि पर गोविन्द विहार आवासीय योजना विकसित की जा रही है। इसमें आवासीय, ग्रुप हाउसिंग, व्यवसायिक, सामुदायिक भूखण्ड, ईडब्लूएस/एलआईजी भवन विक्रय किए जाएंगे। इस योजना के लिए भूमि राजस्व ग्राम जैत के भू स्वामी / काश्तकारों से ली गयी है जिसमें 10 भूस्वामियों से विकास अनुबन्ध किया गया है। इस विकास अनुबंध के अनुरूप गोविंद विहार आवासीय कालोनी के 26.85 प्रतिशत विकसित भूखण्ड प्राधिकरण के स्वामित्व/अधिपत्य में रहेंगे। उपाध्यक्ष एसबी सिंह ने बताया कि योजना पंजीकरण 30 नवंबर 2024 से प्रारम्भ होकर 31 दिसम्बर 2024 (समय सांय 6.00 बजे) तक रहेगा। उन्होंने बताया कि योजना में भूखण्ड आवंटन के लिए ब्रोशर तैयार किया गया है। एक परिवार के मात्र एक सदस्य द्वारा ही एक भूखण्ड के लिये आवेदन किया जाएगा। परिवार से तात्पर्य पति, पत्नी एवं उनके अवयस्क बच्चे हैं। साथ ही आवेदकों से प्रमाण पत्र लिया जायेगा कि परिवार से एक व्यक्ति द्वारा एक भूखण्ड के लिये फार्म भरा जा रहा है यदि आवंटन उपरान्त यह तथ्य प्रकाश में आता है कि उक्त परिवार में एक से अधिक व्यक्ति को आवंटन हुआ है तो उनके उक्त समस्त आवंटन का निरस्त कर दिया जायेगा। उन्होंने बताया कि योजना में 121 आवासीय भूखण्ड हैं जिन्हें 3 श्रेणी ( आर- वन्में 89 भूखंड 90 से 150 वर्ग मीटर, आर-2 में 22 भूखंड 151 से 235 वर्ग मीटर के एवं आर-3 में 10 भूखंड 330 वर्ग मीटर के ) में क्षेत्रफल वार बांटा गया है। इनकी दर 24150 रुपये प्रति वर्ग मीटर तय की गई है। उन्होंने बताया कि गोविंद विहार आवासीय योजना के भूखण्डो का विवरण, ब्रोशर व अन्य शर्ते प्राधिकरण की बेवसाईट पर उपलब्ध है। आरक्षण की सुविधा मात्र उत्तर प्रदेश के नागरिकों के लिये है। उक्त योजना के भूखण्डों का आवंटन सार्वजनिक रूप से लाटरी ड्रा द्वारा किया जायेगा। जिसकी तिथि व समय की सूचना पंजीकरण समाप्त होने के उपरान्त दी जाएगी। कमिश्नर रितु माहेश्वरी ने वृंदावन में संचालित गोल्फ कार्ट की आन लाइन बुकिंग सेवा का शुभारम्भ किया।

## युवक को गोली मारने वाला वांछित रिफाइनरी पुलिस ने पकड़ा

**मथुरा।** थाना रिफाइनरी पुलिस द्वारा युवक को गोली मारकर घायल करने के अभियोग में बांछित आरोपित को बीतीरात घटनास्थल बीटीसी ग्राउन्ड के पास से असलाह सहित गिरफ्तार कर कानूनी कार्रवाई की है।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक के आदेशानुसार अपराध व अपराधियो के विरुद्ध चलाये जा रहे अभियान के क्रम में श्रीमान पुलिस अधीक्षक नगर के निर्देशन में क्षेत्राधिकारी रिफाइनरी के निकट पर्यवेक्षण में थाना रिफाइनरी प्रभारी सोनू कुमार ने पुलिस टीम के साथ मुखबिर की सूचनानुसार बांछित रमण बिहारी उर्फ सोनू उर्फ लम्बू पुत्र अनिल कुमार निवासी 26/1 कदम्ब विहार रॉची बांगर टाउनशिप को रिफाइनरी घटनास्थल बीटीसी ग्राउन्ड के पास चैकिग के दौरान पकड़ लिया। उसके कब्जे से एक अवैध तमंचा 315 बोर और 01 जिन्दा कारतूस .315 बोर बरामद हुआ है। अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही की गयी।

# संस्कृति विवि के विद्यार्थियों ने अपने कौशल से किया प्रभावित



मथुरा। संस्कृति विश्वविद्यालय में विद्यार्थियों की रचनात्मकता, आत्मअभिव्यक्ति को बढ़ावा देने के लिए एक अनूठे कार्यक्रम पोएट्री स्लैमः ह्लवॉयस ऑफ यूथह्व का आयोजन किया गया। कार्यक्रम के दौरान विद्यार्थियों ने अपने साहित्यिक कौशल, कविता, विविध दृष्टिकोण और सार्थक कलात्मक संचार की क्षमता का प्रदर्शन कर पुरुस्कार जीते।

कार्यक्रम की शुरूआत एंकर आध्या और अभिषेक द्वारा किए गए गर्मजोशी से स्वागत के साथ हुई। दीप प्रज्ज्वलन के साथ ही विश्वविद्यालय के सभागार में सजे मंच पर विद्यार्थियों ने कविताओं और भावपूर्ण प्रस्तुतियों से सभी का दिल जीत लिया। प्रतिभागियों के काव्य प्रतिभा का प्रदर्शन के साथ ही माहौल कल्पना और भावनाओं की दुनिया में बदल गया, डॉ. डी.एस. तोमर ने कविता के वास्तविक सार को उजागर करते हुए, इसकी सर्वग्राही विशेषता बताई। जयशंकर पांडे ने मूल्यवान अंतर्दृष्टि प्रदान करते हुए वास्तविक और रील कविता के बीच अंतर पर विस्तार से प्रकाश डाला। एंकर आध्या और अभिषेक ने पूरे कार्यक्रम में एक आकर्षक और जीवंत प्रवाह बनाए रखते हुए, अपने विचारों को साझा करके माहौल को और समृद्ध किया। संस्कृति विवि के छायाकार निखिल शर्मा ने अपने लेखन से सभी को प्रभावित किया। विशेष आकर्षण साजिद का सहज प्रदर्शन था, जो कविता और स्टैंड-अप कॉमेडी के अपने अनूठे मिश्रण के साथ दर्शकों का दिल जीतने के लिए पर्याप्त साबित हुआ। फोटोग्राफी क्लब ने चित्रांकन के माध्यम से कार्यक्रम को खूबसूरती से कैद करके और इस अवसर पर एक कलात्मक स्पर्श के साथ कार्यक्रम में एक रचनात्मक आयाम जोड़ा। संस्कृति होटल एंड टूरिज्म विभाग के डीन रतीश शर्मा द्वारा परिणाम घोषित किए गए। उन्होंने प्रतिभागियों की असाधारण प्रतिभा की सराहना की।

कार्यक्रम के दौरान ह्यआज के कविह्न के रूप में गौरव कुमार, दिन की आवाज बने देवांश और आशु, वाइब मेकर के रूप में विनीत पचैरी को चुना गया। प्रस्तुतियों के अनुसार प्रथम स्थान छात्रा भूमिका, द्वितीय प्रियांशु कुमारी और तीसरे स्थान पर छात्र प्रिंस राज कौशिक और श्रद्धा गुप्ता ने कब्जा किया। निर्णायक मंडल में विवि के जनसंपर्क अधिकारी किशन चतुवेर्दी, डॉ. डी.एस. तोमर (डीन छात्र कल्याण), जयशंकर पांडे, रतीश शर्मा, सुश्री विधि सिंह और निखिल शर्मा शामिल थे। कार्यक्रम का समापन सांस्कृतिक क्लब की उपाध्यक्ष वैष्णवी राणा द्वारा दिए गए धन्यवाद ज्ञापन के साथ हुआ।

कार्यक्रम संकाय समन्वयक डॉ. एकता कपूर के साथ इस आयोजन में सांस्कृति क्लब के पदाधिकारी पूर्वा गौतम, वैष्णवी राणा, लव सिकरवार, संजना सोलंकी, दिव्या सिंह, मो.कैफ इरशाद, स्वास्तिका सिंह आदि ने प्रमुख रूप से योगदान दिया।

## रेलवे में यूनियनों की मान्यता चुनाव में मेंस यूनियन का शक्ति प्रदर्शन

**मथुरा।** आज रेलवे यूनियनों के मान्यता चुनाव के मद्देनजर नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन द्वारा विशाल बाइक रैली निकालकर शक्ति प्रदर्शन किया गया। रैली मथुरा जँ की सभी रेल्वे कॉलोनी , स्टेशन होते हुए बाद रेलवे कॉलोनी व यार्ड तक गई। रैली के दौरान रेल कर्मचारियों से संपर्क करते हुए नॉर्थ सेंट्रल रेल्वे मेंस यूनियन के पक्ष में चुनाव चिन्ह लैंप पर वोट करने की अपील की।

इस अवसर पर मंडल उपाध्यक्ष संजीव कुमार जैन ने कहा कि लाल झंडे की यूनियन का गठन 100 वर्ष पूर्व हुआ था व तबसे लगातार यूनियन रेल कर्मचारियों के हितों व अधिकार के लिए संघर्ष करती रही है। यूनियन द्वारा पेंशन योजना में सुधार , आठवें वेतन आयोग के गठन , रेल कर्मचारियों के माता व पिता को यात्रा पास व चिकित्सा सुविधाओं को दिलाने का काम किया जाएगा। शाखा मंत्री दीपक उपाध्याय ने कहा कि रेल कर्मचारियों को बांटने के साजिश से बचते हुए नॉर्थ सेंट्रल रेलवे मेंस यूनियन को वोट देकर अपनी एकजुटता प्रदर्शित करनी है जिससे रेल को निजी हाथों मीन जाने से बचाया जा सके। इस अवसर पर सैकड़ों रेल कर्मचारी उपस्थित थे, जिनमे से प्रमुख शिवलाल, जितेंद्र मित्तल, मुकेश गुप्ता, विश्वेन्द्र, राजेश विश्कर्मा, राजबीर, लोकेंद्र, चंद्रशेखर, जगतेंद्र, राजेश, दिनेश बघेल, आलोक, ब्रेजेश,सागर, धीरज रत्ती, लखन रुहेला, रामकिशन, संतलाल मीना, पप्पूलाल, मनीष, रमेश , सुनील अग्रवाल, स्वीटी राणा आदि थे। अध्यक्षता श्री सावन कुमार द्वारा की गई व सभी रेलकर्मियों से भारी संख्या में लैंप पर वोट करने की अपील की।

## वांछित हिस्ट्रीशीटर गिरफ्तार

फिरोजाबाद। थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा महिला सम्बन्धी अपराध में वांछित एक हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त को गिरफ्तार किया है। शनिवार को थाना रसूलपुर पुलिस टीम द्वारा मुखबिर की सूचना पर महिला संबंधी अपराध मे थाना रसूलपुर में वांछित चल रहे हिस्ट्रीशीटर अभियुक्त शेखर पुत्र दत्त सिह निवासी हाथी वाली गली थाना रसूलपुर जनपद फिरोजाबाद को शान्ति नगर बिजली घर के पास से गिफ्तार किया गया है। पुलिस ने अभियुक्त के विरुद्ध विधिक कार्यवाही कर न्यायालय के समक्ष पेश किया है।

## काशी व मथुरा के विवाद की फास्ट ट्रैक कोर्ट में हो सुनवाई




**मथुरा(मधुसूदन शर्मा)।** हिन्दू जनजागृति समिति द्वारा वृंदावन में आयोजित उत्तर भारत हिन्दू राष्ट्र अधिवेशन में 54 से अधिक हिन्दुत्ववादी संगठनों ने भाग लिया। इस अधिवेशन में काशी और मथुरा के मंदिरों के न्यायालयीन विवाद की फास्ट ट्रैक कोर्ट द्वारा शीघ्र सुनवाई की मांग प्रमुखता से उठाई गई। हिन्दू जनजागृति समिति के राष्ट्रीय मार्गदर्शक सद्गुरु डॉ. चारुदत्त पिंगले ने कहा कि भारत की अखंडता और सांस्कृतिक पहचान को सुरक्षित रखने के लिए हिन्दू राष्ट्र की स्थापना अनिवार्य है। उन्होंने चेताया कि अमरीका के प्यू रिसर्च सेंटर की रिपोर्ट के अनुसार 2050 तक भारत में मुस्लिम आबादी विश्व में सबसे अधिक होगी। साथ ही, मणिपुर और मिजोरम को अलग ईसाई राष्ट्र बनाने के षड्यंत्र और वक्फ कानून के माध्यम से लैंड जिहाद जैसे खतरों पर ध्यान आकृष्ट किया। अध्यात्मिक गुरु डॉ. अनुराग कृष्ण पाठक ने अधिवेशन में यह मांग दोहराई कि काशी और मथुरा के विवादों की सुनवाई फास्ट ट्रैक कोर्ट में की जानी चाहिए। वहीं, पावन चिंतन धारा आश्रम के पवन सिन्हा गुरुजी ने उत्तर प्रदेश सरकार के निर्णय का स्वागत करते हुए देशभर में अवैध हलाल सर्टिफिकेट पर प्रतिबंध लगाने की आवश्यकता पर बल दिया। आचार्य महामंडलेश्वर प्रणवानंद सरस्वती ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे आक्रमण पर चिंता व्यक्त करते हुए भारत सरकार से अपील की कि वह बांग्लादेश सरकार पर दबाव बनाकर वहां के हिन्दुओं के मानवाधिकारों की रक्षा सुनिश्चित करे। हिन्दू जनजागृति समिति ने इसके लिए आज से एक ऑनलाइन पिटीशन की शुरूआत भी की है। अधिवेशन में उत्तर प्रदेश, पंजाब, राजस्थान, मध्य प्रदेश, हरियाणा, उत्तराखंड और जम्मू जैसे राज्यों से 54 हिन्दुत्ववादी संगठनों के 120 से अधिक प्रतिनिधियों, संतों, अधिवक्ताओं, विचारकों, मंदिर न्यासियों, संपादकों, उद्यमियों और आरटीआई कार्यकताओं ने भाग लिया। वहीं विचारकों ने बांग्लादेश में हिन्दुओं पर हो रहे अत्याचार के विरुद्ध ठोस कदम उठाने की बात करते हुए हिंदुत्व एकता पर बाल दिया।

## सीआरपीएफ जवान का राजकीय सम्मान के साथ हुआ अंतिम संस्कार

**मथुरा।** उड़ीसा ड्यूटी पर तैनात सीआरपीएफ जवान का हार्टअटैक से निधन हो गया। शनिवार राजकीय सम्मान के साथ जवान का अंतिम संस्कार किया गया। बलदेव केछौली निवासी दिलीप कुमार सिकरवार सीआरपीएफ की 127वीं बटालियन में हवलदार थे। उनकी तैनाती उड़ीसा में थी। दो दिन पहले ड्यूटी करते तबीयत खराब होने पर



हृदय गति रुकने से उनकी मौत हो गयी। आज राजकीय सम्मान के साथ जवान का शव गांव लाया गया तो परिवार में कोहराम मच गया। छौली में जवान के अंतिम दर्शनों व शवयात्रा में भारी संख्या में ग्रामीण मौजूद रहे। राजकीय सम्मान के साथ अंतिम संस्कार किया गया। बड़े पुत्र गौरव ने मुखाग्नि दी। सीआरपीएफ टुकड़ी ने सलामी दी। प्रशासन की ओर से नायब तहसीलदार साविका शर्मा मौजूद रहीं। चचेरे भाई अनुज सिकरवार लेफ्टीनेंट कर्नल ने बताया चार भाइयों में दिलीप कुमार सिकरवार तीसरे नंबर के थे। इनके बड़े भाई समुन्द्र सिंह भी 1999 में शहीद हुए थे। इनकी शादी 21 वर्ष पूर्व अल्हेपुर राया की मीना देवी के साथ हुई थी। इनके दो पुत्र बड़ा पुत्र सौरभ आर्मी में आसाम रायफल में अरुणाचल प्रदेश में तैनात हैं। दूसरा पुत्र गौरव पढ़ाई के साथ फौज की तैयारी कर रहा है।

# मंडलायुक्त ने राधारानी के किये दर्शन



**मथुरा।** मंडलायुक्त रितु माहेश्वरी ने रोप वे के माध्यम से श्रीराधा रानी मंदिर तक के सफर को तय किया। मंडलायुक्त ने बरसाना के विश्व प्रसिद्ध श्री राधा रानी मंदिर के दर्शन कर विधि विधान से पूजा अर्चना की। उन्होंने रोप वे के प्रबंधक को होल्डिंग एरिया में अतिरिक्त शेड की व्यवस्था तथा लाइट लगवाने के निर्देश दिए।

दर्शन के पश्चात मंडलायुक्त ने पैदल श्रीराधा रानी मंदिर से जयपुर मंदिर होते हुए बरसाना थाने तक का निरीक्षण किया। उन्होंने मार्ग पर श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु निमार्णाधीन कार्यों का अवलोकन किया, जिसमें शेड, वॉटर एटीम / कियॉस्क, होल्डिंग एरिया, सिटिंग एरिया, शौचालय, पार्क, गजीबो आदि का जायजा लिया। उन्होंने बरसाना में मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण द्वारा नगरीय अवस्थापना से कराए जा रहे विभिन्न विकास कार्यों का निरीक्षण किया। उपाध्यक्ष मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण श्याम बहादुर सिंह ने अवगत कराया कि मंदिर को आने वाले मार्ग पर लगभग 650 मीटर पर शेड की व्यवस्था की जा रही है। एक शेड लगभग 300 मीटर तथा दूसरा शेड लगभग 350 मीटर का है। उन्होंने बताया कि बरसाना में श्रद्धालुओं की सुविधाओं हेतु 12 वॉटर एटीम / कियॉस्क बनाए जा रहे है, जिसमें निरीक्षण मार्ग में 2 वॉटर एटीम/ कियॉस्क को मंडलायुक्त ने देखा। मंडलायुक्त ने निर्देश दिए कि श्रद्धालुओं एवं दर्शनार्थियों की सुविधा हेतु उक्त कार्य को शीघ्र पूर्ण किया जाए तथा कार्य व्यवस्थित होना चाहिए जिससे श्रद्धालुओं को आवागमन में परेशानी न हो। मंडलायुक्त ने बरसाना थाना के निकट सांखी खोर का ब्रह्मचंल पर्वत का निरीक्षण किया। निरीक्षण के दौरान अधिशासी अभियंता मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए कि इसका प्रस्ताव बनाया जाए। इसकी तार फैंसिंग कराई जाए, जिसकी सुंदरता बनी रहे और इसको कैसे डेवलपमेंट किया जा सके इसकी कार्य योजना बनाई जाए। उद्यान विभाग से वार्ता कर ब्रह्मचंल पर्वत पर पार्किंग का प्रस्ताव बनाया जाए तथा सिंह की पौर पर शौचालय बनाया जाए। मंडलायुक्त ने प्रिया कुंड का निरीक्षण किया। निरीक्षण में अधिशासी अभियंता मथुरा वृंदावन विकास प्राधिकरण को निर्देश दिए कि स्थान चिन्हित करते हुए श्रद्धालुओं के बैठने हेतु बेंच बनाई जाएं तथा अच्छी लोकेशन डिसाइड करते हुए गजीबो बनाया जाए जहां से प्रिया कुंड का अच्छा व्यू दिख सके। निरीक्षण में जिलाधिकारी शैलेंद्र कुमार सिंह, उपाध्यक्ष मथुरा वृन्दावन विकास प्राधिकरण श्याम बहादुर सिंह, अपर जिलाधिकारी वित्त एवं राजस्व योगानंद पांडेय, सचिव अरविंद कुमार द्विवेदी, ओ.एस.डी प्रसन्न द्विवेदी, डिप्टी कलेक्टर राज कुमार भास्कर, क्षेत्राधिकारी आलोक कुमार सहित अन्य अधिकारी मौजूद रहे।

संक्षेप

## ग्रामीण विकास मंत्री चौहान ने की मनरेगा के प्रदर्शन की समीक्षा

नयी दिल्ली। ग्रामीण विकास मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने मनरेगा योजना के प्रदर्शन और क्रियान्वयन का आकलन करने के लिए एक समीक्षा बैठक की अध्यक्षता की। इस दौरान उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि योजना के तहत पारदर्शिता और जवाबदेही तंत्र को मजबूत किया जाएगा। बैठक में ग्रामीण विकास सचिव और संभाग के अन्य वरिष्ठ अधिकारी मौजूद थे। ग्रामीण विकास मंत्रालय ने एक बयान में कहा कि केंद्रीय मंत्री ने महात्मा गांधी राष्ट्रीय ग्रामीण रोजगार गारंटी (एमजीएनआरईजी) योजना की उपलब्धियों की सराहना करते हुए योजना की प्रभावशीलता बढ़ाने के लिए नवाचारों और सुधारों को बढ़ावा देने के लिए कहा। उन्होंने अधिकारियों को निर्देश दिया कि मनरेगा के अंतर्गत पारदर्शिता और जवाबदेही तंत्र को मजबूत किया जाएगा, सार्वजनिक धन के दुरुपयोग को रोकने के लिए उपाय किए जाएंगे, लाभार्थियों के पास रोजगार कार्ड सुनिश्चित की जाएगी तथा कार्यस्थलों पर मशीनरी के उपयोग पर रोक लगाई जाएगी। मंत्रालय ने कहा कि मनरेगा के तहत वित्त वर्ष 2024-25 में महत्वपूर्ण उपलब्धियां हासिल कर ली गई हैं। मंत्रालय ने कहा कि कुल 187.5 करोड़ श्रम दिवस सृजित किए गए हैं, जिससे 4.6 करोड़ ग्रामीण परिवारों को रोजगार मिला है। 56 लाख से अधिक परिसंपत्तियां बनाई गई हैं, जो ग्रामीण बुनियादी ढांचे को मजबूत करने में योजना की भूमिका को दर्शाती हैं।

## तेलंगाना सरकार ने ली फार्मा ग्राम के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया वापस

हैदराबाद। तेलंगाना सरकार ने मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी के कोडंगल विधानसभा क्षेत्र में फार्मा ग्राम स्थापित करने के लिए भूमि अधिग्रहण प्रक्रिया वापस ले ली है, जहां इस महीने की शुरुआत में अधिकारियों पर हमला हुआ था। जारी आधिकारिक बयान के अनुसार, सरकार इसके बजाय यहां एक बहुउद्देशीय औद्योगिक पार्क स्थापित करने की योजना बना रही है। सरकार ने करीब तीन महीने पहले विकाराबाद जिले के निर्वाचन क्षेत्र के लागाचर्ला और पोलेपल्ली गांवों में भूमि अधिग्रहण का प्रस्ताव रखा था, लेकिन उसने प्रस्ताव वापस ले लिया। इसमें कहा गया है कि सरकार ने औद्योगिक पार्क स्थापित करने के लिए भूमि अधिग्रहण के लिए नए प्रस्ताव बनाए हैं और विकाराबाद जिला अधिकारी ने शुक्रवार को तंदूर के सब-कलेक्टर को भूमि अधिग्रहण अधिकारी (एलएओ) नियुक्त किया है। मुख्यमंत्री ए रेवंत रेड्डी ने 23 नवंबर को कहा कि सरकार किसानों के खिलाफ दर्ज मामलों पर पुनर्विचार करेगी, लेकिन भूमि अधिग्रहण पर सार्वजनिक सुनवाई के दौरान 11 नवंबर को लागाचर्ला गांव में सरकारी अधिकारियों पर हुए हमले के साजिशकर्ताओं को नहीं बख्शेगी। उन्होंने कहा था कि कोडंगल विधानसभा क्षेत्र में युवाओं और महिलाओं के लिए रोजगार पैदा करने के उद्देश्य से एक औद्योगिक गलियारा स्थापित किया जाएगा, न कि फार्मा सिटी, जैसा कि विपक्षी दल आरोप लगा रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि कोडंगल के विधायक के रूप में निर्वाचन क्षेत्र का विकास करना उनकी जिम्मेदारी है। अधिकारियों पर हमले के सिलसिले में गिरफ्तार किए गए 20 से अधिक लोगों में पूर्व बीआरएस विधायक पटनम नरेंद्र रेड्डी भी शामिल हैं। बीआरएस ने आरोप लगाया है कि निर्दोष किसानों को गिरफ्तार किया गया और पुलिस ने इस मामले में मनमानी की।

## जीवन बीमा कर्मचारियों के संगठन ने प्रीमियम पर जीएसटी हटाने की मांग की

कोलकाता। एक प्रमुख जीवन बीमा कर्मचारी महासंघ ने शनिवार को बीमा प्रीमियम पर जीएसटी वापस लेने और इस क्षेत्र में प्रत्यक्ष विदेशी निवेश में आगे बढ़ोतरी नहीं करने की मांग की। अखिल भारतीय जीवन बीमा कर्मचारी महासंघ ने कहा कि वह अपनी मांगों को लेकर दबाव बनाने के लिए देशव्यापी अभियान शुरू करेगा। एआईएनएलआईईएफ के एक सम्मेलन को संबोधित करते हुए महासचिव वी नरसिम्हन ने कहा कि इन मांगों का समर्थन करने के लिए सभी राजनीतिक दलों के सांसदों के साथ संपर्क किया जाएगा। अखिल भारतीय त्रिवार्षिक महासम्मेलन में देशभर से प्रतिनिधि भाग ले रहे हैं। मांगों में नई श्रम संहिता को वापस लेना और 2010 के बाद भारतीय जीवन बीमा निगम में भर्ती हुए कर्मचारियों के लिए पुरानी पेंशन योजना लागू करना भी शामिल है।

# अरुणाचल सरकार ने शुरू किया मिशन अरुण हिमवीर



ईटानगर। अरुणाचल सरकार ने मिशन अरुण हिमवीर का शुभारंभ किया। प्रदेश में कृषि और बागवानी उत्पादों के लिए बाजार व्यवस्था को बढ़ावा देने के मकसद से यह योजना शुरू की गयी है।

योजना को लेकर मुख्यमंत्री पेमा खांडू की उपस्थिति में कृषि विपणन बोर्ड और भारत-तिब्बत सीमा पुलिस, उत्तर पूर्व सीमांत के बीच एक समझौते पर हस्ताक्षर किए गए। मुख्यमंत्री कार्यालय के एक बयान के अनुसार, इस पहल के तहत, राज्य सरकार आईटीबीपी को फल, सब्जियां, मांस और मुर्गी की आपूर्ति करेगी। ये उत्पाद स्थानीय किसानों, स्वयं सहायता समूहों (एसएचजी), किसान उत्पादक संगठनों और किसान सहकारी समितियों से खरीदे जाएंगे। इसी प्रकार का समझौता अगस्त 2022 में सेना के साथ राज्य सरकार ने किया था। इसके तहत राज्य सरकार ने एलएएमपीएस (उदारीकृत कृषि विपणन सहकारी समितियों) के माध्यम से स्थानीय किसानों से सशस्त्र बलों को 72 लाख रुपये मूल्य के लगभग 400 टन फल और सब्जियां आपूर्ति की थीं। मिशन का उद्देश्य दूरदराज के गांवों और कम विपणन योग्य अधिशेष वाले क्षेत्रों में किसानों के लिए तैयार बाजार उपलब्ध कराना है। इसका मकसद राज्य में रोजगार चुनौतियों का समाधान करते हुए एक जीवंत स्थानीय अर्थव्यवस्था को प्रोत्साहित करना भी है। खांडू ने इस पहल के लिए बोर्ड को बधाई दी और आशा व्यक्त की कि स्थानीय रूप से उत्पादित वस्तुओं को खरीदने के लिए आईटीबीपी की प्रतिबद्धता स्थानीय किसानों के लिए सीमित बाजारों की चुनौतियों को काफी हद तक कम कर देगी। खांडू ने कहा कि हमारे पास पर्याप्त भूमि और अनुकूल मौसम है, जो सभी प्रकार की बागवानी और कृषि उत्पादों के लिए उपयुक्त है। हालांकि, बाजार की कमी के कारण लोग खेती में रुचि नहीं ले रहे थे। इस तरह की पहल निश्चित रूप से लोगों को खेती करने के लिए प्रोत्साहित करेगी। उन्होंने कहा कि इस पहल से न केवल किसानों की आय दोगुनी होगी बल्कि सीमा क्षेत्र के लोगों और आईटीबीपी बलों के बीच मैत्रीपूर्ण संबंध भी बनेंगे।

# वित्तीय प्रौद्योगिकी, एआई के उद्यमियों को भारत-यूरोपीय व्यापार मंच में मिले पुरस्कार



लंदन। भारत और यूरोप के बीच सीमा-पार साझेदारी को सुगम बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाने वाले अग्रणी उद्यमियों को लंदन के हाउस ऑफ लॉर्ड्स परिसर में आयोजित वार्षिक भारत-यूरोपीय व्यापार मंच (आईईबीएफ) की बैठक में पुरस्कार प्रदान किए गए।

आईईबीएफ ग्लोबल बिजनेस मीट-2024 का उद्देश्य 2047 तक विकसित अर्थव्यवस्था की ओर बढ़ने के भारत के लक्ष्य द्वारा पेश किए गए कई व्यापार और निवेश अवसरों पर प्रकाश डालना था। मेरे लिए वह बात जो ब्रिटेन और भारत को सबसे अधिक निकटता से जोड़ती है, वह यह है कि हम दो देश हैं जो भविष्य की ओर अग्रसर हैं। नारायण हाल ही में द्विपक्षीय आदान-प्रदान के लिए संसदीय प्रतिनिधिमंडल के हिस्से के रूप में भारत की यात्रा से लौटे हैं। उन्होंने कहा कि जैसा कि हम विकसित भारत के दृष्टिकोण के बारे में बात करते हैं, जिसका लक्ष्य अब से लेकर 2047 तक की अवधि में अपने सकल घरेलू उत्पाद को 10 गुना करना है, वहीं (ब्रिटेन में) सरकार का प्राथमिक मिशन आर्थिक वृद्धि है... इसलिए हमारा हित एक गहन साझा हित है। हम जो करने की कोशिश कर रहे हैं, उसमें काफी समानता है। अंतरराष्ट्रीय वित्तीय प्रणालियों की जटिलताओं से निपटने में लाखों भारतीय छात्रों और पेशेवरों की सहायता करने के उनके प्रयासों के लिए फिनटेक ऑफ द ईयर का पुरस्कार दिया गया। उन्हें यह पुरस्कार एआई-संचालित दृश्य पहचान के क्षेत्र में क्रांति लाने, छवि और वीडियो विश्लेषण के लिए अत्याधुनिक समाधान प्रदान करने के लिए दिया गया।

# भगवंत ने विश्व बैंक से मांगी मदद



चंडीगढ़। पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान ने वृद्धि तेज करने, सार्वजनिक सेवाओं में सुधार लाने और नागरिकों के लिए जीवन की समग्र गुणवत्ता को बढ़ाने के लिए विश्व बैंक से सहायता मांगी।

एक आधिकारिक बयान के मुताबिक, मुख्यमंत्री ने विश्व बैंक में भारतीय क्षेत्र के निदेशक ऑगस्ते तानो कॉमे के साथ यहां एक बैठक के दौरान पंजाब के मजबूत सुधार एजेंडे को प्रदर्शित किया। इस बैठक में मान ने वित्तीय सहायता की तलाश में प्रमुख कारकों के रूप में राजकोषीय विवेक, बेहतर शासन और बढ़ी हुई सेवा वितरण पर ध्यान केंद्रित किया। मान ने कहा कि प्रस्तावित वित्तीय सहायता से पंजाब की वृद्धि प्राथमिकताओं का समर्थन करने की उम्मीद है, जिसमें बुनियादी ढांचा विकास, मानव संसाधन विकास और सामाजिक कल्याण पहल शामिल हैं। विश्व बैंक की टीम ने मान के अलावा हरियाणा के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी के साथ भी अलग से बैठक की। इस दल में सतत विकास भारत की कार्यक्रम प्रमुख नतालिया कुलिचेंको और पर्यावरण प्रबंधक ऐनी जेनेट ग्लाउबर भी शामिल थीं। कॉमे ने बातचीत में कहा कि पंजाब को विश्व बैंक से पहला कर्ज 1961 में मिला था और उसके बाद से अब तक राज्य को एक अरब डॉलर दिए जा चुके हैं। उन्होंने कहा कि पंजाब में हमने राज्य के लिए मुख्यमंत्री की महत्वाकांक्षा पर चर्चा की। वह हमारे साथ एक शिक्षा परियोजना पर काम करने में रुचि रखते हैं।

# सेबी ने लगाया नियमों के उल्लंघन के लिए रिलायंस सिक्योरिटीज पर जुर्माना



नयी दिल्ली। पूंजी बाजार नियामक सेबी ने बाजार मानदंडों के साथ-साथ शेयर ब्रोकरों के नियमों का उल्लंघन करने के लिए रिलायंस सिक्योरिटीज पर नौ लाख रुपये का जुर्माना लगाया।

यह आदेश नियामक और शेयर बाजारों, एनएसई और बीएसई द्वारा सेबी-पंजीकृत शेयर ब्रोकर रिलायंस सिक्योरिटीज लिमिटेड (आरएसएल) के अधिकृत व्यक्तियों के खातों, रिकॉर्ड और अन्य दस्तावेजों की विषयगत ऑनसाइट जांच के बाद आया है। यह निरीक्षण यह पता लगाने के लिए किया गया था कि क्या शेयर ब्रोकर नियमों, एनएसईआईएल पूंजी बाजार विनियमों और एनएसई वायदा एवं विकल्प कारोबार मानदंडों के प्रावधानों के संबंध में आरएसएल द्वारा अपेक्षित तरीके से इनका रखरखाव किया जा रहा है। यह निरीक्षण अप्रैल, 2022 से दिसंबर, 2023 की अवधि के लिए किया गया था। निरीक्षण के निष्कर्षों के अनुसार, भारतीय प्रतिभूति एवं विनिमय बोर्ड (सेबी) ने 23 अगस्त, 2024 को आरएसएल को कारण बताओ नोटिस जारी किया। सेबी ने 47 पन्नों के आदेश में आरएसएल और उसके अधिकृत व्यक्तियों द्वारा किए गए कई उल्लंघन पाए। इनमें ग्राहक ऑर्डर नियोजन को रिकॉर्ड करने के लिए पर्याप्त तंत्र का रखरखाव न करना, टर्मिनल स्थानों में विसंगतियां और अन्य ब्रोकरों के साथ साझा किए गए कार्यालयों में अलगाव की कमी शामिल है। निरीक्षण में यह भी पाया गया कि आरएसएल अपने अधिकृत व्यक्तियों- जितेंद्र कंबाद और नैतिक शाह से जुड़े ऑफलाइन ग्राहकों के लिए आवश्यक ऑर्डर नियोजन रिकॉर्ड बनाए रखने में विफल रही। सेबी ने पारदर्शिता सुनिश्चित करने और अनधिकृत कारोबारों को रोकने के लिए ब्रोकरों को ग्राहक ऑर्डर के सत्यापन योग्य साक्ष्य बनाए रखने का आदेश दिया है।

# आवक घटने से तेल-तिलहन की कीमतों में सुधार



नयी दिल्ली। हाजिर दाम कम रहने के बीच किसानों द्वारा बाजार में अपनी उपज की आवक घटाने के कारण शनिवार को देश के प्रमुख बाजारों में सरसों एवं सोयाबीन तेल-तिलहन, कच्चा पामतेल एवं पामोलीन तथा बिनौला तेल के दाम में सुधार देखने को मिला। हाजिर दाम कम रहने और आवक बढ़ने के बीच मूंगफली तेल-तिलहन के दाम पूर्वस्तर पर बंद हुए।

बाजार सूत्रों ने कहा कि सोयाबीन की सरकारी खरीद होने के बावजूद किसानों को लग रहा है कि सरकार पूरी उपज नहीं खरीद पायेगी और इसलिए हाजिर बाजार में इनके दाम कम चल रहे हैं। किसान अधिक नीचे दाम पर अपनी उपज को बेचने से कतरा रहे हैं और इसके लिए हाजिर बाजार में आवक कम ला रहे हैं। कपास के भी मजबूत किसान अपनी फसल रोक-रोक कर बाजार में ला रहे हैं केवल कुछ किसान पैसों की मजबूरी के कारण थोड़ी बहुत मात्रा में कपास की बिक्री कर रहे हैं। इस वजह से सोयाबीन एवं सरसों तेल-तिलहन तथा बिनौला तेल के दाम में मजबूती रही। विदेशों में पाम एवं पामोलीन के दाम मजबत होने की वजह से सीपीओ और पामोलीन के दाम में सुधार है। उन्होंने कहा कि मूंगफली की आवक बढ़ने के बीच हाजिर दाम कमजोर रहने के कारण मूंगफली तेल-तिलहन के दाम पूर्वस्तर पर बने रहे। सूत्रों ने कहा कि सरकार ने शुक्रवार की रात को आयात होने वाले कुछ खाद्यतेलों का आयात शुल्क मूल्य बढ़ाया है। सरकार ने सीपीओ का आयात शुल्क मूल्य 90 रुपये क्विंटल, पामोलीन का 118 रुपये क्विंटल और सोयाबीन का आयात शुल्क मूल्य 70 रुपये क्विंटल बढ़ाया है। इस वृद्धि के बावजूद यहां मूंगफली तेल पर इसका कोई खास असर नहीं आया। मूंगफली तेल का बाजार में उठाव नहीं हो रहा है और इसका थोक भाव पामोलीन से भी नीचे चल रहा है। सरसों और मूंगफली ऐसे तेल हैं जिसका हम आयात नहीं करते बल्कि इसका निर्यात होता है। मूंगफली के निर्यात की मांग कमजोर है। सूत्रों ने कहा कि देश में सूरजमुखी, सोयाबीन और मूंगफली के हाजिर दाम, न्यूनतम समर्थन मूल्य (एमएसपी) से 10-15 प्रतिशत नीचे चल रहे हैं। देश में खाद्य तिलहनों का उत्पादन बढ़ाने के लिए इन स्थितियों पर गौर करते हुए इसका समाधान निकालना चाहिये यानी देशी तेल-तिलहन का बाजार बनाने की ओर ध्यान देने की आवश्यकता है।

# विश्व बैंक हरियाणा को पिछले 50 साल के बराबर वित्तीय सहायता देगा



चंडीगढ़। विश्व बैंक अगले पांच वर्षों में हरियाणा को पिछले 50 वर्षों के बराबर वित्तीय सहायता देगा।

विश्व बैंक के भारत में निदेशक ऑगस्टे तानो कौमे ने यह जानकारी दी। उन्होंने यहां राज्य के मुख्यमंत्री नायब सिंह सैनी और सरकारी प्रतिनिधियों के साथ एक बैठक के दौरान शिक्षा, वायु गुणवत्ता प्रबंधन और परिवहन सहित विभिन्न क्षेत्रों पर चर्चा की। विश्व बैंक की टीम ने यहां पंजाब के मुख्यमंत्री भगवंत मान के साथ एक अलग बैठक की। कैमे ने कहा कि हरियाणा में, हमारे जुड़ाव का लंबा इतिहास रहा है। हम 1971 से हरियाणा को वित्तपोषण दे रहे हैं। हमने बिजली, ऊर्जा, पानी जैसे क्षेत्रों का समर्थन किया है। उन्होंने कहा कि हमने पिछले 50 वर्षों में हरियाणा को एक अरब डॉलर का वित्तपोषण दिया है। आगामी वित्तपोषण के बारे में कौमे ने कहा कि हमने पिछले 50 वर्षों में जितना वित्तपोषण दिया है, अगले पांच वर्षों में उतना ही देंगे.... मैं इस बात को लेकर काफी उत्साहित हूं कि 2047 तक भारत को विकसित बनाने में हरियाणा की बड़ी भूमिका के लिए हम मदद कर सकते हैं। उन्होंने कहा कि हरियाणा को ऋण के रूप में सीधे दिए गए एक अरब डॉलर के अलावा राज्य को विश्व बैंक द्वारा वित्तपोषित अखिल भारतीय परियोजनाओं से भी लाभ हुआ है। सैनी ने एक बयान में कहा कि राज्य जल्द ही विश्व बैंक की सहायता से एक वैश्विक कृत्रिम मेधा (एआई) केंद्र बनेगा।

## पेज एक का शेष

### केजरीवाल से

भाजपा के शासन में दिल्ली में कानून-व्यवस्था पूरी तरह से चरमरा गई है। दिल्ली पुलिस केंद्रीय गृह मंत्रालय के अधीन काम करती है। फरवरी में प्रस्तावित विधानसभा चुनाव से पहले केजरीवाल मालवीय नगर के सावित्री नगर में एक रैली करने पहुंचे थे।

### यूपी में

20 किमी पर एंबुलेंस व रिकवरी व्हीकल और पेट्रोलिंग वाहन व क्रेन की व्यवस्था की जाए। सीएम ने कहा कि राष्ट्रीय राजमार्गों पर सभी नजदीकी अस्पतालों की मैपिंग होनी चाहिए। सीसीटीवी और स्ट्रीट लाइट की व्यवस्था सुनिश्चित की जाए। महाकुंभ जाने वाले मार्गों पर टोल प्लाजा के पास अतिरिक्त शौचालय और राष्ट्रीय राजमार्गों पर पेयजल सुविधाएं, चिकित्सा एवं यातायात सहायता पोस्ट की व्यवस्था कराई जाए। राष्ट्रीय राजमार्ग गड्ढा मुक्त हों। मुख्यमंत्री ने निर्देश दिए कि प्रदेश में नए राजमार्गों के निर्माण के लिए भूमि अधिग्रहण की कार्यवाही तेजी से पूरी की जाए।

मुख्यमंत्री ने लखनऊ-गोरखपुर, बांदा-कानपुर और गाजीपुर-वाराणसी राष्ट्रीय राजमार्ग के मरम्मत की आवश्यकता बताई। इस पर केंद्रीय सड़क परिवहन एवं राजमार्ग मंत्री ने एनएचएआई के अधिकारियों को इन सड़कों को ठीक करने के निर्देश दिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि सिद्धार्थनगर के नौगढ़ से शोहरतगढ़ होते हुए तुलसीपुर (बलरामपुर) तक के मार्ग का सुदृढ़ीकरण जरूरी है, जिस पर सहमति जताते हुए केंद्रीय मंत्री ने विभागीय अधिकारियों को आवश्यक निर्देश दिए। नितिन गडकरी ने अलीगढ़, देवीपाटन, झांसी, मिर्जापुर व सहारनपुर मंडल में रिंग रोड का प्रस्ताव तैयार किए जाने के निर्देश दिए। उन्होंने कहा कि उत्तर प्रदेश में 8 बाईपास निर्माणधीन हैं। प्रदेश के 10 जिलों औरैया, बुलंदशहर, मैनपुरी, बहराइच, बागपत, भदोही, संभल, कौशाम्बी, चंदौली और श्रावस्ती में बाईपास बनाए जाने के लिए प्रस्ताव तैयार किए जाएं। उन्होंने गोरखपुर-शामली व कानपुर-गाजियाबाद मार्ग के डीपीआर शीघ्र बनाने के निर्देश दिए।

### गुंडाराज पर

में इंफ्रास्ट्रक्चर डेवलपमेंट के लिए 209 करोड़ रुपये के विकास कार्यों का लोकार्पण और शिलान्यास किया। 1068 करोड़ रुपये के प्रस्तावित निवेश के लिए आवंटित 85 भूखंडों में से पांच निवेशकों को अपने हाथों से आवंटन प्रमाण पत्र सौंपा। गीडा स्थित नाइलिट कैम्पस से कौशल विकास का प्रशिक्षण लेने वाले युवाओं को सर्टिफिकेट वितरित किए और निवेश मित्र पोर्टल पर इंटीग्रेट होने वाली गीडा की 20 सुविधाओं का शुभारंभ किया। साथ ही, प्रदेश सरकार की निवेश प्रोत्साहन नीति के अंतर्गत दस निवेशकों को कुल 300 करोड़ रुपये का इन्वेस्टमेंट इंसेंटिव का प्रतीकात्मक चेक वितरित किए। समारोह के दौरान सीएम ने गीडा में आयोजित दो दिवसीय ट्रेड शो का भी उद्घाटन किया। मुख्यमंत्री ने कहा कि सुरक्षा के बेहतरीन माहौल, ईज ऑफ डूइंग बिजनेस, शानदार रोड, रेल और एयर कनेक्टिविटी और उद्योगों की मांग के अनुरूप सुदृढ लैंड बैंक के चलते आज प्रदेश को 40 लाख करोड़ रुपये के निवेश प्रस्ताव प्राप्त हुए हैं। इतने बड़े पैमाने पर निवेश के धरातल पर उतरने का मतलब है डेढ़ करोड़ नौजवानों को रोजगार की गारंटी। उन्होंने कहा कि यूपी के हर जिले में बेहतरीन माहौल बना है। प्रदेश में लगातार निवेश आ रहा है। यह सब सार्थक प्रयासों से संभव हुआ है।

सीएम योगी ने कहा कि प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने देश की अर्थव्यवस्था को पांच ट्रिलियन डॉलर की इकोनॉमी बनाने का लक्ष्य तय किया है। इसके लिए उत्तर प्रदेश ने 2028-29 तक एक ट्रिलियन डॉलर योगदान देने का संकल्प लिया है। इस संकल्प को पूरा करने के लिए विकास, रोजगार और निवेश भी चाहिए। मुख्यमंत्री ने कहा कि शिक्षा, स्वास्थ्य या उद्योग किसी भी क्षेत्र में किया गया निवेश महत्वपूर्ण है। पूंजी छोटी-बड़ी हो सकती है लेकिन प्रदेश सरकार निवेश का साहस करने वाले सभी निवेशकों का अभिनंदन करती है। उन्होंने कहा कि हर निवेश विकास का एक मॉडल है।

### महाराष्ट्र में

के लिए रवाना होने के बाद शुक्रवार को होने वाली महायुति की महत्वपूर्ण बैठक स्थगित कर दी गई, जो अब संभवतः रविवार को होगी। भाजपा नेता ने नाम उजागर करने की शर्त पर कहा कि नयी सरकार का शपथ ग्रहण पांच दिसंबर को होगा। भाजपा नेता ने कहा कि पार्टी के वरिष्ठ नेता फडणवीस मुख्यमंत्री पद की दौड़ में सबसे आगे हैं। भाजपा के एक और वरिष्ठ नेता ने बताया कि मुख्यमंत्री का शपथ ग्रहण समारोह दक्षिण मुंबई के आजाद मैदान में होगा। लेकिन उससे पहले दो दिसंबर को भाजपा विधायक दल का नेता चुनने के लिए बैठक होगी। शिंदे ने स्पष्ट कर दिया है कि वह अगले मुख्यमंत्री के संबंध में भाजपा नेतृत्व के निर्णय का पूरा समर्थन करेंगे और इस प्रक्रिया में बाधा नहीं बनेंगे। वहीं, अजित पवार के नेतृत्व वाली राकांपा ने मुख्यमंत्री पद के लिए फडणवीस का समर्थन किया है। विधानसभा चुनावों में कांग्रेस के नेतृत्व वाले महा विकास आघाडी (एमवीए) को करारा झटका लगा है। कांग्रेस ने राज्य विधानसभा चुनावों में अपना सबसे खराब प्रदर्शन करते हुए केवल 16 सीट जीतीं। शरद पवार की राकांपा (एसपी) केवल 10 सीट ही जीत पाई, जबकि उद्धव ठाकरे की शिवसेना (यूबीटी) ने 20 सीट जीतीं।

### संभल : 10 तक

गाजियाबाद से संभल आने से रोक दिया गया। मलिक ने कहा मेरे समझ में यह नहीं आता कि हमें क्यों रोका जा रहा है। क्या विपक्ष के नेता, सांसद इतने गैर जिम्मेदार हैं कि उन्हें राज्य के भीतर घूमने नहीं दिया जा सकता। वहीं, मुरादाबाद से सपा सांसद रुचि वीरा के आवास को पुलिस ने चारों तरफ से घेर रखा है जिससे उन्हें संभल जाने से रोका जा सके। मलिक ने कहा हमारे प्रतिनिधिमंडल में संभल से सपा सांसद जिया-उर-हमान बर्क और कैराना से लोकसभा सदस्य इकरा हसन भी शामिल हैं। हम क्या कर सकते हैं। यह सरकार एक निरंकुश शासक की तरह काम कर रही है। कोई भी संभल की तरफ ना जा सके, यह सुनिश्चित करने के लिए पुलिस द्वारा निगरानी बढ़ाए जाने से गाजियाबाद सीमा पर भारी जाम लग गया। हरेंद्र मलिक को गाजियाबाद में डिवाइडर पर बैठे देखा गया। मलिक ने कहा, मैं इस हिंसा से प्रभावित लोगों को सांत्वना देने के लिए संभल जाना चाहूंगा। लेकिन यह सरकार सभी चीजों पर अंकुश लगा रही है।

### श्रावस्ती : कार

दो लोगों की घटनास्थल पर ही मृत्यु हो गई, जबकि तीन लोगों ने इकौना सीएचसी में इलाज के दौरान दम तोड़ दिया और ऑटो में सवार शेष लोग घायल हैं। उन्होंने बताया कि सभी घायलों को बेहतर इलाज के लिए जिला अस्पताल, भिन्गा रेफर किया गया है। चौरसिया ने बताया कि मृतकों की पहचान लल्लन पाण्डेय (42), अयोध्या प्रसाद (60), रफीक (50), मुरलीधर (42) और ननके यादव (30) के रूप में हुई है। पुलिस दोनों वाहनों को कब्जे में लेकर विधिक कार्वाई कर रही है।

### मरीजों का

है। उन्होंने उत्तराखंड में स्वास्थ्य सेवाओं की उपलब्धियां बताते हुए कहा कि देश में पहली बार एयर एंबुलेंस की सेवा शुरू की है। इसका शुभारंभ धनवंतरि दिवस पर प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी ने किया। इससे सड़क हादसों के घायलों, दूरस्थ क्षेत्रों के गंभीर मरीजों को तत्कालिक चिकित्सकीय सुविधा दी जा रही है। इसके अलावा 207 पैथलॉजी जांचें निशुल्क की जा रही हैं। ई-संजीवनी सेवाएं मरीजों को दी जा रही हैं। मधुमेह, रक्तचाप, मुंह व स्तन कैंसर की भी निशुल्क जांच सुविधा दी जा रही है। सीएम ने कहा कि सिर्फ चिकित्सा ही नहीं बल्कि कई क्षेत्रों में राज्य देश के अन्य राज्यों से आगे है।

### जस्टिस सुभाष

कालरा, सीनियर एडवोकेट, हाईकोर्ट लखनऊ, मनोज कुमार द्विवेदी, जनरल सेक्रेटरी अवध बार एसोसिएशन हाईकोर्ट लखनऊ एवं बीबीडीयू के प्रो वाइस चांसलर प्रो. एससी शर्मा, डीन स्टूडेंट वेलफेयर, प्रो एसएमके रिजवी आदि उपस्थित रहे। इसके बाद सभी अतिथि जजों को श्रीमती अलका दास गुप्ता एवं विराज सागर दास द्वारा पुष्प गुच्छ एवं स्मृति चिन्ह देकर सम्मानित कर उनकी उपस्थिति के लिए आभार प्रकट किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत छात्राओं द्वारा गणेश वंदना गीतों पर नृत्य से हुआ। सीनियर एडवोकेट अरुणेश्वर गुप्ता ने ओसीआर निर्णय समाधान और मध्यस्थता सहित विषयों पर ज्ञानवर्धक जानकारी दी। आर संथानम ने मध्यस्थता के भविष्य और समाधान के विषय में विस्तार से बताया। मुख्य अतिथि जस्टिस सुभाष विद्यार्थी ने संघर्ष समाधान में मध्यस्थता की परिवर्तनकारी शक्ति पर जोर दिया एवं उसके उद्देश्यों को रेखांकित किया, जिसमें प्रभावी बातचीत से विवादों को हल करने पर जोर दिया। जस्टिस अशोक कुमार जैन ने निर्णय, समाधान और इसके प्रमुख पहलुओं पर ध्यान केंद्रित करते हुए अपने प्रभावशाली विचार रखे। उन्होंने वैधानिक और निर्माण की व्याख्या की और एक प्रभावी विवाद समाधान तंत्र के रूप में सुलह के महत्व पर प्रकाश डाला। सम्मेलन को सफल बनाने में टीम के समर्पण की सराहना की। कार्यक्रम के अंत में बीबीडीयू के प्रो वाइस चांसलर प्रो. एससी शर्मा ने सभी गणमान्य अतिथियों, डीन्स, फैकल्टी एवं छात्र-छात्राओं को धन्यवाद देते हुए उनके प्रति आभार प्रकट किया।

### पीवी सिंधु व

पर है। इस मैच के दौरान पीवी सिंधु के पिता पूर्व भारतीय वॉलीबाल खिलाड़ी अर्जुन अवार्डी पीवी रमना ने दर्शक दीर्घा में बैठकर बेटी का हौसला बढ़ाया। एकल सेमीफाइनल में शीर्ष वरीय भारत के लक्ष्य सेन ने जापान के शोगो ओगावा को 42 मिनट चले मैच में 21-8, 21-14 से हराया। पहले गेम में विश्व में 14वीं रैंकिंग लक्ष्य सेन ने प्रतिद्वंद्वी के खिलाफ दबाव बनाए। दूसरे गेम में लक्ष्य ने ब्रेक तक 11-4 से बढ़त बना ली थी। वहीं 68वीं रैंकिंग जापानी खिलाड़ी ने तेज सर्विस से अंक जुटाए लेकिन यहां भी लक्ष्य उन पर भारी पड़े। राष्ट्रमंडल खेल 2022 के स्वर्ण विजेता और विश्व चैंपियनशिप 2021 के कांस्य विजेता लक्ष्य सेन ने अपना आखिरी फाइनल कनाडा ओपन 2023 मे खेला था और वह अब फाइनल में पहुंचे है। लक्ष्य की फाइनल में चौथी वरीय सिंगापुर के जिया हेंग जेसन तेह से टक्कर होगी जिन्होंने दूसरी वरीय भारत के प्रियांशु राजावत को 21-13, 21-19 से हराया। महिला युगल में दूसरी वरीय भारत की त्रिशा जॉली व गायत्री गोपीचंद पुलेला ने एक घंटा तीन मिनट चले मुकाबले में तीसरी वरीय थाईलैंड की बेन्यापा एम्सार्ड व नुंटाकर्ण एम्सार्ड को 18-21, 21-18, 21-10 से हराया। बीडब्लूएफ वर्ल्ड टूर फाइनल्स के लिए क्वालीफाई कर चुकी त्रिशा व गायत्री की जोड़ी की अब निगाह मोदी बैडमिंटन टूनार्मेंट में पहला महिला युगल का पहला विजेता बनने पर है। दूसरे सेमीफाइनल में पिछले संस्करण की उपविजेता शीर्ष वरीय भारत की अश्विनी पोनप्पा व तनीषा क्रैस्टो को तीन गेम तक चले मैच में हार मिली। उन्हें चीन के बाओ ली जिंग व ली कियान ने 14-21, 21-16, 21-13 से हराया। मिश्रित युगल सेमीफाइनल में पांचवीं वरीय भारत के ध्रुव कपिला व तनीषा क्रैस्टो ने चीन के चौथी वरीय झोऊ जी होंग व जिया यी को 21-16, 21-15 से हराया। ध्रुव व तनीषा के सामने अब छठीं वरीय थाईलैंड के डी.पुवारानुक्रोह व सुपिसारा पेवसम्प्रान होंगे। पुरुष युगल में भारत के साई प्रतीक व पृथ्वी कृष्णामूर्ति के.राय ने भारत के ही इशान भटनागर व शंकर प्रसाद उदयकुमार को 21-17, 17-21, 21-16 से हराया। साई प्रतीक व प्रथ्वी की अब फाइनल में चीन के हुआंग डी व लियू यांग से टक्कर होगी।

# तमिलनाडु की ओर बढ़ रहा 'फेंगल'

## चेन्नई हवाई अड्डे पर दोपहर 12.30 बजे से शाम सात बजे तक विमानों का परिचालन स्थगित कर दिया गया

एजेंसी



चेन्नईपुडुचेरी। चक्रवात फेंगल के प्रभाव से शनिवार को उत्तरी तमिलनाडु और पुडुचेरी के कई हिस्सों में भारी बारिश हुई, जिससे सामान्य जनजीवन प्रभावित हुआ और लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। मूसलाधार बारिश के साथ तेज हवाएं भी चलीं। उन्नतीस नवंबर की रात को तटीय क्षेत्रों में रुक-रुककर बारिश शुरू हुई, जो धीरे-धीरे लगातार तेज होती चली गई और कई क्षेत्रों में जलभराव हो गया।

चेन्नई हवाई अड्डे पर दोपहर 12.30 बजे से शाम सात बजे तक विमानों का परिचालन स्थगित कर दिया गया है। पड़ोसी केंद्र शासित प्रदेश पुडुचेरी में निचले इलाकों में रहने वाले लोगों को सुरक्षित स्थानों पर पहुंचाया गया। फेंगल के पहुंचने के अनुमान के मद्देनजर, केंद्र शासित प्रदेश प्रशासन ने करीब 12 लाख निवासियों को एसएमएस के जरिये अलर्ट भेजकर उन्हें सतर्क रहने को कहा है। चेन्नई में, तमिलनाडु के मुख्यमंत्री एम के स्टालिन ने राज्य आपातकालीन परिचालन केंद्र में शीर्ष अधिकारियों के साथ स्थिति की समीक्षा की और बाद में संवाददाताओं से कहा कि सभी एहतियाती कदम पहले ही उठा लिये गए हैं तथा संवेदनशील क्षेत्रों के लोगों के लिए शिविर स्थापित किए गए हैं। उन्होंने कहा कि लोगों को भोजन भी वितरित किया जा रहा है। इसके अलावा, उन्होंने एक पंपिंग स्टेशन का भी निरीक्षण किया। भारी बारिश के चलते शहर के कई इलाकों में जलभराव हो गया और पेड़ उखड़ गए। ग्रेटर चेन्नई कॉरपोरेशन (जीसीसी) के अधिकारियों ने कहा कि इंजीनियरों, अधिकारियों और सफाई कर्मचारियों सहित 22,000 कर्मचारी काम पर हैं और 25-एचपी और 100-एचपी सहित विभिन्न क्षमताओं के कुल।,686 मोटर पंप इस्तेमाल किए जा रहे हैं।

ट्रैक्टर पर लगे 484 हैवी-ड्यूटी पंप और 100-एचपी क्षमता वाले 137 पंप लगाए गए हैं। जीसीसी ने कहा कि 134 स्थानों पर जलभराव को दूर करने के लिए युद्ध स्तर पर काम चल रहा है। शहर की पेयजल आवश्यकताओं को पूरा करने वाले चेम्बरमबक्कम और पूंडी जैसे जलाशयों में बड़ी मात्रा में जलप्रवाह हुआ। निचले इलाके मदीपक्कम के कई निवासियों ने अपनी कारों को पास के वेलाचेरी फ्लाईओवर के दोनों ओर पार्क किया। कुछ और इलाकों के निवासियों ने भी अपने वाहनों को सुरक्षित स्थानों पर पार्क किया है। सड़कें काफी हद तक सुनसान हैं और संवेदनशील जगहों पर तैनात नागरिक कार्यकर्ता, पुलिस और अग्निशमन तथा बचावकर्मी बारिश से संबंधित राहतबचाव कार्य में जुटे हैं।

# कश्मीर के ऊंचे इलाकों में बर्फबारी



श्रीनगर। कश्मीर में अधिकतर जगहों पर रात का तापमान शून्य से ऊपर होने के बावजूद घाटी के ऊंचाई वाले इलाकों में पर्यटन शहरों सहित कई स्थानों पर शनिवार को ताजा बर्फबारी हुई। अधिकारियों ने बताया कि पश्चिमी विक्षोभ के प्रभाव के कारण कश्मीर में ऊंचाई वाले कई स्थानों पर ताजा बर्फबारी हुई।

दक्षिण कश्मीर के अनंतनाग जिले के प्रसिद्ध पर्यटन स्थल पहलगाम में इस मौसम की पहली बर्फबारी हुई। गुलमर्ग और सोनमर्ग सहित अन्य पर्यटन स्थलों पर भी बर्फबारी हुई। अधिकारियों के मुताबिक, गुरेज, जोजिला अक्ष और कुछ अन्य ऊपरी इलाकों में भी बर्फबारी की खबर है। उन्होंने बताया कि जोजिला अक्ष पर बर्फबारी के कारण श्रीनगर-लेह राजमार्ग अवरुद्ध हो गया। मौसम कार्यालय ने कहा कि शनिवार को घाटी में बादल छाए रहने और ऊंचाई वाले इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी होने का अनुमान है। कार्यालय के अनुसार, रविवार को कश्मीर में आंशिक रूप से बादल छाए रहेंगे और ऊंचाई वाले इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी की संभावना है। कार्यालय के मुताबिक, दो दिसंबर से दो दिनों तक ऊंचाई वाले स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी होने की संभावना है। मौसम कार्यालय ने कहा कि चार से सात दिसंबर के दौरान मौसम आम तौर पर शुष्क रह सकता है, जिसके बाद आठ दिसंबर को ऊंचाई वाले इलाकों में अलग-अलग स्थानों पर हल्की बारिश या बर्फबारी संभव है। इस बीच, अधिकारियों ने बताया कि पूरे कश्मीर में बादल छाए रहने के कारण रात का तापमान बढ़ गया और अधिकतर स्थानों पर पारा शून्य से ऊपर है। उन्होंने बताया कि श्रीनगर में न्यूनतम तापमान एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया, जबकि पिछली रात यह शून्य से एक डिग्री नीचे चला गया था। अधिकारियों के अनुसार, दक्षिण कश्मीर में घाटी के प्रवेश द्वार काजीगुंड शहर में तापमान शून्य से 0.4 डिग्री सेल्सियस नीचे दर्ज किया गया।

## संक्षेप

### आयरलैंड में चुनाव के बाद गठबंधन सरकार बनने की संभावना : एग्जिटपोल

डबलिन। आयरलैंड के संसदीय चुनाव के बाद शुक्रवार देर रात जारी एग्जिट पोल (मतदान बाद सर्वेक्षण) के नतीजों से पता चलता है कि तीन सबसे बड़े दलों ने लगभग बराबर सीट जीती हैं और देश में एक बार फिर गठबंधन सरकार बनने की संभावना है। शुक्रवार रात 10 बजे मतदान समाप्त होने के बाद जारी सर्वेक्षण में कहा गया कि दक्षिणपंथी पार्टी फाइन गाएल 21 प्रतिशत मतदाताओं की पहली पसंद है जबकि इसकी गठबंधन सहयोगी फियाना फेल 19.5 प्रतिशत मतदाताओं की प्राथमिकता है। सर्वेक्षण में वामपंथी विपक्षी सिन फेन को 21.1 प्रतिशत मतदाताओं ने पहली पसंद के रूप में चुना। पोलस्टर इप्सोस बीएंडए ने देशभर के 5,018 मतदाताओं को इस सर्वेक्षण में शामिल किया। ये आंकड़े सटीक रूप से यह नहीं बताते कि अगली सरकार कौन सी पार्टी बनाएगी। मतपत्रों की गिनती शनिवार सुबह शुरू होगी और पूरे नतीजे आने में कई घंटे से लेकर कई दिन तक का समय लग सकता है। हालांकि सिन फेन संसद के 174 सदस्यीय निचले सदन डेल में सबसे बड़ी पार्टी बन सकती है, लेकिन सरकार बनाने के लिए उसे गठबंधन सहयोगी पाने में संघर्ष करना पड़ सकता है।

# उत्तर कोरिया देगा रूस को मजबूत समर्थन, लिया संकल्प

सियोल। उत्तर कोरिया के नेता किम जोंग उन ने रूस के रक्षा प्रमुख से मुलाकात के दौरान कहा कि उनका देश यूक्रेन में जारी युद्ध में रूस का हमेशा समर्थन करेगा। उत्तर कोरिया के सरकारी मीडिया ने शनिवार को यह जानकारी दी। रूस के रक्षा मंत्री आंद्रेई बेलौसोव के नेतृत्व में रूसी सैन्य प्रतिनिधिमंडल शुक्रवार को उत्तर कोरिया पहुंचा। उत्तर कोरिया ने पिछले महीने रूस में हजारों सैन्यबल भेजे थे। इसके बाद से दोनों देशों के बीच मजबूत हो रहे सहयोग को लेकर अंतरराष्ट्रीय चिंता बढ़ने के बीच रूसी रक्षा मंत्री ने यह यात्रा की है। आधिकारिक कोरियन सेंट्रल न्यूज एजेंसी ने बताया कि किम और बेलौसोव शुक्रवार की बैठक में अंतरराष्ट्रीय सुरक्षा के संदर्भ में तेजी से बदलते माहौल के मद्देनजर रणनीतिक साझेदारी को मजबूत करने और प्रत्येक देश की संप्रभुता, सुरक्षा संबंधी हितों एवं अंतरराष्ट्रीय न्याय की रक्षा करने पर संतोषजनक रूप से सहमत हुए। केसीएनए के अनुसार, किम ने कहा कि उत्तर कोरिया साम्राज्यवादियों के आधिपत्य स्थापित करने के प्रयासों से रूस की संप्रभुता और क्षेत्रीय अखंडता की रक्षा करने की रूसी संघ की नीति का हमेशा समर्थन करेगा।

# राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें युवा : बिरला

एजेंसी



फरीदाबाद। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने शनिवार को युवाओं का आह्वान करते हुए कहा कि वे देश के सभ्य नागरिक के रूप में विकसित भारत बनाने का संकल्प लेकर राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। लोकसभा अध्यक्ष यहां स्थित मानव रचना विश्वविद्यालय के 10वें दीक्षांत समारोह को बतौर मुख्य अतिथि संबोधित कर रहे थे। उन्होंने छात्रों से कहा कि शिक्षा ग्रहण करने के बाद आप जीवन में नए कैरियर की शुरुआत करने जा रहे हैं, ऐसे में अपनी भारतीय संस्कृति की विरासत को आधार मानते हुए राष्ट्र निर्माण में अपना योगदान दें। बिरला ने कहा कि वैश्विक चुनौतियों का समाधान करने की दिशा में भारत आज बड़ी शक्ति के रूप में उभरकर सामने आया है। समारोह में स्नातक, स्नातकोत्तर व पीएचडी की करीब 1500 से अधिक डिग्री प्रदान की गईं। साथ ही विभिन्न क्षेत्रों में उल्लेखनीय प्रदर्शन करने वाले प्रतिभावान विद्यार्थियों को सम्मानित भी किया गया। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने कहा आज पूरी दुनिया में भारत की अतुल्य पहचान है। शासन चलाने की सर्वश्रेष्ठ पद्धति भारत की है और यही कारण है कि दुनिया के अन्य देश भारत का अनुकरण कर रहे हैं। लोकतंत्र की मजबूत ताकत ही है कि हमारा भारत 21वीं सदी में हर क्षेत्र में नए कीर्तिमान स्थापित कर रहा है। उन्होंने युवाओं को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि भारत की संस्कृति, ज्ञान, कौशल और सामर्थ्य के आधार पर वे विश्व स्तर पर स्वर्णिम भविष्य की कल्पना को साकार कर सकते हैं।

# भाजपा लोकतांत्रिक मानदंडों का पालन नहीं करती : प्रियंका



एजेंसी

कोझिकोड (केरल)। चुनावी जीत के बाद पहली बार केरल के दो-दिवसीय दौरे पर पहुंचीं वायनाड से कांग्रेस सांसद प्रियंका गांधी वाद्रा ने शनिवार को भाजपा पर हमला करते हुए आरोप लगाया कि वह राजनीतिक लड़ाई में भी सामान्य लोकतांत्रिक मानदंडों का पालन नहीं करती।

प्रियंका ने भाजपा के व्यवहार की तुलना जुलाई में वायनाड में हुए भूस्खलन से की और कहा कि प्राकृतिक आपदा की तरह भाजपा का आचरण किसी नियम और किसी लोकतांत्रिक मानदंड का पालन नहीं करता, जिनका आमतौर पर राजनीतिक लड़ाई में पालन किया जाता है। यहां मुक्कम में अपने भाई और लोकसभा में विपक्ष के नेता राहुल गांधी के साथ एक संयुक्त जनसभा को संबोधित करते हुए प्रियंका ने कहा, आज हम (भाजपा से) जिन राजनीतिक चुनौतियों का सामना कर रहे हैं, वे भूस्खलन की तरह हैं। उनका कोई नियम नहीं हैं। उन्होंने कहा (केंद्र में) सत्तारूढ़ पार्टी भाजपा का व्यवहार किसी भी लोकतांत्रिक मानदंड का पालन नहीं करता, यहां तक कि उन मानदंडों को भी नहीं जिनका हम आम तौर पर राजनीतिक लड़ाई में पालन करते हैं। कांग्रेस सांसद ने यह भी आरोप लगाया कि संस्थाओं को नष्ट किया जा रहा है, जिससे चुनावी प्रक्रिया और हमारे देश को एकजुट रखने वाली संस्थाओं में लोगों का बुनियादी विश्वास डगमगा रहा है। प्रियंका ने वायनाड लोकसभा क्षेत्र के लोगों को आश्वासन दिया कि वह संसद में उनकी आवाज उठाती रहेंगी। उन्होंने कहा, मैं संसद में आपकी आवाज उठाऊंगी, मैं आपकी समस्याओं को हल करने का प्रयास करूंगी। आपके विश्वास, मूल्य और आकांक्षाएं हैं।

# श्रीलंका में मौसम की मार, 15 की मौत

एजेंसी



कोलंबो। दक्षिण-पश्चिमी बंगाल की खाड़ी के ऊपर बने गहरे दबाव के प्रभाव से उत्पन्न हुई प्रतिकूल मौसम स्थिति के कारण श्रीलंका में 15 लोगों की मौत हो गई। आपदा प्रबंधन केंद्र (डीएमसी) ने यह जानकारी दी। डीएमसी ने कहा कि देश में बाढ़, तेज हवाओं और भूस्खलन से 4,50,000 से अधिक लोग प्रभावित हुए हैं तथा अब तक 15 लोगों की मौत हो चुकी है।

इसने बताया कि सबसे अधिक 10 मौतें पूर्वी प्रांत में हुईं। मौसम विभाग के अधिकारियों ने कहा कि पूर्वी प्रांत में कहर बरपाने वाला चक्रवाती तूफान शनिवार को बाद में भारत के दक्षिणी राज्य तमिलनाडु की ओर बढ़ेगा। इसके बाद देश में मौसम की स्थिति में सुधार हो सकता है। मौसम विभाग ने कहा कि हालांकि, उत्तर, उत्तर मध्य और पूर्वी त्रिंकोमाली जिलों में 100 मिलीमीटर से अधिक बारिश की संभावना है। देश के कुछ हिस्सों में 60 किलोमीटर प्रति घंटे से अधिक की रफ्तार से हवा चलने की भी संभावना है। इस बीच, पुलिस ने बताया कि उसने पूर्वी शहर समनथुराई में ट्रैक्टर पर जाते समय बाढ़ के कारण हुई छह छात्रों की मौत के मामले में एक स्कूल के प्रधानाचार्य और एक शिक्षक को गिरफ्तार किया है। प्रधानाचार्य ने बस नहीं होने के कारण छात्रों को ट्रैक्टर से जाने के लिए कहा था।

# एनआईए की जांच के दायरे में अरम्बाई टेंगोल प्रमुख और कुकी उग्रवादी

गुवाहाटी। मेइती कट्टरपंथी संगठन अरम्बाई टेंगोल के प्रमुख कोरोउ नगांबा खुमान और कुकी उग्रवादी राष्ट्रीय अन्वेषण अभिकरण (एनआईए) की जांच के दायर में हैं, जिसे संघर्षग्रस्त मणिपुर में सुरक्षा बलों पर हमलों और आईईडी विस्फोट के चार मामलों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी गई है। इन चार मामलों में इंफाल में प्रथम मणिपुर राइफल्स परिसर से हथियार और गोला-बारूद की लूट, मोरेह में भारतीय रिजर्व बटालियन चौकी पर हमला और बिष्णुपुर में आईईडी विस्फोट शामिल हैं। गृह मंत्रालय के आतंकवाद एवं कट्टरपंथ रोधी प्रभाग ने हाल ही में एनआईए को चारों मामलों की जांच की जिम्मेदारी सौंपी थी। एनआईए की ओर से उच्चतम न्यायालय में दायर हस्तांतरण याचिका की एक प्रति में कहा गया है, खुमान से जुड़ा पहला मामला पिछले साल एक नवंबर को हुई एक घटना से संबंधित है, जब फेसबुक पेज कोरू नगांबा खुमान के जरिए मणिपुरी भाषा में किए गए एक आह्वान पर उसके नेतृत्व में बड़ी संख्या में अरम्बाई टेंगोल के सदस्य अत्याधुनिक हथियारों से लैस होकर, छद्म वर्दी व काले रंग की शर्ट पहनकर कई हल्के वाहनों में आए और इंफाल पूर्वी जिले के पैलेस कंपाउंड में एकत्र हुए।

## इंटरटेनमेंट...

# अल्लू अर्जुन की 'पुष्पा-2' का प्रमोशनल इवेंट



**मुंबई।** अल्लू अर्जुन की मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2:द रूल, 5 दिसंबर को सिनेमाघरों में रिलीज हो रही है। इस फिल्म के प्रमोशन के लिए एक इवेंट का आयोजन किया गया था, जहां फिल्म की कास्ट समेत मेकिंग से जुड़े कई लोग भी शामिल हुए। इस दौरान एक्टर अल्लू अर्जुन ने टी-सीरीज के मालिक भूषण कुमार की तारीफों में पुल बांधे। अल्लू ने कहा है कि वो हमेशा से चाहते थे कि उनके गाने भी टी-सीरीज रिलीज करे।

अल्लू अर्जुन ने मंच पर कहा, बीते कई सालों से मैं भूषण कुमार जी को काफी पसंद करता हूं, उन्होंने देश को म्यूजिक दिया है। उन्होंने लोगों की जिंदगी में उत्साह भरा है। भूषण जी, आपको यहां देखकर खुशी हुई। मैं पिछले कई सालों से ये सोचता आया हूं कि मेरी एल्बम को टी-सीरीज जैसे बड़े पेज पर रिलीज किया जाना चाहिए, क्योंकि उसकी पहुंच बहुत ज्यादा है। और आज जब पुष्पा के लिए ये हो रहा है तो मेरा दिल बहुत उत्साह से भर आया है। मुझे इससे पहले ये कहने का कभी मौका नहीं मिला। इस प्रमोशनल इवेंट में अल्लू अर्जुन, रश्मिका मंदाना, डायरेक्टर सुकुमार, भूषण कुमार समेत कई लोग शामिल हुए थे। बताते चलें कि फिल्म पुष्पा-2: द रूल के म्यूजिक राइट टी-सीरीज ने 65 करोड़ रुपए में खरीदे हैं। फिल्म के तीन गाने पुष्पा-पुष्पा, सूसेकी और किसिक रिलीज हो चुके हैं। वहीं इस फिल्म का अगला गाना पीलिंग 1 दिसंबर को रिलीज किया जाएगा। 5 दिसंबर को रिलीज होगी पुष्पा-2 बता दें, फिल्म 'पुष्पा 2' 5 दिसंबर को तमिल, तेलुगु, हिंदी, कन्नड़, बंगाली और मलयाली भाषा में रिलीज होगी। ये पहली पैन इंडिया फिल्म है, जो बांग्ला में भी रिलीज होगी। फिल्म को स्टैंडर्ड, 3ऊ, कटअ, 4ऊ, ऊ-इड फॉर्मेट में रिलीज किया जाएगा।

फिल्म के लिए अलग-अलग क्लाइमैक्स किए गए शूट 500 करोड़ के मेगा बजट में बनी फिल्म पुष्पा 2 के मेकर्स ने इसके अलग-अलग क्लाइमैक्स शूट किए हैं। ताकि फिल्म से जुड़ा कोई स्पॉयलर लीक न हो। शूट किए गए सभी क्लाइमैक्स में से मेकर्स कौन सा फाइनल करेंगे, इसकी जानकारी सेट पर किसी को नहीं है। साथ ही सेट पर नो फोन पॉलिसी भी रखी गई थी। अल्लू अर्जुन की मोस्ट अवेटेड फिल्म पुष्पा 2: द रूल ट्रेलर सामने आने से लगातार सुर्खियों में है।

# अतुल श्रीवास्तव ने कभी मुन्नाभाई एमबीबीएस में किया छोटा रोल

**मुंबई।** अतुल श्रीवास्तव हाल के सालों में सलमान खान, कार्तिक आर्यन और राजकुमार राव के पिता के रोल में दिखे हैं। इनकी लेटेस्ट फिल्म स्त्री-2 है। अतुल श्रीवास्तव, एक ऐसा एक्टर जिन्होंने खुद से सिर्फ 4 साल छोटे सलमान खान के पिता का रोल किया। फिल्म थी बजरंगी भाईजान। सलमान को इनका काम इतना पसंद आया कि उन्होंने अपनी अगली दो फिल्मों में इन्हें काम दे दिया। अतुल श्रीवास्तव ने टीवी शो फौजी के लिए शाहरुख खान का मेकअप किया था। समय का चक्र ऐसा चला कि कई साल बाद उन्होंने शाहरुख खान के साथ फिल्म भूतनाथ में काम किया। मूल रूप से लखनऊ के रहने वाले अतुल कोविड के दौर में बिल्कुल अकेले हो गए थे। उनके दो सगे छोटे भाई इस बीमारी से लड़ते हुए चल बसे। खुद अतुल की भी कंडीशन खराब थी। कुछ भी हो सकता था।

# पोर्नोग्राफी मामले में शिल्पा का नाम आने से भड़के राज



मुंबई। 29 नवंबर को पोर्नोग्राफी मामले में राज कुंद्रा- शिल्पा शेट्टी के घर में एनफोर्समेंट डायरेक्टोरेट का छापा पड़ा था। राज कुंद्रा के दफ्तर में भी छापेमारी हुई थी। हालांकि, अब इस मामले में शिल्पा शेट्टी का नाम आने पर राज कुंद्रा ने भड़ककर एक स्टेटमेंट दिया है। उन्होंने कहा है कि बार-बार पत्नी का नाम घसीटा जाना बर्दाश्त नहीं किया जाएगा।

राज कुंद्रा ने अपने ऑफिशियल इंस्टाग्राम अकाउंट से एक स्टोरी पोस्ट की है, जिसमें लिखा है, उनके लिए जिसका इससे संबंध हो। मीडिया को ड्रामा करने का शौक है, तो चलिए रिकॉर्ड बनाते हैं। मैं पिछले 4 सालों से चल रही जांच में पूरी तरह से सहयोग कर रहा हूं। जहां तक सहयोगियों के दावे, पोर्नोग्राफी और मनी लॉन्ड्रिंग का सवाल है, तो बस इतना ही कहना चाहिए कि किसी भी लेवल की सनसनीखेज बातें विश्वास को धूमिल नहीं करेंगी।

# दिबाकर बनर्जी की 'तीस' नहीं हो पाई थी रिलीज



मुंबई। डायरेक्टर दिबाकर बनर्जी की फिल्म तीस इस साल धर्मशाला इंटरनेशनल फिल्म फेस्टिवल में दिखाई गई। हाल ही में उन्होंने एक इंटरव्यू में फिल्म के बारे में बात की। दिबाकर ने कहा कि नेटफ्लिक्स ने उनकी फिल्म रिलीज करने से मना कर दिया था, जिसके कारण उन्हें काफी डिप्रेशन हो गया था। इसका असर उनकी पर्सनल लाइफ पर भी पड़ा था। दिबाकर की मानें तो अब वह फिल्म के लिए डिस्ट्रीब्यूटर्स ढूंढ़ रहे हैं, लेकिन अभी तक उन्हें कोई नहीं मिला है। मनीकंट्रोल से हुई बातचीत में दिबाकर बनर्जी से पूछा गया कि जब नेटफ्लिक्स ने फिल्म तीस की रिलीज रोक दी थी, तो उन्हें कैसा महसूस हुआ।

उन्होंने कहा, 'जब नेटफ्लिक्स ने मेरी फिल्म तीस को रिलीज करने से मना कर दिया था, तब मैं काफी चिड़चिड़ा हो गया था। डिप्रेशन में तो रहता ही था, और साथ ही मुझे गुस्सा भी बहुत आता था। इसका असर मेरी असल जिंदगी पर भी पड़ा। मेरी दोनों बेटियां कहती थीं, 'पापा, तुम हमेशा गुस्से में रहते हो।' इसके बाद मैंने थेरेपी शुरू की और फिर मैं ठीक हो गया। दिबाकर ने कहा 'जब तीस फिल्म बन रही थी, तब खुद नेटफ्लिक्स ने इसमें हमारी मदद की थी। उनकी तरफ से कोई बड़ी समस्या नहीं आई थी। लेकिन हां, कास्टिंग और फिल्म में कुछ बदलाव को लेकर कुछ बहस जरूर हुई थी। हालांकि, वह मामला भी सुलझ गया था। लेकिन फिर अचानक नेटफ्लिक्स की पूरी टीम बदल गई, और जैसा कि कॉर्पोरेट में अक्सर होता है, पिछली टीम के सभी फैसले या तो बदल दिए जाते हैं या फिर स्थगित कर दिए जाते हैं।




Viraj
आर.एन.आई.नं.-यू.पी.-हिन/2006/18901 विराज प्रकाशन प्रा.लि. हेतु मुद्रक एवं प्रकाशक आर.के. अग्रवाल द्वारा एक्सप्रेस हाऊस, 1/5, विशाल खण्ड, गोमती नगर, लखनऊ से मुद्रित एवं प्रकाशित। **कार्यकारी सम्पादक : मनोज कुमार बाजपेयी**
(पी.आर.बी.एक्ट के तहत समाचारों के चयन हेतु उत्तरदायी) समस्त विवाद लखनऊ न्यायालय के अधीन। फोन कार्यालय : 0522-4059441, 4059442, 4059443 : ई-मेल : voiceoflucknow@gmail.com